{ विश्वास वही रफ्तार नई }

बालाघाट
शुक्रवार 06 मार्च 2026
चैत्र कृष्ण 03 विक्रम सम्वत 2082
वर्ष 16, अंक 160
पृष्ठ 12
मूल्य ₹ 7.00

PMG पद्मेश मीडिया समूह का प्रकाशन

# बालाघाट एक्सप्रेस

हिन्दी दैनिक

/padmeshmedia /padmeshmedia epaper.balaghatexpress.in E-mail: balaghatexpress@gmail.com

## खास खबर

### कांग्रेस के विधायक भाजपा में शामिल

गुवाहाटी। असम में विधानसभा चुनावों से पहले कांग्रेस के तीन वर्तमान विधायक कमलाख्या डे पुरकायस्थ, शशिकांत दास और बसंत दास भाजपा में शामिल हुए। मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा की मौजूदगी में गुरुवार को कांग्रेस के पूर्व संयुक्त सचिव परशा बॉब कलिता और तृणमूल कांग्रेस के पूर्व महासचिव कंकन नाथ ने भी भाजपा से जुड़े। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट किया कि ये विधायक पिछले दो वर्षों से सरकार का समर्थन कर रहे थे। अब बिना किसी शर्त के औपचारिक रूप से पार्टी में आए हैं। उन्होंने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आज तीन कांग्रेस विधायक हमारी पार्टी में शामिल हुए हैं। यह भाजपा के लिए एक बड़ा दिन है। मुझे यकीन है कि ये भाजपा की बढ़ती लोकप्रियता और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति लोगों के सम्मान को दिखाता है।

### नक्सली गणपति नेपाल से हुआ गिरफ्तार

जगदलपुर। नक्सलियों के ब्रेन (दिमाग) कहे जाने वाले गणपति को आखिरकार पुलिस ने नेपाल से गिरफ्तार कर लिया है, पुलिस की इस बड़ी उपलब्धि से नक्सलियों को काफी बड़ा झटका लगा है। इसके अलावा नक्सलियों की एक और टीम पुलिस के सामने समर्पण कर सकती है। बता दें कि दुर्दांत नक्सली और नक्सलियों का ब्रेन कहा जाने वाला गणपति नेपाल से गिरफ्तार किया गया है। गणपति पोलित ब्यूरो मेंबर होने के साथ ही साथ 2004 से 2018 तक सेंट्रल कमेटी का सचिव था, गणपति के अचानक से गिरफ्तार होने से नक्सलियों को बड़ा झटका लगा है, पुलिस जवानों के ऊपर होने वाले कई हमले में गणपति का नाम हमेशा सामने आया है। गणपति की तलाश काफी लंबे से पुलिस कर रही थी, जिसके लिए अलग-अलग टीमों को लगाने के साथ ही उसकी जांच की जा रही थी, ऐसे में गणपति की गिरफ्तारी नक्सलियों की टीम को बड़ा झटका देने वाली है।

### कतर से भारत की कई फ्लाइट रद्द, युद्ध के बीच भारतीय दूतावास ने जारी की एडवाइजरी

नई दिल्ली। ईरान-इजराइल और अमेरिका के युद्ध के बीच कतर के दोहा स्थित भारतीय दूतावास ने एडवाइजरी जारी की है। भारतीय दूतावास ने एक्स पर पोस्ट करते हुए लिखा कि कतर के हवाई क्षेत्र के बंद होने के कारण हमाद अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे से उड़ानें अस्थायी रूप से निलंबित रहेंगी। कतर एयरवेज और अन्य एयरलाइंस की उड़ानें भी निलंबित रहेंगी। यात्रियों को सलाह दी जाती है कि वे अपनी यात्रा को पुनर्निर्धारित करने के लिए संबंधित एयरलाइंस से संपर्क में रहें। भारतीय दूतावास कतर में भारतीय नागरिकों की सुरक्षा और कुशलक्षेम तय करने के लिए कतर के अधिकारियों और समुदाय के नेताओं के साथ मिलकर काम कर रहा हैं।

### आईआरआईएस डेना को डुबोए जाने की घटना पर भारत चुप

नई दिल्ली। हिंद महासागर में अमेरिकी पनडुब्बी द्वारा ईरानी युद्धपोत आईआरआईएस डेना को डुबोए जाने की घटना ने भारत में एक बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा किया है। कांग्रेस महासचिव और राज्यसभा सांसद जयराम रमेश ने मामले पर केंद्र सरकार की चुप्पी को आड़े हाथों लेकर अब तक की सबसे डरपोक और भयभीत सरकार बताया है। कांग्रेस नेता रमेश ने मोदी सरकार के रुख की कड़ी आलोचना की। उन्होंने कहा कि अमेरिकी कार्रवाई के भारत के लिए बेहद गंभीर निहितार्थ हैं, लेकिन ताज्जुब है कि अब तक कोई आधिकारिक प्रतिक्रिया नहीं आई है।

## बिहार समेत नौ प्रदेशों में बदलाव

नई दिल्ली । देश में कई राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के राजभवनों में बड़ा प्रशासनिक बदलाव किया गया है। राष्ट्रपति ने पश्चिम बंगाल के राज्यपाल डॉ. सीवी आनंद बोस का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। इसके साथ ही कई राज्यों में नौ राज्यपाल और उपराज्यपालों की नियुक्ति भी की गई है। इस फैसले के तहत अलग-अलग राज्यों में जिम्मेदारियों में बदलाव किया गया है। नए आदेश के बाद कई वरिष्ठ नेताओं और पूर्व अधिकारियों को महत्वपूर्ण सांविधानिक पदों की जिम्मेदारी दी गई है।





| नाम | नया पद | प्रदेश / केंद्र शासित प्रदेश |
|---|---|---|
| शिव प्रताप शुक्ल | राज्यपाल | तेलंगाना |
| जिष्णु देव वर्मा | राज्यपाल | महाराष्ट्र |
| नंद किशोर यादव | राज्यपाल | नगालैंड |
| जनरल (सेवानिवृत्त) सैयद अता हसनैन | राज्यपाल | बिहार |
| आर. एन. रवि | राज्यपाल | पश्चिम बंगाल |
| राजेंद्र विश्वनाथ आर्लेकर | अतिरिक्त प्रभार-राज्यपाल | तमिलनाडु |
| कविंदर गुप्ता | राज्यपाल | हिमाचल प्रदेश |
| विनय कुमार सक्सेना | उपराज्यपाल | लद्दाख |
| तरनजीत सिंह संधू | उपराज्यपाल | दिल्ली |

### फिनलैंड के राष्ट्रपति के साथ बैठक के बाद पीएम मोदी बोले...

## इजराइल-ईरान जंग जल्द खत्म हो

### -सैन्य संघर्ष किसी समस्या का समाधान नहीं



नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को दिल्ली में मिडिल ईस्ट और यूक्रेन में जारी जंग को जल्दी खत्म करने की अपील की। उन्होंने कहा कि सैन्य संघर्ष से कोई भी मसला हल नहीं हो सकता। भारत सभी विवादों के शांतिपूर्ण समाधान और शांति स्थापित करने की कोशिशों का समर्थन करता रहेगा। पीएम ने यह बात फिनलैंड के राष्ट्रपति अलेक्जेंडर स्टब के साथ द्विपक्षीय वार्ता के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। हम इस बात पर सहमत हैं कि सिर्फ सैन्य संघर्ष से कोई भी समस्या हल नहीं हो सकती।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि एक स्वस्थ ग्रह हमारी साझा प्राथमिकता है। हमें खुशी है कि इस वर्ष हम फिनलैंड के साथ मिलकर भारत में विश्व चक्रीय अर्थव्यवस्था मंच की मेजबानी करेंगे। इससे हमारे सतत विकास प्रयासों को नई गति और नए विचार मिलेंगे। भारत और फिनलैंड दोनों ही कानून के शासन, संवाद और कूटनीति में विश्वास रखते हैं। पीएम मोदी ने आगे कहा कि हम इस बात पर एकमत हैं कि केवल सैन्य संघर्ष से किसी भी समस्या का समाधान नहीं हो सकता। चाहे यूक्रेन हो या पश्चिम एशिया, हम संघर्ष के शीघ्र अंत और शांति के लिए हर प्रयास का समर्थन करते रहेंगे। हम इस बात पर भी सहमत हैं कि बढ़ती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक संस्थानों में सुधार न केवल आवश्यक है, बल्कि अत्यावश्यक भी है, और आतंकवाद को उसके सभी रूपों में समाप्त करना हमारी साझा प्रतिबद्धता है। इससे पहले पीएम मोदी ने संबोधित करते हुए कहा, 13वें फिनलैंड के राष्ट्रपति के रूप में अपनी पहली भारत यात्रा पर मैं राष्ट्रपति स्टब का हार्दिक स्वागत करता हूं। आप जैसे अनुभवी और बेजोड़े नेता का इस वर्ष के रायसीना डायलॉग का चीफ गेस्ट बनना हमारे लिए बहुत सम्मान और खुशी की बात है।

#### भारत और फिनलैंड महत्वपूर्ण साझेदार हैं

पीएम मोदी ने आगे कहा कि, वर्ष 2026 की शुरुआत में ऐतिहासिक भारत-यूरोपीय संघ (ईयू) मुक्त व्यापार समझौता हुआ। ये एग्रीमेंट भारत और फिनलैंड के बीच व्यापार, निवेश और तकनीकी सहयोग को और प्रबल करेगा। डिजिटल प्रौद्योगिकी, बुनियादी ढांचा और स्थिरता जैसे क्षेत्रों में भारत और फिनलैंड महत्वपूर्ण साझेदार हैं। नोकिया के मोबाइल फोन और टेलीकॉम नेटवर्क ने करोड़ों भारतीयों को जोड़ा है। फिनलैंड के आर्किटेक्ट के सहयोग से हमने चिनाब नदी पर विश्व का सबसे ऊंचा रेलवे ब्रिज बनाया है।



## टी20 विश्वकप के फाइनल में पहुंचा भारत

मुंबई। संजू सैमसन की शानदार बल्लेबाजी के बाद भारतीय गेंदबाजों के दमदार प्रदर्शन की बदौलत टीम इंडिया ने टी20 विश्व कप 2026 के सेमीफाइनल में इंग्लैंड को सात रन से हराकर फाइनल में प्रवेश कर लिया। गुरुवार को मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। भारत ने सैमसन की तूफानी अर्धशतकीय पारी (89 रन) की मदद से 20 ओवर में सात विकेट पर 253 रन बनाए। जवाब में इंग्लैंड की टीम निर्धारित ओवरों में सात विकेट पर 246 रन ही बना सकी। उनके लिए जैकब बेथेल ने 105 रन बनाए। वहीं, भारत के लिए हार्दिक पांड्या ने दो विकेट लिए जबकि अर्शदीप सिंह, जसप्रीत बुमराह, वरुण चक्रवर्ती और अक्षर पटेल ने एक-एक सफलता अपने नाम की।

### मुंबई एयरपोर्ट के पास नमाज की जिद पर कोर्ट की दो टूक...किसी भी जगह धार्मिक अधिकार का दावा नहीं कर सकते

मुंबई। मुंबई एयरपोर्ट के पास नमाज पढ़ने की अनुमति मांगने वाली याचिका पर सुनवाई करते हुए बॉम्बे हाई कोर्ट ने बड़ी टिप्पणी की है। कोर्ट ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि सुरक्षा का मुद्दा धार्मिक परंपराओं से ऊपर है।अदालत ने एयरपोर्ट के पास नमाज अदा करने के लिए अस्थायी जगह की मांग करने वाली याचिका को खारिज कर दिया है। टैक्सी और ऑटो-रिक्शा चालकों ने रमजान के दौरान एयरपोर्ट के पास नमाज अदा करने की अनुमति मांगी थी। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि रमजान इस्लाम का एक अभिन्न हिस्सा है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि अनुयायी किसी भी स्थान पर नमाज पढ़ने के धार्मिक अधिकार का दावा कर सकते हैं। खासकर एयरपोर्ट जैसी जगह पर, जहां सुरक्षा जोखिम बहुत ज्यादा होता है, वहां ऐसी अनुमति नहीं दी जा सकती। यह याचिका टैक्सी-रिक्शा ओला-उबर मेन्स यूनियन द्वारा दायर की गई थी। उनकी दलील थी कि मुंबई के छत्रपति शिवाजी महाराज इंटरनेशनल एयरपोर्ट के पास एक अस्थायी शेड था, जहां वे पहले नमाज पढ़ते थे, जिसे पिछले साल अधिकारियों ने हटा दिया था।

## धर्मांतरण विरोधी कानून को महाराष्ट्र सरकार की मंजूरी

### -आरोपियों को आसानी से जमानत नहीं मिलेगी

मुंबई। महाराष्ट्र सरकार ने राज्य में लंबे समय से लंबित धर्मांतरण विरोधी कानून को लेकर बड़ा फैसला लिया है। कैबिनेट ने एंटी कन्वर्जन (धर्मांतरण विरोधी) विधेयक को मंजूरी दे दी है। सरकार के इस फैसले के बाद अब जल्द ही इस संबंध में शासन निर्णय (जीआर) जारी किए जाने की तैयारी है। राज्य के मंत्री नितेश राणे ने कहा कि महाराष्ट्र में लंबे समय से धर्मांतरण विरोधी कानून की मांग की जा रही थी। मंत्री नितेश राणे ने कहा कि कई हिंदुत्व संगठनों और सामाजिक कार्यकर्ताओं ने इस मुद्दे को लेकर वर्षों तक आंदोलन और मोर्चे निकाले थे। उन्हीं मांगों को ध्यान में रखते हुए सरकार ने यह महत्वपूर्ण कदम उठाया है। नए कानून के तहत अगर कोई व्यक्ति जबरन, धोखे से या प्रलोभन देकर धर्मांतरण कराता है तो उसके खिलाफ नॉन-बेलेबल अपराध के तहत मामला दर्ज किया जाएगा।



#### आरोपियों को आसानी से जमानत नहीं मिलेगी

उन्होंने बताया कि ऐसे मामलों में आरोपियों की गिरफ्तारी संभव होगी और उन्हें आसानी से जमानत नहीं मिल सकेगी। कानून के सभी तकनीकी और कानूनी पहलुओं की विस्तृत जानकारी जल्द ही सार्वजनिक की जाएगी। ताकि आम नागरिकों को इसके प्रावधानों की स्पष्ट समझ मिल सके। मंत्री ने दावा किया कि महाराष्ट्र का प्रस्तावित धर्मांतरण विरोधी कानून अन्य राज्यों की तुलना में अधिक सख्त और प्रभावी होगा। उन्होंने विशेष रूप से मध्य प्रदेश और गुजरात जैसे राज्यों का जिक्र करते हुए कहा कि वहां लागू कानूनों से भी अधिक कठोर प्रावधान महाराष्ट्र के विधेयक में शामिल किए गए हैं। इस मंजूरी से इतर राज्य सरकार किसानों को बड़ी राहत देने जा रही है।राज्य के कर्जदार किसानों के सिर पर बोझ जल्द ही कम होने वाला है। सरकार जल्द ही कर्ज माफी की घोषणा करने वाली है।

## नीतीश ने राज्यसभा के लिए दाखिल किया नामांकन

### 10 अप्रैल तक बने रहेंगे बिहार के मुख्यमंत्री



पटना। बिहार विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन के उम्मीदवार मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और शिवेश कुमार ने राज्यसभा के लिए अपना नामांकन दाखिल कर दिया। गृह मंत्री अमित शाह और भाजपा जदयू के वरिष्ठ नेता नामांकन कार्यक्रम में शमिल हुए। राजनीतिक सूत्रों के मुताबिक, नीतीश कुमार 10 अप्रैल तक बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। कारण कि 10 अप्रैल तक राज्यसभा का कार्यकाल है। नया टर्म इसके बाद ही शुरू हो रहा है। इससे साफ है कि जब तक नीतीश कुमार उच्च सदन नहीं पहुंच जाते। तब तक वह बिहार के मुख्यमंत्री बने रहेंगे। ऐसे में जदयू की कमान किसके हाथ में जाएगी, इसे लेकर अभी कुछ साफ नहीं है। कहा जा रहा है नीतीश के बेटे को कमान दी जा सकती है।

नीतीश कुमार वर्ष 2005 से बिहार के मुख्यमंत्री हैं। नीतीश ने कहा कि राज्य में नए मुख्यमंत्री और राज्य की नयी सरकार को उनका पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा। उन्होंने कहा, दो दशकों से अधिक समय तक आपने लगातार मुझ पर विश्वास और समर्थन जताया है। उसी विश्वास की ताकत से हमने बिहार और आप सभी की पूरी निष्ठा के साथ सेवा की है। आपके भरोसे और समर्थन की शक्ति से ही आज बिहार विकास और गरिमा की एक नयी पहचान प्रस्तुत कर रहा है। नीतीश कुमार ने राज्य के लोगों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अपने संसदीय जीवन की शुरुआत से ही उनकी इच्छा रही है कि वह बिहार विधानमंडल के दोनों सदनों के साथ-साथ संसद के दोनों सदनों के भी सदस्य बनें। उन्होंने एक्स पर कहा] इसी आकांक्षा को ध्यान में रखते हुए मैं इस बार होने वाले चुनाव में राज्यसभा का सदस्य बनने की इच्छा रखता हूं। उन्होंने कहा, मैं पूरी ईमानदारी के साथ आपको आश्वस्त करना चाहता हूं कि भविष्य में भी आपसे मेरा संबंध बना रहेगा और विकसित बिहार के निर्माण के लिए आपके साथ मिलकर काम करने का मेरा संकल्प अडिग रहेगा। राज्य में बनने वाली नई सरकार को मेरा पूरा सहयोग और मार्गदर्शन मिलेगा।

#### नीतीश का राजनीतिक सफर बेदाग रहा- अमित शाह

केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि राज्यसभा आने पर नीतीश कुमार का स्वागत है। 2005 से नीतीश कुमार बिहार के मुख्यमंत्री है। उनका कार्यकाल काफी स्वर्णिम रहा है। नीतीश कुमार अब राष्ट्रीय राजनीति में प्रवेश कर रहे हैं। हम उनका स्वागत करते हैं। नीतीश कुमार ने बिहार को जंगलराज से मुक्ति दिलाई है। वो हमेशा से जेपी के सिद्धांतों पर चले हैं। उनका राजनीतिक सफर बेदाग रहा है।

### तमिलनाडु में डीएमके-कांग्रेस में सीट शेयरिंग तय

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव के लिए द्रविड़ मुनेत्र कषगम (डीएमके) और कांग्रेस पार्टी में सीट बंटवारे पर मुहर लग गई। डीएमके ने कांग्रेस को 28 सीट दी हैं। इसके अलावा पार्टी को एक राज्यसभा सीट भी दी गई है। पार्टी नेताओं के अनुसार यह फैसला डीएमके अध्यक्ष और तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन और तमिलनाडु कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष के. सेल्वपेरुंथगई के बीच हुई बैठक में लिया गया।

राज्य में विधानसभा की 234 सीटें हैं। 2021 के चुनाव में डीएमके ने 133 सीटें जीती थीं, जबकि कांग्रेस को 18 सीटें मिली थीं। डीएमके के नेतृत्व वाले सेक्युलर प्रोग्रेसिव अलायंस ने कुल मिलाकर 159 सीटों पर जीत हासिल की थी। दूसरी ओर एनडीए को 75 सीटें मिली थीं, जिसमें एआईएडीएमके 66 सीटों के साथ गठबंधन की सबसे बड़ी पार्टी रही थी। पार्टी सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस और डीएमके के बीच 2004 से चले आ रहा गठबंधन टूटने की कगार पर पहुंच गया था, लेकिन कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी. चिदंबरम ने स्टालिन से मुलाकात की और लंबी बातचीत के बाद बात बन गई। कांग्रेस ने सीटों की संख्या बढ़ाने पर जोर दिया था।

## संसद के बजट सत्र का दूसरा चरण 9 मार्च से

### लोकसभा अध्यक्ष को हटाने के नोटिस पर होगी चर्चा

नई दिल्ली। संसद के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत 9 मार्च से होने जा रही है। इस दिन लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के खिलाफ विपक्ष द्वारा दिए गए पद से हटाने के प्रस्ताव पर चर्चा होगी। इस दौरान ओम बिरला कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं करेंगे, बल्कि सदस्यों के बीच बैठेंगे। दरअसल, संविधान और लोकसभा के नियमों के मुताबिक, जब अध्यक्ष को हटाने के प्रस्ताव पर सदन में विचार किया जाता है, तो संबंधित अध्यक्ष कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते हैं।

इस प्रस्ताव के जरिए विपक्ष ने बिरला पर सदन की कार्यवाही के दौरान खुलकर भेदभाव करने का आरोप लगाया है। विपक्ष का कहना है कि राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव की चर्चा के दौरान नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी और अन्य विपक्षी नेताओं को बोलने का पर्याप्त मौका नहीं दिया गया। लोकसभा में कांग्रेस के मुख्य सचेतक के। सुरेश ने कांग्रेस, समाजवादी पार्टी, द्रमुक समेत कई विपक्षी दलों की ओर से लोकसभा सचिवालय को यह नोटिस सौंपा है।

#### 118 विपक्षी सांसदों ने नोटिस पर किए हस्ताक्षर

कम से कम 118 विपक्षी सांसदों ने इस नोटिस पर हस्ताक्षर किए हैं। हालांकि, तृणमूल कांग्रेस के सांसदों ने इस पर हस्ताक्षर नहीं किए। संविधान विशेषज्ञ पी। डी। टी। आचारी के मुताबिक, जब यह प्रस्ताव सदन के सामने आएगा तो बिरला को अपने बचाव का संवैधानिक अधिकार होगा। वे चर्चा में हिस्सा ले सकते हैं और प्रस्ताव के खिलाफ मतदान भी कर सकते हैं, लेकिन उन्हें वोट देने के लिए स्वचालित प्रणाली की जगह पर्ची का इस्तेमाल करना होगा। संविधान के अनुच्छेद 96 के अनुसार, अध्यक्ष या उपाध्यक्ष उस समय सदन की अध्यक्षता नहीं कर सकते जब उनके खिलाफ पद से हटाने के प्रस्ताव पर विचार हो रहा हो।

### भूकंप के तेज झटकों से दहला गुजरात...

## 4 घंटे में चार बार हिली धरती

नई दिल्ली। गुजरात में गुरूवार को कुदरत ने एक के बाद एक तीन झटके दिए हैं. राज्य के अलग-अलग हिस्सों में महज 4 घंटे के भीतर तीन बार भूकंप के झटके महसूस किए गए, जिससे लोगों में काफी डर का माहौल बन गया. हालांकि, राहत की बात यह है कि इन झटकों की तीव्रता बहुत ज्यादा नहीं थी और कहीं से भी किसी भी तरह के जान-माल के नुकसान की खबर सामने नहीं आई है. भूकंप के झटकों का सिलसिला सुबह के वक्त दाहोद जिले से शुरू हुआ. जानकारी के मुताबिक, सुबह ठीक 11 बजकर 55 मिनट पर दाहोद के लोगों को कंपन महसूस हुआ. रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 2.5 मापी गई. इस भूकंप का केंद्र दाहोद शहर से करीब 34 किलोमीटर दूर पश्चिम-दक्षिण की तरफ जमीन के नीचे था. चूंकि तीव्रता कम थी, इसलिए बहुत से लोगों को इसका पता भी नहीं चला, लेकिन जिन्हें महसूस हुआ वे तुरंत घरों से बाहर आ गए.



दूसरा झटका कच्छ जिले के भचाऊ इलाके में दोपहर 1 बजकर 43 मिनट पर महसूस किया गया. इस भूकंप की तीव्रता 3.4 मापी गई. इसका केंद्र भचाऊ से करीब 12 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम दिशा में था. कच्छ क्षेत्र पहले भी भूकंप के लिहाज से संवेदनशील माना जाता है, इसलिए यहां के लोग ऐसे झटकों को लेकर तुरंत सतर्क हो जाते हैं. दोपहर के समय तीसरा भूकंप बोटाद जिले में दर्ज किया गया. यह झटका दोपहर 3 बजकर 8 मिनट पर महसूस हुआ. इसकी तीव्रता रिक्टर स्केल पर 3.4 मापी गई, जो कच्छ में आए भूकंप के बराबर ही थी. भूकंप का केंद्र बोटाद शहर से करीब 28 किलोमीटर दक्षिण-पश्चिम दिशा में बताया गया. झटका बहुत तेज नहीं था, लेकिन कई लोगों ने हल्की कंपन महसूस की. करीब 4 घंटे के भीतर गुजरात के तीन अलग-अलग जिलों में भूकंप दर्ज किए गए. लगातार तीन झटकों के बाद प्रशासन भी अलर्ट हो गया और हालात पर नजर रखी जा रही है. हालांकि राहत की बात यह है कि कहीं से भी जान-माल के नुकसान की कोई खबर सामने नहीं आई है।

# दो तिथियों में हुआ होलिका दहन

# जिले में उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया होली का पर्व





**पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले में इस वर्ष होली का पर्व पूरे उत्साह और उमंग के साथ मनाया गया। इस बार होलिका दहन दो दिनों तक किया गया। शुरुआत में होलिका दहन 3 मार्च की रात्रि में किए जाने की चर्चा चल रही थी, लेकिन बाद में ज्योतिषीय गणना के अनुसार उस दिन शुभ मुहूर्त नहीं होने और ग्रहण की स्थिति बनने की जानकारी सामने आई। इसके चलते जिले के अधिकांश ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में 2 मार्च की रात्रि को ही होलिका दहन किया गया। 3 मार्च को ग्रहण के कारण अधिकांश लोग अपने घरों में ही रहे और सार्वजनिक रूप से उत्सव कम ही देखने को मिला। इसके बाद 4 मार्च को रंगोत्सव का पर्व मनाया गया, जहां लोगों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर और रंगों के साथ होली की खुशियां बांटी। हालांकि जिले के कुछ हिस्सों और सीमावर्ती क्षेत्रों में कुछ लोगों ने 3 मार्च की रात्रि में भी परंपरा के अनुसार होलिका दहन किया। इस तरह जिले में इस दो दिनों तक होलिका दहन का आयोजन देखने को मिला।**

होली का पर्व अन्य त्योहारों की तुलना में विशेष महत्व रखता है। इस पर्व के अवसर पर जिलेभर में उत्साह और उमंग का माहौल देखने को मिला। पढ़ाई करने वाले छात्र-छात्राएं महानगरों से अपने घर लौटे, रोजगार के सिलसिले में बड़े शहरों में रहने वाले लोग भी अपने परिवार के साथ होली मनाने के लिए जिले में पहुंचे। इसके चलते पूरे जिले में त्योहार की रौनक और चहल-पहल बढ़ गई। इस वर्ष जिले में होलिका दहन दो अलग-अलग तिथियों में किया गया। पहले 3 मार्च की रात्रि में होलिका दहन किए जाने की चर्चा थी, लेकिन उस दिन ग्रहण की स्थिति और शुभ मुहूर्त अनुकूल नहीं होने के कारण ग्रामीण क्षेत्रों सहित जिला मुख्यालय में अधिकांश स्थानों पर 2 मार्च की रात्रि को ही होलिका दहन कर लिया गया। हालांकि जिले के कुछ क्षेत्रों में लोगों ने परंपरा के अनुसार 3 मार्च की रात्रि को भी होलिका दहन किया। इसके बाद 4 और 5 मार्च को जिलेभर में रंगोत्सव की धूम देखने को मिली। लोगों ने अपने परिजनों, मित्रों और परिचितों के साथ रंग-गुलाल लगाकर होली का पर्व मनाया। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में छोटे बच्चों से लेकर युवाओं और बुजुर्गों तक ने होली के रंगों में सराबोर होकर पर्व की खुशियां मनाईं। शहर के विभिन्न वार्डों, मोहल्लों और चौक-चौराहों पर डीजे लगाकर होली के गीतों पर लोगों ने जमकर नृत्य किया और एक-दूसरे को गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दीं। कई स्थानों पर फागुन गीतों की मंडलियां भी सक्रिय रहीं, जिन्होंने ढोल-ताशों की धुन पर घर-घर जाकर फागुन गीत गाए और पारंपरिक तरीके से होली की खुशियां बांटी। 5 मार्च को जिला मुख्यालय में पुलिस विभाग सहित अन्य विभागों के अधिकारी और कर्मचारियों ने भी अपने-अपने कार्यालयों में अधीनस्थ कर्मचारियों के साथ होली का पर्व मनाया और एक-दूसरे को रंग लगाकर शुभकामनाएं दीं। गौरतलब है कि इस वर्ष होलिका दहन दो तिथियों में हुआ, जबकि 3 मार्च को ग्रहण के कारण जिला मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों की सड़कें लगभग सूनी नजर आईं। 3 और 4 मार्च को लंबी दूरी की बसों और विभिन्न मार्गों पर चलने वाली यात्री बसों का संचालन भी काफी कम रहा। ऐसे में कई लोग ऑटो और अन्य निजी साधनों से अपने घरों तक पहुंचे। अब 5 मार्च के बाद बस स्टैंड और रेलवे स्टेशनों पर फिर से भीड़ दिखाई देने लगी है। जो लोग महानगरों से अपने घर होली मनाने आए थे, वे अब वापस लौटने लगे हैं। पंचदिवसीय पर्व होने के कारण जिले में अभी भी होली की रौनक बनी हुई है और लोग अपने-अपने स्तर पर इस पर्व का आनंद ले रहे।

### जगह-जगह पुलिस बल तैनात रहा

होली के इस विशेष पर्व पर हुड़दंग मचाने वालों पर लगाम लगाने के लिए जगह-जगह पुलिस बल तैनात नजर आया। जहां झगड़ा दंगा फसाद मारपीट कर शांति व्यवस्था भंग करने वालों को रोकने और उनपर कार्यवाही करने के लिए नगर भर में जगह जगह पुलिस पॉइंट पर बल तैनात रहा। हालांकि इस पर्व के पूर्व ही पुलिस प्रशासन द्वारा पर्व विशेष पर शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की जा चुकी है बावजूद इसके भी पुलिस की इस समझाईश को नहीं मानने, किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को अंजाम देने या फिर शांति व्यवस्था भंग करने वालो के खिलाफ पुलिस द्वारा वैधानिक कार्यवाही की जाने की योजना बनाई गई है। इसी के चलते जिले भर में शांति व कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जगह-जगह पुलिस पॉइंट बनाकर पुलिसकर्मियों की ड्यूटी नज़र आई। वहीं पेट्रोलिंग के लिए अलग से तैयार किए गए उड़नदस्ता दल भी कार्य क्षेत्र में शांति और कानून व्यवस्था बनाने में जुटा रहा।

## एक राय होकर की गई मारपीट में मोहित जामरे घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** सरेखा वार्ड नंबर 5 में होली पर शराब के नशे में धुत 8 से 10 युवकों ने एक राय होकर एक 19 वर्षीय व्यक्ति की पिटाई कर दी, जिससे युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक का नाम सरेखा वार्ड नंबर 5 निवासी 19 वर्षीय मोहित पिता प्रदीप जामरे बताया गया है जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है।

### शराब भट्टी में हुए विवाद को लेकर की गई मारपीट

प्राप्त जानकारी के अनुसार सरेखा वार्ड नंबर 5 निवासी मोहित मजदूरी का काम करता है,जो मजदूरी करने के लिए चंद्रपुर गया था, होली में घर वापस आया था वही पिछले कुछ दिनों से हमाली का काम कर रहा था। बताया गया कि दिनभर वह अपने दोस्तों के साथ घूम फिर रहा था, शाम 5 बजे के करीब घर जाने के लिए वहा चौक के तरफ से निकला था। अभी वह गांव के कहाटीकरा तालाब की पार पर पहुंचा ही था, कि वहां 8 से 10 अज्ञात लड़कों ने उसे घेर कर रोक लिया, मोटरसाइकिल की चाबी निकाल ली और ईट पत्थर सहित हाथों से मारपीट की,



जिससे मोहित गंभीर रूप से घायल हो गया।बताया जा रहा है कि बीती रात बाईपास की शराब भट्टी मे कुछ युवकों के बीच विवाद हुआ था, युवकों को ऐसा लगा कि मोहित भी उन लड़कों के साथ में रहता है तो वह भी उस झगड़े में शामिल रहा होगा। इसी बात को लेकर युवकों ने मोहित को रोककर अकेला पाकर उसके साथ में मारपीट की और उसे गंभीर रूप से घायल कर दिया। जिसे उपचार के लिए उसके परिजनों द्वारा जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है जहां उसका उपचार जारी है।


**IN THE COURT OF 2nd JOINT CIVIL JUDGE, SENIOR DIVISION, GONDIA(M.S)**

Notice to show cause (General form) (Sch. 1,App.H, Form 4)

**H.M.P. No. 93/2022**

Pratima w/o Ashish Kosharkar ...Petitioner

**...Verses...**

Ashish s/o Maheshchandra Kosharkar... Respondent

To,
Ashish s/o Maheshchandra Kosharkar,
A/a.-35 Yrs., Occ.-Service,
R/o.-Bahela, Post-Lanji, Tah.&distt.-Balaghat.

WHEREAS the above named Pratima w/o Ashish Kosharkar, has mad application to this Court that, Petition U/s 13(1) (ia) of H.M. Act 1955 for dissolution of marriage by decree of divorce...

You are hereby warned to appear in this Court in person or by a pleader duly instructed of the 30th Day of March, 2026 at 11.00 o'clock in the forenoon, to show cause against the application, failing wherein, the said application will be heard and determined ex-parte.

Also take notice that in default of your filing an address for service on or before the date mentioned you are liable to have your defence struck out. Given under my hand and the seal of the court, this 24th day February, 2026.

**By Order,**
**(H.S. Dongarwar)**
**Asst. Superintendent,**
**Civil Judge, Sn.Dn. Gondia**



**कार्यालय ग्राम पंचायत चांगोटोला**

**जनपद पंचायत बालाघाट, विकासखण्ड बालाघाट, जिला बालाघाट ( म.प्र. )**

क्रमांक/क्यू/97/2026 दिनांक-03-03-2026

**सार्वजनिक नीलामी सूचना**

सार्वजनिक नीलामी सूचना 2026/2027 मउ बाजार चांगोटोला सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत चांगोटोला के अंतर्गत ग्राम मउ में लगने वाली साप्ताहिक रविवार बाजार 1. मवेशी बाजर, 2. बैठकी बाजारए 3. सायकिल स्टेण्ड का ठेका वर्ष 2026-2027 अर्थात 01 अप्रैल 2026 से 31 मार्च 2027 तक के लिए दिया जाता है।

जिसके लिए नीलामी 1. दिनांक 07/03/2026 दिन शनिवार को ग्राम पंचायत भवन में समय 12.00 दिन में किया जाना है। प्रथम नीलामी में बाजार की सफल बोली नहीं आने पर द्वितीय नीलामी दिनांक 14/03/2026 को किया जाना है। उस दिन भी सफल बोली नहीं आने पर तृतीय नीलामी दिनांक 21/03/2026 को किया जाना है।

**इच्छुक ठेकेदार बोलीदार नियमानुसार भाग ले सकता है।**

1- इच्छुक ठेकेदार बोलीदार को बाजार की शासकीय बोली 10 दस प्रतिशत की राशि जमा करना होगा।

2- जिस ठेकेदार की बोली स्वीकार की जावेगी उसे स्वीकार बोली की 25 प्रतिशत राशि 10 प्रतिशत को छोड़कर तुरंत जमा करना होगा।

3- इच्छुक बोलीदार नीलामी की शर्तें एवं अन्य जानकारी ग्राम पंचायत के सूचना पटल पर देखी जा सकती है। या कार्यालयीन समय में कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

| सरपंच | उपसरपंच | सचिव | सह सचिव |
|---|---|---|---|
| श्री प्रमोद ठाकरे | श्री जैराम उइके | श्री दीपचंद हनवते | श्री हेमेन्द्र साकेत |

एवं समस्त पंचगण ग्राम पंचायत चांगोटोला


## दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आमने-सामने की भिड़ंत में दो घायल

### एक का वारासिवनी में चल रहा उपचार,तो दूसरे को जिला अस्पताल से किया गया रिफर

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** लालबर्रा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम खमरिया के समीप दो मोटरसाइकिल के बीच हुई आपसी भिड़ंत में मोटरसाइकिल में सवार दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए, जिसमें से एक को वारासिवनी के सिविल अस्पताल में उपचार के लिए भर्ती कराया गया है, तो वही इस सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने पर दूसरे मोटरसाइकिल सवाल युवक को उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है।घायलों में हाल मुकाम वारासिवनी के गोंडी टोला निवासी 30 वर्षीय विजय पिता प्रताप सहारे और एक अन्य व्यक्ति का समावेश है।जिसमें से विजय सहारे का जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर उसे रिफर किया गया है।

### समनापुर से वारासिवनी ससुराल आते वक्त हुआ हादसा

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्रामीण थाना क्षेत्र नवेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम समनापुर निवासी विजय सहारे, अपने ससुराल वारासिवनी के समीप गोंडी टोला में अपने परिवार के साथ निवास करता है। बताया गया



कि होली पर्व पर विजय अपने ग्राम समनापुर गया था, जहां से वापस आते समय लालबर्रा के ग्राम खमरिया के पास उसकी मोटरसाइकिल की सामने से आ रही मोटरसाइकिल के साथ भिड़ंत हो गई।जिससे मोटरसाइकिल में सवार दोनों व्यक्ति सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए,उधर हादसे के तुरंत बाद स्थानीय जनों की मदद से उन्हें उपचार के लिए तुरंत वारासिवनी के अस्पताल ले जाया गया। जहां पर लालबर्रा के ग्राम खमरिया कामथी निवासी व्यक्ति का उपचार जारी है, तो वहीं इस सड़क हादसे में गंभीर रूप से घायल होने पर विजय सहारे को बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया। जहां प्राथमिक उपचार कर चिकित्सकों द्वारा उसे बेहतर उपचार के लिए रिफर किया गया है। जिनके परिजन उसे नगर के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराने ले गए हैं।

### सिंधी समाज में निभाई 45 वर्षों से चली आ रही परंपरा

# प्रतिवर्ष की भांति होली पर्व पर कबड्डी प्रतियोगिता का किया आयोजन



**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** रंगों के महापर्व के साथ ही होली पर आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों की शुरुवात भी हो चुकी है। जहां वर्षों से चली आ रही परंपरा का निर्वहन करते हुए सिंधी समाज द्वारा प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।नगर के सिंधु भवन में आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में समाज के खिलाड़ियों ने ना सिर्फ बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया, बल्कि अपने दांव पेंच से हर किसी का मन भी मोह लिया। इस प्रतियोगिता में खास बात यह देखने को मिली कि कबड्डी में एक खिलाड़ी को सिर्फ एक ही खिलाड़ी आउट कर सकता है, और एक खिलाड़ी जितने बार जितने खिलाड़ी को आउट करेगा प्रत्येक खिलाड़ी के आउट होने पर उसे नगद 10 रु का इनाम दिया जाता है। इस तरह जितने खिलाड़ियों को वह आउट करता जाएगा उसे हर बार 10 रुपए का इनाम दिया जाएगा। बताया जा रहा है कि यह परंपरा सिंधी समाज द्वारा पिछले 45 वर्षों से निभाई जा रही है जो अब भी जारी है।

### आउट करने पर हर खिलाड़ी को मिलता है हर बार 10 रु का ईनाम

होली के रंगोत्सव पर विगत 45 सालों से सिंधी समाज, पारंपरिक कबड्डी खेल का आयोजन करता आ रहा है। खास बात है कि यह प्रतियोगिता केवल सामाजिक स्तर पर ही आयोजित की जाती है।जहां एक खिलाड़ी पर एक खिलाड़ी का ही नियम लागु होता है।जो भी खिलाड़ी, किसी को आउट करता है, उसे सामाजिक रूप से 10 रूपए का नगद ईनाम दिया जाता है।नगर के सिंधु भवन में आयोजित इस कबड्डी प्रतियोगिता में समाज के युवाओं और 45 आयु वर्ग के खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया।जिसमें विजेता और उपविजेता को समाज की ओर से ट्राफी प्रदान की गई। बताया गया कि यह आयोजन इसलिए किया जाता है ताकि होली के इस पर्व पर सामाजिक लोग, एकदूसरे से मेल-मिलाप कर सके। ।

### पहले रेत पर होता था आयोजन

सामाजिक रूप से होली पर समाज को एकत्रित करने और 45 साल पहले समाज के बुजुर्गो ने प्रारंभ की गई परंपरा को बनाए रखने, सिंधी समाज द्वारा होली पर कबड्डी का आयोजन किया जाता है। खास बात यह है कि 11-11 खिलाड़ियों की टीम में सामाजिक स्तर पर होने वाले इस खेल में एक खिलाड़ी पर एक खिलाड़ी का ही नियम लागु होता है।बताया गया कि पहले यह आयोजन रेत पर होता है लेकिन कालांतर में सामाजिक भवन के बन जाने के बाद अब, यह खेल मेट पर आयोजित किया जाता है। चूंकि रंगोत्सव पर, समाज के लोगों का व्यवसाय बंद होता है, जिससे समाज के सभी पुरूष और बच्चे, इस आयोजन के माध्यम से एकत्रित होते है। यह परम्परा समाज द्वारा करीब 45 वर्षो से निभाई जा रही है।

### ना तुम जीते ना हम हारे की तर्ज पर हुआ आयोजन-मंगलनी

पूज्य सिंधी पंचायत के अध्यक्ष अमर मंगलानी ने बताया कि बुधवार की देररात तक सिंधु भवन में कबड्डी खेल के आयोजन में समाज के युवाओं और 45 आयु वर्ग के खिलाड़ियो ने हिस्सा लिया। जिसमें विजेता और उपविजेता टीम को समाज की ओर से ट्राफी प्रदान की गई।उन्होंने बताया कि होली पर्व पर सिंधी समाज के बुजुर्गो ने यह परंपरा शुरू की थी। जिसका निर्वहन आज भी उसी उत्साह और उमंग के साथ किया जा रहा है। कबड्डी की दो टीमें बनाई गई। सद्भावना के साथ ना तुम जीते ना हम हारे की तर्ज पर आपसी भाईचारे का परिचय देते हुए खिलाड़ियों ने कबड्डी के दांवपेंच दिखाए। जिसके बाद सामाजिक रूप से लोगों ने होली और खेल आयोजन पर ढोल की थाप पर जमकर नृत्य किया।

## नर्सरी से कक्षा-1 में प्रवेश के लिए आयु सीमा निर्धारित

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल द्वारा शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए नर्सरी, के.जी.-1, के.जी.-2 तथा कक्षा-1 में प्रवेश के लिए आयु सीमा निर्धारित कर दी गई है। इस संबंध में राज्य शिक्षा केंद्र भोपाल ने 5 फरवरी 2026 को आदेश जारी करते हुए सभी कलेक्टर, जिला शिक्षा अधिकारियों तथा जिला परियोजना समन्वयकों को आवश्यक निर्देश भेजे हैं। जिला शिक्षा अधिकारी श्री अश्विनी कुमार उपाध्याय ने बताया कि इस संबंध में जारी निर्देशों के अनुसार सत्र 2026-27 के लिए पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश हेतु न्यूनतम एवं अधिकतम आयु सीमा तय की गई है। इसके तहत नर्सरी में प्रवेश के लिए न्यूनतम आयु 3 वर्ष तथा अधिकतम आयु 4 वर्ष 6 माह, के.जी.-1 के लिए न्यूनतम आयु 4 वर्ष तथा अधिकतम आयु 5 वर्ष 6 माह, के.जी.-2 के लिए न्यूनतम आयु 5 वर्ष तथा अधिकतम आयु 6 वर्ष 6 माह और कक्षा-1 के लिए न्यूनतम आयु 6 वर्ष तथा अधिकतम आयु 7 वर्ष 6 माह निर्धारित की गई है। निर्देशों में यह भी स्पष्ट किया गया है कि प्री-प्रायमरी कक्षाओं नर्सरी, केजी-1 एवं केजी-2 में प्रवेश के लिए बच्चों की न्यूनतम आयु की गणना संबंधित सत्र की 31 जुलाई की स्थिति में की जाएगी तथा कक्षा-1 में प्रवेश के लिए आयु की गणना 30 सितंबर से की जाएगी। जिले के सभी शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों के संचालकों को निर्देशित किया गया है कि नर्सरी कक्षा से लेकर कक्षा-1 तक बच्चों को प्रवेश देते समय निर्धारित आयु सीमा का पालन अनिवार्य रूप से करें। इसमें किसी भी तरह की लापरवाही नहीं होना चाहिए। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा जारी इस आदेश का उद्देश्य प्रदेश में पूर्व प्राथमिक एवं प्राथमिक कक्षाओं में प्रवेश प्रक्रिया को एकरूप बनाना है, ताकि बच्चों को उनकी निर्धारित आयु के अनुसार ही कक्षाओं में प्रवेश मिल सके।

## कलेक्टर बंगले में हर्षोल्लास से मनाया गया रंगों का पर्व

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** 04 मार्च को कलेक्टर बंगले में रंगों का त्योहार होली हर्ष और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर कलेक्टर मृणाल मीना, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक सराफ, अपर कलेक्टर जी.एस. धुर्वे, सहायक कलेक्टर आकाश अग्रवाल, श्री डी.पी. बर्मन, संयुक्त कलेक्टर श्री मायाराम कोल, एसडीएम गोपाल सोनी, सीएचएमओ डा परेश उपलप, सिविल सर्जन डॉ नीलय जैन, लोक निर्माण विभाग के कार्यपालन यंत्री बीएस अड़मे, प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क ईकाई के महाप्रबंधक तोमेन्द्र सिंह जौहरे, मुख्य नगरपालिका अधिकारी डी कतरोलिया, सूर्य प्रकाश उके, सेतु निर्माण संभाग के एसडीओ अर्जुन सिंह सनोडिया, जिला आयुष अधिकारी डॉ मिलिंद चौधरी, तहसीलदार, सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान सभी ने आपसी सौहार्द, भाईचारे और सहयोग की भावना को और मजबूत करने का संकल्प लिया। कलेक्टर मृणाल मीना ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को होली की बधाई देते हुए कहा कि यह पर्व प्रेम, सद्भाव और एकता का संदेश देता है। हमें त्योहारों को सौहार्दपूर्ण एवं पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता के साथ मनाना चाहिए। इस अवसर पर अधिकारियों एवं कर्मचारियों के बीच आत्मीय संवाद हुआ और उत्साहपूर्ण वातावरण में सभी ने पारंपरिक ढंग से होली का आनंद लिया।


बारबेड वायर (कांटेदार तार)
एवं चेन लिंक जाली
उचित दाम पर उपलब्ध
लघु उद्योग निगम भोपाल से संबद्ध
निर्माता
तिरूपति इंजीनियरिंग वर्क्स
मयूर टॉकिज के सामने हनुमान चौक, बालाघाट
फोन:- 07632-243531
मो:- 8989976858, 9425139998

# नशे में धुत युवक रेलवे पटरी के बीच में सोया, ऊपर से गुजर गया इंजन

## बाल-बाल बची जान, मालगाड़ी के ड्रायवर ने ट्रेन रोककर युवक को बाहर निकाला

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** धुरेड़ी पर्व पर लामता रेलवे स्टेशन परिसर के समीप उस वक्त हड़कंप मच गया, जब शराब के नशे में धुत एक युवक रेलवे की पटरी पर लेट गया और उसके ऊपर से ट्रेन का इंजन गुजर गया।उधर नशे में युवक के रेलवे पटरी के नीचे दिखाई देने के बाद जबलपुर की ओर जा रही मालगाड़ी के चालक ने युवक को बचाने ट्रेन का ब्रेक लगाया लेकिन तब तक युवक के ऊपर से इंजन चला गया था। हालांकि इससे युवक के पीठ पर चोट के निशान है लेकिन, वह बाल-बाल बच गया। नशे में धुत उक्त युवक का नाम ग्राम कुम्हारी निवासी कमलेश नागेश्वर बताया गया है, जिसे उपचार के लिए लामता के अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



### युवक का लामता अस्पताल में चल रहा उपचार

उधर पटरी पर सोए युवक के ऊपर से इंजन गुजरने के बाद ट्रेन रुकने पर मालगाडी के चालक ने अपनी सूझबूझ का परिचय देते हुए युवक को पटरी के बीच से निकालकर साईड में किया। जिसके बाद ट्रेन को लामता स्टेशन में खड़ी कर स्टेशन मास्टर को मामले की सूचना दी गई। उधर चालक से मिली उक्त सूचना पर स्टेशन मास्टर, ट्रेन चालक और रेलवे कर्मी, घटनास्थल पहुंचे और युवक को वहां से स्टेशन लाया गया।जिसके बाद पूछताछ के बाद उसे लामता अस्पताल में भर्ती कराया है।

### मालगाड़ी चालक की सूझबूझ से बची युवक की जान

बताया जा रहा है कि बुधवार को एक मालगाड़ी बालाघाट से होकर लामता रूट के रास्ते जबलपुर की ओर जा रही थी। उसी दरमियान लामता रेलवे स्टेशन के समीप नशे में धुत एक युवक पटरी पर लेट गया।उधर मालगाड़ी के ड्राइवर ने सूझबूझ से शराबी युवक की जान बचा ली। मालगाड़ी चालक ने बताया कि मैने युवक को पटरी के नीचे देखकर, गाड़ी को कंट्रोल करने का प्रयास किया लेकिन इंजन के चले जाने से युवक को चोटे आई है जिसे मेरे द्वारा ट्रेक से हटाकर बाजु में किया गया और गाड़ी को स्टेशन में लाकर खड़ी किया। उसके बाद स्टेशन मास्टर को सूचना देकर मालगाड़ी के गार्ड, स्टेशन में पदस्थ पोटर के साथ उसे, स्टेशन लाया गया, पूछताछ कर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र में उपचार के लिए भर्ती किया गया।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

उधर लामता अस्पताल से तहरीर मिलने पर, लामता अस्पताल पहुची पुलिस ने स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती युवक से पूछताछ की।पूछताछ करने पर युवक ने कुम्हारी निवासी कमलेश नागेश्वर के रूप में अपना परिचय दिया।जिसके बाद उसके परिजनो को इसकी सूचना दी गई। उधर मामले की सूचना मिलने पर परिजन स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। हालांकि युवक को याद नहीं है कि वह पटरी पर कैसे पहुंचा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच कर रही है।वही युवक का लामता अस्पताल उपचार जारी है।

## आपसी संघर्ष में 2 घायल, घायलों को गोंदिया किया गया रिफर, मामले की जांच में जुटी ग्रामीण थाना नवेगांव पुलिस

# होलिका दहन के दौरान कोसमी आखर मैदान में हुई चाकूबाजी

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** ग्रामीण थाना नवेगांव के अंतर्गत आने वाले ग्राम कोसमी के आखर मैदान में होलिका दहन कार्यक्रम के दौरान चाकू बाजी की घटना सामने आई है। जहा मोहल्ले के 2 युवकों के बीच मामूली बात को लेकर हुई कहासुनी, जल्द ही खूनी संघर्ष में बदल गई और देखते ही देखते माहौल गरमा गया। वही दोनों युवकों ने आवेश में आकर एक दूसरे पर चाकू से हमला कर,एक दूसरे को गम्भीर रूप से घायल कर दिया है।घायलों में ग्रामीण थाना नवेगांव ,ग्राम कोसमी वार्ड नं 2 निवासी 21 वर्षीय विकास पिता अशोक कुशराम और कोसमी वार्ड नं 3 निवासी महेंद्र उर्फ राजा टांडेकर के नाम का शमावेश है।जिनका जिला अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर, उनकी गम्भीर हालत को देखते हुए, चिकित्सको ने उन्हें गोंदिया के लिए देर रात रिफर कर दिया है।

### होलिका दहन की खुशियों के बीच बना दहशत का माहौल

प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्र ग्रहण के चलते होलिका दहन दो तिथियां में किया गया,जिसमें कुछ जगहों पर 2 मार्च को, तो वही कुछ जगहों पर 3 मार्च की रात में होलिका दहन किया गया।बताया गया कि ग्राम पंचायत कोसमी के आखर मैदान में वर्षों से चली आ रही होलिका दहन की इस परंपरा को निभाने के लिए 3 मार्च की रात होलिका दहन की जानी थी। जिसके लिए पूरे गांव में उत्साह था, रात्रि करीब 10 बजे लोग अपने-अपने घरों से पूजा की थाल सजाएं पूजा पाठ के लिए आखर मैदान होलिका दहन में पहुंचे थे, वही होलिका दहन की तैयारी चल रही थी।इसी बीच मोहल्ले के ही दो युवकों के बीच मामूली सी बात को लेकर कहासुनी हो गई, जो जल्द ही गाली गलौच में बदल गई और माहौल



गर्म हो गया। जहां गाली गलौज से शुरू हुआ यह विवाद खुनी संघर्ष में बदल गया और दोनों युवकों ने एक दूसरे पर चाकू से हमला कर दिया,जिसमे विकास कुशराम के पेट में चाकू लगा है, तो वही महेंद्र टांडेकर के पीठ में चाकू लगने से दोनो युवक गम्भीर रूप से घायल हो गए।जहा कुछ देर के लिए दहशत का माहौल निर्मित हो गया।

### गंभीर अवस्था में दोनों घायलों को गोंदिया किया गया रिफर

उधर घटना के तुरंत बाद बाद स्थानीय लोगों ने बीच बचाव कर ,चाकूबाजी में घायल दोनों ही युवकों को निजी वाहन की मदद से उपचार के लिए जिला अस्पताल पहुंचाया,जहा के चिकित्सको ने उनका प्राथमिक उपचार कर, उनकी गंभीर हालत को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए रात में ही गोंदिया रिफर कर दिया।

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

उधर इस पूरे मामले की जानकारी मिलने पर नवेगांव थाना पुलिस ने मौके पर पहुंचकर हालातो का जायजा लिया, वही जिला अस्पताल आकर, दोनो घायलों के बयान दर्ज किए। फिलहाल यहां स्पष्ट नहीं हो पाया है कि इन दोनों युवकों के बीच आखिर किस बात को लेकर विवाद हुआ था ,जो खूनी संघर्ष में बदल गया और दोनों ने एक दूसरे पर किस बात को लेकर चाकूबाजी कर घटना को अंजाम दिया था। जिसकी जांच पुलिस द्वारा शुरू कर दी गई है।

# होली की रात, शराब दुकान से शराब व नगदी ले उड़े चोर

## दीवार तोड़कर चोरी की वारदात को दिया अंजाम

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** होली की रात अज्ञात चोरों ने, एक शराब दुकान पर धावा बोलते हुए, दुकान की दीवार तोड़कर शराब दुकान में रखे नगद 10 हजार, और 25 पेटी शराब की चोरी कर ली।चोरी का यह ताजा मामला जिला मुख्यालय से करीब 45 किलोमीटर दूर थाना व ग्राम लामता का है। जहां होली की रात, अज्ञात चोरो ने लामता शराब दुकान में बड़ी सेंधमारी की।शराब दुकान की दीवार तोड़कर चोर, यहां से 25 पेटी शराब सहित गल्ले में रखे 10 हजार रूपए नगद चुरा ले गए।जिसकी जानकारी दुकानदार को दुकान खोलने पर पता चली।जिसके बाद दुकानदार राजेश ने इसकी शिकायत पुलिस में की है। उधर मामले की जानकारी मिलने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने फरियादी दुकानदार के बयान दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है, पुलिस द्वारा जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किए जाने की बात कही गई है।

### ऑफिस से वापस आए, तब तक चोरी हो चुकी थी-द्विवेदी

लामता में शराब दुकान का संचालन कर रहे राजेश द्विवेदी ने बताया कि रात्रि 11.30 बजे दुकान बंद कर वह ऑफिस चले गए थे।वापस दुकान पहुंचने पर हमें पता चला कि दीवार को तोड़कर अज्ञात चोर शराब की पेटी और नगद रूपए चुरा ले गए है। तकरीबन साढ़े तीन लाख का नुकसान हुआ है। मामले की जांच कर जल्द से जल्द आरोपियों को गिरफ्तार करना चाहिए, हमने इसकी



शिकायत पुलिस से कर दी है पुलिस जांच कर रही है

### मामले की जांच में जुटी पुलिस

उधर इस पूरे मामले की जानकारी मिलने के बाद लामता पुलिस, घटनास्थल पहुंची और बालाघाट से डॉग स्कॉड और एफएसएल की टीम को बुलाकर, बारिकी से जांच कराई गई। मामले की जांच कर रहे सहायक उपनिरीक्षक इगल मरकाम ने बताया कि दुकान संचालक के बयान के आधार पर मामले की जांच शुरू कर दी गई है हर एंगल से मामले की जांच की जा रही है। जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।।

# ब्रिटिश कालीन कानूनों के विरोध में होलिका दहन के साथ प्रतीकात्मक प्रदर्शन

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** होलिका दहन के अवसर पर जिले में पारंपरिक उत्साह के बीच पुलिस परिवार कल्याण संघ द्वारा भारत के गुलामी के दौर के कानूनों के विरोध में 2 मार्च की रात्रि जिले के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन के साथ ब्रिटिश शासनकाल के कानूनों के प्रतीक स्वरूप पोस्टर एवं छाया प्रतियों का दहन किया गया। सूबेदार तोमेश्वर राहंगडाले ने ग्रामीणों के साथ होलिका दहन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान अंग्रेजी शासनकाल के कानूनों के विरोध में तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड कॉर्नवालिस के पोस्टर का भी होलिका की अग्नि में दहन किया गया। पुलिस विभाग एवं पुलिस परिवार कल्याण संघ के पदाधिकारियों का कहना है कि यह आयोजन प्रतीकात्मक रूप से उन कानूनों के विरोध में किया गया, जिन्हें ब्रिटिश शासनकाल में लागू किया गया था। संगठन का मत है कि स्वतंत्र भारत में ऐसे कानूनों की समीक्षा और संशोधन आवश्यक है। 2 मार्च की रात्रि को किरनापुर, लालबर्रा और बालाघाट सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने होलिका दहन के साथ यह प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराया ।



होलिका दहन के पावन अवसर पर जिले में परंपरागत रूप से बुराई पर अच्छाई की विजय का संदेश दिया गया। इसी अवसर पर पुलिस विभाग एवं पुलिस परिवार कल्याण संघ द्वारा ब्रिटिश शासनकाल के कानूनों के विरोध में एक प्रतीकात्मक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम से पूर्व संगठन के पदाधिकारियों ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपकर अवगत कराया था कि वे होलिका दहन के दौरान भारत के गुलामी के समय लागू करने वाले तत्कालीन गवर्नर जनरल लॉर्ड कॉर्नवालिस की छाया प्रति का दहन करेंगे। संगठन के पदाधिकारी सूबेदार तोमेश्वर राहंगडाले ने ग्राम जराही, किरनापुर में ग्रामीणों के साथ होलिका दहन कार्यक्रम में भाग लिया। इस दौरान अंग्रेजों के समय लागू किए गए कानूनों के प्रतीकात्मक पोस्टर तथा लॉर्ड कॉर्नवालिस की छाया प्रति का दहन किया गया। आयोजन में ग्रामीणों की भी सहभागिता रही। सूबेदार राहंगडाले ने जानकारी देते हुए बताया कि उनका संगठन पिछले सात वर्षों से लगातार इस प्रकार का प्रतीकात्मक विरोध दर्ज कराता आ रहा है। उनका कहना है कि देश में आज भी बड़ी संख्या में ऐसे कानून प्रभावी हैं, जिनकी नींव ब्रिटिश शासनकाल में रखी गई थी। उनके अनुसार, इन कानूनों का उद्देश्य उस समय अंग्रेजी शासन व्यवस्था को सुदृढ़ करना था और इन्हीं के माध्यम से भारत पर नियंत्रण स्थापित किया गया। संगठन का मत है कि स्वतंत्रता प्राप्ति के दशकों बाद भी यदि उस समय से जुड़े प्रावधान प्रचलन में हैं, तो उनकी समीक्षा कर आवश्यक संशोधन किया जाना चाहिए। इसी मांग को लेकर संघ हर वर्ष होलिका दहन के अवसर पर उस समय के कानूनों के प्रतीकात्मक प्रतिरूप का दहन करता है, ताकि शासन और समाज का ध्यान इस विषय की ओर आकर्षित हो सके। इस वर्ष 2 मार्च की रात्रि को किरनापुर, लालबर्रा और बालाघाट सहित जिले के विभिन्न स्थानों पर संघ के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने होलिका दहन के साथ ब्रिटिश कालीन कानूनों के प्रतीकात्मक पोस्टर एवं छाया प्रति का दहन किया। कार्यक्रम में सन्गठन के सदस्य और परिजन तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में उपस्थित रहे। संगठन ने स्पष्ट किया कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष का विरोध करना नहीं, बल्कि उस समय की व्यवस्थाओं के प्रति असहमति प्रकट करना है ।

# सेंटरिंग खोलने गया मजदूर गिरकर घायल, जिला अस्पताल में चल रहा उपचार

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम सिवनी खुर्द में निर्माणाधीन मकान पर सेंट्रिंग खोलने गया एक मजदूर स्टूल से गिरकर घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घायल मजदूर का नाम सिवनी खुर्द निवासी 36 वर्षीय, निलेश पिता इंद्रराज निननावरे बताया गया है।



जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार निलेश मकान निर्माण कार्य में मजदूरी का काम करता है, जो बुधवार को होली वाले दिन निर्माणाधीन मकान में काम करने के लिए गया था, जहां पर वह स्टूल में खड़े होकर सेंटरिंग निकाल रहा था, इसी दरमियान वह अनियंत्रित होकर नीचे गिरकर घायल हो गया। बताया गया कि इस हादसे में हाथ के बाल गिरने पर उसकी हाथ की हड्डी खिसक गई है, जिसे मकान मालिक व अन्य साथियों ने उपचार के लिए किरनापुर के अस्पताल में भर्ती कराया।जहां के चिकित्सको द्वारा उसका प्राथमिक उपचार कर ,उसे बेहतर उपचार के लिए जिला अस्पताल रिफर कर दिया।

# चाचा भतीजे का परिवार आपस में भिड़ा

## चली लाठी कुल्हाड़ी में दोनों पक्ष के 4 महिला सहित 7 लोग चोटिल

## दोनों पक्ष के 4 महिला सहित 9 लोगों के विरुद्ध अपराध दर्ज

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम वारा में चाचा और भतीजे का परिवार आपस में भिड़ गया और दोनों परिवारों के बीच चली लाठी और कुल्हाड़ी से दोनों परिवार के 4 महिला सहित 7 लोग चोटिल हो गए। 3 मार्च को सुबह यह वारदात आने जाने के रास्ते पर लोहे के एंगल लगाने के विवाद को लेकर हुई। इस वारदात में अधिक चोट लगने से घायल ज्ञानीराम पिता बाबूलाल मसखरे56 वर्ष ग्रामवारा निवासी को जिला अस्पताल बालाघाट में भर्ती किया गया था। अन्य घायलों का इलाज किरनापुर के अस्पताल में किया गया। इस मामले में किरनापुर पुलिस ने दोनों पक्ष के चार महिला सहित नौ लोगों के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम वारा में ज्ञानी राम मसखरे और उनके भतीजे संतोष मसखरे और अशोक मसखरे का मकान पास में ही है और दोनों मकान के बीच से आने-जाने का रास्ता है और दोनों परिवार के लोग इसी रास्ते से आना-जाना करते हैं। जिनका निर्णय पंचायत से भी हुआ था। 3 मार्च को 10:30 बजे करीब ज्ञानीराम मसखरे अपने बेटे प्रमोद मसखरे के साथ इस आने जाने के रास्ते में जाली लग रहे थे। तब संतोष मसखरे ने उन्हें बोला कि आने जाने के रास्ते में जाली क्यों लगा रहे हो, जबकि पंचायत से भी समझौता हो गया है। तब ज्ञानीराम मसखरे और उसके बेटे प्रमोद ने बोले कि यह जगह हमारी है। हम जाली लगाएंगे और तुम लोग मना करने वाले कौन होते हो। इसी रास्ते को लेकर दोनों परिवार आमने-सामने हो गए और पक्ष द्वारा चली लाठी कुल्हाड़ी और हाथभूसे से की गई मारपीट में दोनों पक्ष के साथ 7 लोग चोटिल हो गए। जिनमे अधिक चोट लगने से घायल ज्ञानीराम मसखरे को किरनापुर के अस्पताल से प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल बालाघाट रेफर किया गया था। इस मामले में संतोष मसखरे, उसकी मां नानी बाई मसखरे, और बहु चंद्रवती मसखरे और दूसरे पक्ष के ज्ञानी राम मसखरे के अलावा उनका बेटा प्रमोद मसखरे, मां इंदुबाई मसखरे चोटिल हुए जिनका इलाज किरनापुर के अस्पताल में किया गया। इस मामले में ज्ञानीराम मसखरे,प्रमोद मसखरे,बबली मसखरे, इंदु बाई मसखरे, और दूसरे पक्ष के संतोष मसखरे, अतुल मसखरे, अशोक मसखरे, चंद्रवती मसखरे और नानी बाई मसखरे के विरूद्ध भारतीय न्याय संहिता की संबंधित धाराओं के तहत अपराध दर्ज किया गया है। जिसकी विवेचना की जा रही है।

# बेटे के साथ की बहस मां के साथ की मारपीट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम नेवारा में एक युवक से बहस करने के बाद उसकी मां को मारपीट कर दिए और जान से मार डालने की धमकी दे दी। इस मामले में किरनापुर पुलिस ने युवक अजय खरे 27 वर्ष द्वारा की गई रिपोर्ट पर प्रीतम लाल कावरे, ईप्पल कावरे और लक्ष्मी कावरे के विरुद्ध मामला का यह कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अजय खरे अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं।4 मार्च की रात 9:30 मुझे अजय कावरे अपने काका के लड़के जितेंद्र कावरे के साथ गांव में ही समूह की मीटिंग मैं जा रहे थे। तभी रास्ते में प्रीतमलाल कावरे मिला,जिसका अजय के साथ किसी बात को लेकर विवाद हो गया। था। प्रीतमलाल कावरे अजय को अश्लील गालियां देकर अपने घर चला गया था। इसके बाद अजय समूह की मीटिंग में चला गया। जिसके कुछ देर बाद अजय की मां जानकी बाई खरे मीटिंग में आ रही थी। तभी प्रीतम कावरे उसे रास्ते मिला और बोला कि तेरे लड़के अजय ने मेरे साथ मारपीट की है और यह कहने के साथ ही प्रीतमलाल कावरे ईप्पल कावरे और लक्ष्मी कावरे ने जानकी खरे को मारपीट कर दिए और जान से मार डालने की धमकी दे दी। बीच बचाव के बाद जानकीबाई खरे समूह की मीटिंग में गई और घटना के संबंध में अपने बेटे अजय को बताई। अजय अपनी मां जानकी बाई के साथ रिपोर्ट करने के लिए किरनापुर पुलिस थाना पहुंचे। जिसके द्वारा की गई रिपोर्ट पर प्रीतम लाल कावरे ईप्पल कावरे और लक्ष्मी कावरे के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया है।

# अत्यधिक मात्रा में शराब पीने से व्यक्ति हुआ बेहोश

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम आगासी में बुधवार को होली पर्व पर अत्यधिक मात्रा में शराब पीने से एक व्यक्ति बेहोश हो गया।जिसके बार-बार बेहोश होने पर उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। जहां उसका उपचार जारी है। प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना कटंगी ग्राम अगासी वार्ड नंबर 11 निवासी



36 वर्षीय तिलक पिता शोभाराम राउत, के 2 बच्चे है।जो ईट भट्टा में ईंट बनाने का काम करता है, तिलक की पत्नी निर्मला राउत भी पति के काम में हाथ बटाती हैं। जानकारी के मुताबिक तिलक ने होली पर्व पर सुबह से ही शराब पी रखी थी, दोपहर में तिलक कही से घर आया और सो गया लेकिन काफी देर तक होश में नहीं आया। काफी देर बाद होश में आने पर फिर से बेहोश हो गया।जिसे उनके परिजनों द्वारा उपचार के लिए कटंगी अस्पताल ले जाकर भर्ती कराया गया, लेकिन वहां भी बार-बार बेहोश होने पर वहां के चिकित्सकों ने उसका प्राथमिक उपचार कर, बेहतर उपचार के लिए उसे जिला अस्पताल रिफर कर दिया। जहां उसका उपचार जारी है ।

# हर्षोल्लास एवं धूमधाम से मनाया गया रंगोत्सव

## 2 मार्च को हुआ होलिका दहन, चंद्रग्रहण के चलते 4 मार्च को खेली गई होली, रंग-गुलाल लगाकर एक-दुसरे को दी होली पर्व की शुभकामनाएं







**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। हिंदू धर्मावलंबियों के प्रमुख त्योहारों में से एक, रंगों का पावन पर्व होली है। नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में बुराई पर अज्छाई की जीत का पर्व होली का पर्व धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर २ मार्च को विधि-विधान से होलिका दहन किया गया, जिसके बाद ३ मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण ४ मार्च को धुरेड़ी ( रंगोत्सव ) का पर्व मनाया गया। इस दौरान समूचा क्षेत्र रंगों और आपसी भाईचारे के रंग में सराबोर नजर आया।**

### धार्मिक रीति-रिवाजों के साथ हुआ होलिका दहन

होली पर्व की शुरूआत गत २ मार्च को होलिका दहन के साथ हुई। धार्मिक रीति-रीवाजों के अनुसार क्षेत्र के प्रत्येक ग्राम में अलग-अलग चौक-चौराहों में वार्डवासियों ने एकजुट होकर पहले तो लकड़ियों की व्यवस्था की एवं आकर्षक सजावट के बाद शुभ-मुहूर्त से होली दहन का दौर प्रारंभ हुआ, जिसका दौर रात १२ बजे तक जारी रहा। वहीं कुछ स्थानों पर ३ मार्च की रात में भी होलिका दहन किया गया है। इस दौरान होलिका दहन स्थल पर मोहल्ले के लोग एकत्रित होकर ईश्वर को याद कर पूजन अर्चन किया। जिसके पश्चात सबसे वरिष्ठ नागरिक का चयन कर उनके हाथों से होलिका दहन करवाया गया एवं एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी गई। वहीं युवाओं ने डीजे और साउंड सिस्टम की धुन पर देर रात तक नृत्य कर खुशियां मनाईं। इस मौके पर युवाओं में भारी उत्साह देखने में आया एवं युवाओं ने जगह-जगह पर डीजे व आकर्षक साऊंड व्यवस्था कर होली दहन पश्चात रात भर खूब नृत्य भी किया। वहीं ४ मार्च की सुबह से ही नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण अंचलों में होली का खुमार चढ़ा रहा। युवाओं की टोलियां ढोल-नगाड़ों के साथ गलियों में निकलीं, जहां होली है के जयकारों के साथ एक-दूसरे को रंगों से सराबोर किया गया। इस दौरान लोगों ने एक-दूसरे के घर पहुंचकर तिलक लगाया, गले मिले और पुराने गिले-शिकवे भुलाकर पर्व की शुभकामनाएं दीं। घरेलु महिलाओं की होली भी कुछ कम नही रही, सुबह १० बजे के बाद महिलाओं ने भी अपने मोहल्ले में घूम-घूमकर आपस में रंग-गुलाल लगाया व होली की शुभकामनायें दी। वहीं दूसरी ओर ग्रामीण क्षेत्रों में भजन मंडली के द्वारा फगवा गीतों की प्रस्तुति भी दी गई जिसमें नागरिकों ने जमकर नृत्य किया व आनंद लिया।

### अधर्म पर धर्म की विजय

आपकों बता दे कि पौराणिक मान्यताओं के अनुसार होलिका दहन के दिन विष्णुभक्त प्रहलाद को जलाकर खत्म करने के इरादे से राजा हिरण्यकश्यप की बहन होलिका अपने भतीजे प्रहलाद को गोद में लेकर जलती आग में बैठ गई थी। होलिका को यह वरदान था कि आग उसे नही जलायेगी परंतु उसका अभिमान विष्णुभक्त प्रहलाद के सामने चूर-चूर हो गया। उस आग में स्वयं होलिका जल गई और विष्णुभक्त प्रहलाद को कोई आंच भी नही आई। इस प्रकार अधर्म की हार हुई और धर्म की जीत हुई। तभी से प्रतिवर्ष होली दहन के समय लकड़ियों के मध्य प्रतीक स्वरूप होलिका व प्रहलाद को रखकर पूजा अर्चना की जाती है एवं होलिका का दहन कर खुशियां मनाई जाती है। तीन दिनों तक चले होली पर्व के दौरान किसी भी प्रकार के गंभीर विवाद की घटना प्रकाश में नही आई है एवं क्षेत्र में शांतिपूर्ण माहौल में होली का पर्व मनाया गया।

# हर्षोल्लास के साथ बहनों ने मनाया भाईदूज पर्व






**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** नगर मुख्यालय सहित ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर्व के चौथे दिन गुरूवार को भाई-बहन के अटूट स्नेह का पर्व भाईदूज धार्मिक आस्था व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनों ने भाई की आरती उतारकर उनका तिलक वंदन किया। वहीं भाईयों ने अपनी बहन की रक्षा का वचन दिया। भाईदूज पर्व पर सुबह से ही बहन व भाई के अटूट स्नेह के इस पर्व को मनाने के लिए हिन्दु धर्मालंबियों में खासा उत्साह देखा गया और विशेष मुहुर्त में यमराज व यमुना की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात बहनों ने आरतीयां सजाकर भाईयों की आरती उतारकर अक्षत रोली से तिलक लगाया और भाईयों ने भी अपनी-अपनी बहनों को रक्षा का वचन दिया। साथ ही आकर्षक गिफ्ट भेंट कर बहन भाई की लंबी उम्र की मनोकामना की और भाईयों ने भी अपनी बहनों की खुशी के लिए भगवान से प्रार्थना की। आपकों बता दे कि हिन्दु धर्मालंबियों में भाई-बहन के स्नेह का पर्व भाईदूज की अलग की महत्ता रहती है और इस दिन बहने भाई के माथे पर तिलक लगाकर सदैव खुश रहने का आशीर्वाद देती है, साथ ही मुंह मीठा करवाकर उसके दीर्घायु की कामना भी करती है। व्रतधारी महिला एवं बहनों ने बताया कि होली पर्व के तीसरे दिन भाई दूज का पर्व मनाया जाता है लेकिन इस वर्ष ३ मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण ४ मार्च को रंगोत्सव का पर्व मनाया गया है इसलिए होली के चौथे दिन गुरूवार को भाईदूज का पर्व हर्षोल्लास एवं धार्मिक आस्थाओं के साथ मनाया गया। इस अवसर पर बहनें भाइयों को तिलक लगाकर आरती उतार कर मिठाई खिलाकर भगवान से उनके उज्जवल भविष्य एवं दीर्घायु की कामना करती है। साथ ही यह भी मान्यता है कि जिसकी बहनों की शादी हो चुकी है ऐसे भाई अपनी बहनों के यहां जाकर यह त्यौहार मनाते हैं जिससे उनकी आयु लंबी होती है और यह एक बहुत पुरातन परंपरा है जो चली आ रही है। इस पर्व पर लोग गोबर से गाय, बैल, बेरी बनाकर पूजा अर्चना करते हैं। बेरी बनाकर उसे कुचला जाता है ऐसा करने से यहां मान्यता है कि भाइयों के ऊपर जो भी संकट होता है वह दूर हो जाता है। साथ ही भाई हमेशा खुश रहे, दुश्मनों से उनकी रक्षा हो इसलिए बहने भाईदूज के दिन व्रत रखती है एवं उनकी पूजा करने के बाद व्रत तोड़ती है और भगवान से अपने भाईयों की दीर्घायु की कामना करती है। साथ ही भाई भी अपने बहनों को उपहार भेंट कर उनकी हमेशा रक्षा करने का वचन देते है और यह भाईदूज का पर्व भाई-बहन के स्नेह का पर्व है जिसे सभी बहने हर्षोल्लास के साथ मनाती है।

# शराब दुकान पर नकाबपोशों का हमला, तलवार और फरसा लेकर लूट की कोशिश

## नकाबपोश व्यक्ति सीसीटीव्ही कैमरे में हुए कैद, अज्ञात नकाबपोश लुटेरों पर पुलिस ने किया मामला दर्ज





**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** लालबर्रा थाना अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत जाम स्थित देशी-अंग्रेजी शराब दुकान में रविवार देर रात नकाबपोश बदमाशों ने हथियारों के साथ धावा बोल दिया। तलवार और फरसा लहराते हुए बदमाशों ने दुकान में घुसकर लूटपाट की कोशिश की, लेकिन सेल्समैन की सूझबूझ और तत्परता के कारण एक बड़ी डकैती टल गई। वहीं जाम देशी-अंग्रेजी शराब दुकान में नकाबपोश लुटेरों के द्वारा रात के समय दुकान में घुसकर लूटपाट की घटना करने की यह दुसरी घटना है। एक वर्ष पूर्व भी इसी देशी-अंग्रेजी शराब दुकान में लूट की घटना को अंजाम दिया गया था। जिसके आरोपी अब तक पुलिस गिरफ्त से काफी दुर है जिन्हे पुलिस गिरफ्तार नही कर पाई है। वहीं पुनः दुसरी घटना उसी शराब दुकान में रविवार की रात्रि में घटित हुई है जिससे दहशत का माहौल निर्मित हो गया है। पुलिस ने अज्ञात नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ बीएनएस की धारा ३१२ और ३२४ ( २ ) के तहत मामला दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### सीसीटीव्ही कैमरे की फुटेज खंगाल रही पुलिस

प्राप्त जानकारी के अनुसार १ मार्च की रात करीब १२ बजे सेल्समैन यशवंतसिंह परिहार ( थाना लवकुश नगर, जिला छतरपुर निवासी ) अपने साथी सोबिंटुकुमार सिंह के साथ दुकान बंद कर खाना बना रहे थे। इसी दौरान एक चौपहिया वाहन दुकान के पास आकर रूका, जिससे ४-५ नकाबपोश व्यक्ति हाथ में तलवार और फरसा लेकर निकले। बदमाशों को देखकर सेल्समैन ने अंदर से दरवाजा बंद कर लिया। जिसके बाद लुटेरों ने लातों और हथियारों से दरवाजा तोड़ने की कोशिश की, लेकिन सफल नहीं हो पाये। जब सेल्समैन ने पुलिस को फोन लगाना शुरू किया, तो पकड़े जाने के डर से नकाबपोश बदमाशों ने दुकान के बाहर लगे सीसीटीव्ही कैमरों में तोड़फोड़ की और वाहन सहित मौके से फरार हो गये। लेकिन भागने से पहले आरोपी सीसीटीव्ही कैमरे में कैद हो चुके थे। जिसके बाद दुकान का सेल्समैन ने दुकान मालिक रणधीर सेंगर और विकास तिवारी को घटना की जानकारी दी। वहीं शराब दुकान में लूटपाट की कोशिश होने की जानकारी लगने के बाद दुकान मालिक रणधीरसिंह सेंगर और विकास तिवारी मौके पर पहुंचे। देशी-अंग्रेजी शराब दुकान में लूट की कोशिश व दुकान में तोड़-फोड़ की घटना होने के बाद सोमवार को दुकान के सेल्समैन थाना पहुंचकर अज्ञात नकाबपोश बदमाशों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वहीं पुलिस प्रशासन इस मार्ग पर निवासरत लोगों के घरों एवं दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरों की फुटेज खंगाल रही है ताकि चौपहिया वाहन में आये आरोपियों का सुराग लगाकर उन्हे गिरफ्तार कर सके। पुलिस ने प्रार्थी की रिपोर्ट पर अज्ञात नकाबपोश लुटेरों के खिलाफ बीएनएस की विभिन्न धाराओं के तहत मामला पंजीबध्द कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

### हथियार बंध नकाबपोशों ने किया हमला - यशवंत

जाम के देशी-अंग्रेजी शराब दुकान के सेल्समैन यशवंत सिंह परिहार ने बताया कि रविवार की रात करीब १२ बजे दुकान बंद कर खाना बना रहे थे तभी दुकान के सामने एक सफेद रंग की स्कॉर्पियो कार सड़क पर आकर रूकी। जिसके बाद एक युवक हाथ में तलवार व फरसा लेकर निकला और दुकान की ओर आने लगा तो हमनें गेट बंद कर दिये। उसके बाद ५ से ६ लोग चौपहिया वाहन से नीचे उतरकर दुकान में तोड़-फोड कर लूट की घटना को अंजाम देने का प्रयास किया किन्तु सफल नही हो पाये। जिसके बाद घटना की जानकारी पुलिस एवं दुकान मालिक को दिया गया। श्री परिहार ने बताया कि नकाबपोश बदमाशों ने दुकान में लगे सीसीटीव्ही कैमरे को तोड़ दिया है एवं गेट को भी नुकसान पहुंचाये है, पुलिस प्रशासन से मांग है कि जो हथियार बंध नकाबपोशों ने दुकान में हमला किये है उन्हे जल्द गिरफ्तार कर सख्त कार्यवाही करें।

# कक्षा ९ वीं और ११ वीं की वार्षिक परीक्षा जारी

## सांदीपनी स्कूल में कक्षा ९ वीं के २०५ विद्यार्थियों ने संस्कृत एवं कक्षा ११ वीं के ८९ विद्यार्थियों ने राजनीति शास्त्र विषय का किया प्रश्नपत्र हल

पद्मेश न्यूज। लालबर्रा। लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार गत २३ फरवरी से कक्षा ११ वीं एवं कक्षा ९ वीं की २ मार्च से वार्षिक परीक्षा शुरू हो चुकी है। लालबर्रा विकासखण्ड में स्थित शासकीय हाई व हायर सेकेण्डरी स्कूलों में कक्षा ९ वीं एवं ११ वीं की वार्षिक परीक्षा गत दिवस से जारी है। इसी कड़ी में नगर मुख्यालय स्थित सांदीपनी स्कूल (उत्कृष्ट विद्यालय) में ५ फरवरी को कक्षा ९ वीं के २०५ विद्यार्थियों ने संस्कृत एवं कक्षा ११ वीं के ८९ विद्यार्थियों ने दोपहर १.३० बजे से शाम ४.३० बजे तक राजनीति शास्त्र विषय का प्रश्नपत्र शांतिपूर्वक तरीके से हल किये एवं किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना है और यह परीक्षा १७ मार्च तक जारी रहेगी। जिसके बाद उत्तर पुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा। चर्चा में सांदीपनी स्कूल लालबर्रा के परीक्षा प्रभारी संवेद अग्रवाल ने बताया कि लोक शिक्षण संचालनालय भोपाल के निर्देशानुसार गत २३ फरवरी से कक्षा ग्यारहवीं एवं २ मार्च से कक्षा नवमीं की वार्षिक परीक्षा शुरू हो चुकी है और ५ मार्च को कक्षा ९ वीं के कुल दर्ज २०८ में से २०५ विद्यार्थियों ने संस्कृत विषय का पर्चा हल किया है और कक्षा ११ वीं के कुल दर्ज ९० में से ८९ विद्यार्थियों ने राजनीति शास्त्र का प्रश्नपत्र हल किये है एवं किसी प्रकार का नकल प्रकरण नही बना है और १७ मार्च को वार्षिक परीक्षा संपन्न हो जायेगी। श्री अग्रवाल ने बताया कि यह वार्षिक परीक्षा सीसीटीव्ही कैमरे की निगरानी एवं बोर्ड पैटर्न पर आयोजित की जा रही है और परीक्षा संपन्न होने के बाद उत्तरपुस्तिकाओं का मूल्यांकन कर वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया जायेगा।



# १०५ वर्षीय पाखरूबाई पटले का शोकाकुल माहौल में किया गया अंतिम संस्कार



**पद्मेश न्यूज। लालबर्रा।** जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेहरई के मशीनटोला निवासी रामदयाल जी पटले की माताश्री एवं बालाघाट एक्सप्रेस अखबार के क्षेत्रीय संवाददाता प्रभुदयाल पटले की दादी १०५ वर्षीय श्रीमती पाखरूबाई पटले का गत ३ मार्च को हृद्यगति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया। जिनका अंतिम संस्कार ४ मार्च को स्थानीय मोक्षधाम में शोकाकुल माहौल में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार श्रीमती पाखरूबाई पटले १०५ वर्ष की हो चुकी थी और घर पर ही स्वास्थ्य लाभ ले रही थी। ३ मार्च को अचानक तबियत खराब होने एवं हृद्यगति रूक जाने से दु:खद निधन हो गया। निधन की खबर लगते ही चित-परिचितों एवं परिजनों में शोक की लहर व्याप्त हो गई। स्व. पाखरूबाई पटले सरल, स्वभाव व मृदुभाषी की धनी थी, अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गई है। बुधवार को दोपहर में बेहरई स्थित मोक्षधाम में स्व. पाखरूबाई पटले का शोकाकुल माहौल में अंतिम संस्कार किया गया। इस अवसर पर उपस्थितजनों ने दो मिनट का मौन धारण की मृतात्मा की शांति एवं परिवार को दु:ख सहन करने की शक्ति प्रदान करने ईश्वर से कामना की है। इस अवसर पर ग्रामीणजन एवं नाते-रिस्तेदार उपस्थित रहे।



# होलिका दहन के साथ हर्षोल्लास से मनाया गया रंगो का त्यौहार

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी। रंगों का सतरंगी त्यौहार नगर में जोश जुनुन एवं शालीनता और सौहाद्र के साथ मनाया गया। नगर सहित क्षेत्र में चंद्रग्रहण के चलते २ एवं ३ मार्च को होलिका दहन कर ४ मार्च को धुरेड़ी पर्व पर लोगों ने रंग उत्सव का आनंद लिया। नगर सहित क्षेत्र में लगभग आधा सैकड़ा से अधिक स्थलों पर सार्वजनिक होलिका दहन कार्यक्रम का आयोजन कर होली दहन की गई। इसके अलावा लोगों ने व्यक्तिगत तौर पर घरों के आंगन में भी होली का दहन किया। हालांकि ३ मार्च को हुए होलिका दहन में लोगों ने मुहूर्त पर चंद्र ग्रहण होने के कारण २ मार्च को ही लोगों के द्वारा शुभ मुहूर्त देखकर होली का दहन किया गया। तो वहीं कुछ लोगों के द्वारा ३ मार्च को शाम ८ बजे से चंद्र ग्रहण समाप्ति के बाद विधिवत परंपरागत रूप से पूजा अर्चना करने के साथ ही होलिका का दहन कर दिया गया। जिसके बाद सभी ने एक दुसरे को रंग गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। इस पांच दिवसीय रंगों के सतरंगी रंग में हर आयु वर्ग के लोग शामिल रहे। महिलाओं और बच्चों की टोलियों ने भी एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएँ दी।**







## गरिमामय माहौल में नगर में मनाई गई होली

### सभी वर्ग में देखा गया होली का उत्साह

पांच दिवसीय रंगोत्सव पर्व का प्रारंभ ३ मार्च को हुआ जिसके दूसरे दिन ४ मार्च को धुलेड़ी पर्व हर्ष उल्लास के साथ नगर सहित क्षेत्र में सभी वर्ग के द्वारा मनाया गया। जिसमें सभी धर्म एवं सभी वर्ग के लोग फिर क्या महिला ,पुरुष ,बच्चे और बुजुर्ग हर किसी ने जमकर गुलाल खेल कर यह उत्सव मनाया। इस दौरान नन्हे मुन्ने बालक बालिकाओं के द्वारा मोहल्ले में रंग गुलाल खेलकर रास्ते से आने जाने वाले लोगों पर रंग डाला गया। वहीं युवक युवतियों के द्वारा नगर सहित वार्ड में घूम घूम कर अपने मित्र और पहचान के लोगों को रंग लगाकर होली पर्व मनाया गया। वहीं महिलाओं के द्वारा भी मोहल्ले में होली खेली गई। परंतु इस दौरान घर के बुजुर्ग अपने निवास पर गुलाल के साथ बैठे रहे जहां पर लोगों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपने अपने बुजुर्ग जनों को गुलाल लगाकर गुलाल लिया और उनका आशीर्वाद भी लिया यह दौर सुबह से देर शाम तक चलता रहा।

### नगर में ध्वनि विस्तारक यंत्र पर रहा नियंत्रण

बोर्ड परीक्षा होने से २,३, और ४ मार्च को नगर में होरियारों की टोली ने नये और आधुनिक अंदाज में बकायदा शालीनता का परिचय देते हुये इस सतरंगी त्यौहार का आनंद उठाया। होलिका दहन समितियों ने बकायदा प्रशासनिक मार्गदर्शन का अनुसरण किया। समितियों ने होली से जुड़े गीत संगीत पर जमकर थिरका मगर इस दौरान ध्वनि के स्तर पर नियंत्रण रहा।

### पुलिस ने मुस्तैदी से क्षेत्र में बनाये रखी पैनी नजर

नगर सहित वारासिवनी थाना क्षेत्रांतर्गत किसी प्रकार की कोई घटना होली पर्व के दौरान आपसी रंजिश से जुड़ी हुई सामने नही आई। पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चौक चौराहों पर मुस्तैद रहा। होलिका दहन के दिन पुलिस प्रशासन नगर में गश्त की गई ताकि असामाजिक तत्व हुड़दंग ना मचा सके। नगर और आसपास के क्षेत्रों में एसडीओपी अभिषेक चौधरी और थाना प्रभारी पवन यादव अपने पुलिस बल के साथ हर घटनाओं और असामाजिक तत्वों पर निगाह रखे रहे एवं पुलिस की पेट्रोलिंग दिन और रात से होती रही। त्यौहार पर शांति और अमन चैन बरकरार रहे इस बात को ध्यान में रखते हुए प्रशासनिक अमला और चिकित्सकों की टोली बकायदा त्यौहारों की खुशियों से दूर सभी की सुरक्षा में लगी रही। इस दौरान सडक हादसों और मारपीट की छिटपुट घटनायें क्षेत्र से लगातार आते रही। जिसके लिये यहां पर स्थानीय पुलिस डायल ११२ ए एंबुलेंस १०८ और शासकीय चिकित्सालय में पदस्थ चिकित्सक पूरी तरह से लोगों की सुरक्षा के लिये व्यस्त रहे।

### होरियारों की टोलियों ने दिया शालीनता का परिचय

उल्लेखनीय है कि इस मर्तबा नगर में होरियारों की टोली ने शालीनता का परिचय दिया होली के नाम पर नगर में फुहड़ता पर सभी ने नियंत्रण रखा। वहीं अनावश्यक रूप से पानी का अपव्यय भी होरियारों ने नही किया। नगर की सडकों पर सूखा रंग ही बिखरा पड़ा रहा। कीचड़ की होली नही हुई लेकिन कपड़ा फाड़ होली इस मर्तबा नगर में देखने मिली।

### फगवा गीतों की छटा सुनाई दी कम

नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में पहले फगवा गीतों की छटाएं अधिक सुनाई देती थी लेकिन अब बहुत कम सुनाई दे रही है। प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों के कुछ ग्रामों में झांझ मंजिरों के साथ ब्रज की होली का नजारा यानि अलग छटा दिखाई दिया। इस फगवा गायन में ब्रज की शैली का पुट दिखाई दिया जहां पर युवा वर्ग व नागरिकों ने पहुंचकर इस होली का आनंद लिया और एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की बधाई दी।

### पूर्व विधायक डॉ.योगेन्द्र निर्मल ने होली पर क्षेत्र वासियों को दी बधाई

वारासिवनी खैरलांजी क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ.योगेन्द्र निर्मल के आवास पर पूर्व विधायक डॉ.निर्मल ने क्षेत्रवासियों से होली मिलन किया और उन्हे बधाई दी। इस अवसर पर नगर और क्षेत्र के लोगों ने पूर्व विधायक आवास पर पहुंचकर होली की रंग गुलाल लगाकर बधाई दी। इस अवसर पर पूर्व विधायक डॉ निर्मल के द्वारा होली के रंगों की तरह प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में भी इस प्रकार हंसी खुशी के रंगों से भरने की ईश्वर से कामना की गई।

### पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने अपने आवास पर मनाई होली

होली पर्व के पावन अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने भी अपने आवास पर होली मिलन का आयोजन किया। इस दौरान श्री जायसवाल से मिलने के लिये लोग बड़ी संख्या में उनके आवास पर नगर सहित क्षेत्र से पहुंचे और सभी को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने कहा कि यह पर्व गिले शिकवे दूर कर भाई चारे के साथ पर्व मनाया गया और इस रंगोत्सव की तरह पूरे प्रदेशवासियों के जीवन में खुशयाली रहे ईश्वर से कामना करते है। वहीं डीजे पर बज रहे होली के गीतों पर युवाओं के साथ पूर्व मंत्री प्रदीप जायसवाल ने भी नृत्य किया।

### विधायक विवेक पटेल के निवास पर लोगो ने खेली होली

क्षेत्रीय विधायक विवेक पटेल के निवास पर होली उत्सव की शुभकामनाएं देने के लिए क्षेत्र के गणमान्य नागरिक एवं कार्यकर्ता पहुंचे। जिन्होंने विधायक पटेल को गुलाल लगाकर होली उत्सव की शुभकामनाएं दी। वहीं विधायक पटेल के द्वारा शुभकामनाएं लेकर मीठा मुंह कराया गया जहां होली के सतरंगी रंग देखने को मिले।

# कुएँ में गिरने से वन्य प्राणी चितल की मौत

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी वन विभाग अंतर्गत ग्राम बुदबूदा के धानीटोला स्थित निजी कुएं में गिरने से वन्य प्राणी चितल की मौत हो गई। मामले में वन विभाग के द्वारा चितल के शव का रेस्क्यू परिक्षेत्र कार्यालय में उसे समूल नष्ट करने की कार्यवाही की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार धानीटोला बुदबुदा जंगल क्षेत्र से लगा हुआ है। जहां पर वन्य प्राणियों का आना जाना लगा रहता है ,५ मार्च को भी वन्य प्राणी चितल ग्राम में भ्रमण करते हुए आ गया था। जिसे आवारा कुत्तों के द्वारा दौड़ा गया जो अपनी जान बचाने के लिए इधर उधर भागते हुए धानीटोला निवासी रामप्रसाद पंचेश्वर के कुएं में जाकर गिर गया। जहां पर पानी बहुत ज्यादा था और वह फड़फड़ा रहा था जिसकी आवाज सुन आसपास के लोग दौड़े आए। देखा तो चितल कुएं के अंदर थी जिस पर घटना की जानकारी तत्काल दक्षिण सामान्य वन परिक्षेत्र कार्यालय को दी गई। जिस पर रेंजर छत्रपाल सिंह जादौन के निर्देश पर वन अमला मौके के लिए रवाना हुआ जहां वन विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा कड़ी मशक्कत की गई। परंतु रेस्क्यू के दौरान वन्य प्राणी चितल को सुरक्षित नहीं कर पाए पूरे रेस्क्यू के दौरान अचानक चितल की मौत हो गई।



इस घटना में कुएं में पानी अधिक होना या संवेदनशील वन्य प्राणी चितल होने के कारण उसकी मौत होने की संभावना व्यक्ति की जा रही है। हालांकि वन विभाग के द्वारा मौके से मृत चितल को सुरक्षित दक्षिण सामान्य वन परिक्षेत्र कार्यालय में लाया गया। जहां चितल के शव को अग्नि प्रज्वलित कर समूल नष्ट करने की कार्यवाही की गई। विदित हो कि अब यह घटनाएं तेज होगी क्योंकि गर्मी का मौसम आ गया है। लगातार वन क्षेत्र में जल संकट की स्थिति उत्पन्न होने लगी है जिसमें पानी की तलाश में यह वन्य प्राणी इधर उधर भटककर कई बार ग्राम या नगर में आ जाते हैं। जिसमें प्रमुख कारण पानी होता है । ऐसे में जागरूक नागरिकों के द्वारा वन विभाग से जंगल क्षेत्र में पर्याप्त पानी व्यवस्था बनाने की मांग की गई है।

# राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय में मनाया गया रंगोउत्सव



**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** नगर के राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ कार्यालय में होली के पावन पर्व पर होली मिलन समारोह रंगोउत्सव का आयोजन किया गया। स्थानीय संघ कार्यालय में आयोजित इस कार्यक्रम में स्वयं सेवकों ने एक दूसरे को रंग गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं और सामाजिक समरसता व भाईचारे का संदेश प्रसारित किया। संघ के पदाधिकारियों ने बताया कि यह आयोजन गत वर्षों की परंपरा को बनाए रखते हुए एक सामूहिक उत्सव के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में संतोष लिल्हारे एवं आशीष राठौर के द्वारा होली के गीत की प्रस्तुतियां दी एवं सागर राठौर ने शानदार मिमिक्री करके सभी को हंसने पर मजबूर कर दिया। इसके सभी स्वयंसेवको ने पारंपरिक नृत्य करते हुए भरपूर आनंद उठाया जिन्होंने भक्तिमय वातावरण निर्मित किया। समारोह से पूर्व गुरुवार को स्वयं सेवको ने संघ कार्यालय में एकत्र हुए



और शाखा लगाकर संघ की प्रार्थना की। इसके बाद होली मिलन कार्यक्रम के तहत सभी ने आपसी भाईचारे को सुदृढ़ करने पर जोर दिया। इस अवसर पर सिवनी विभाग के विभाग प्रचारक सुरेन्द्र का ओजस्वी मार्गदर्शन प्राप्त हुआ। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि होली केवल रंगों का त्यौहार नहीं,बल्कि ऊंच.नीच और भेदभाव की दीवारों को ढहाकर राष्ट्र के प्रति समर्पित होने का पर्व है। उन्होंने स्वयं सेवकों को आह्वान किया कि वे संगठन की मजबूती और समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने हेतु सदैव तत्पर रहें। कार्यक्रम में प्रांत के ग्राम विकास संयोजक नैनसुख की भी विशेष उपस्थिति रही जिनका सानिध्य स्वयं सेवकों को प्राप्त हुआ। इस दौरान शिवदयाल बोपेचे,सुरेन्द्र राहंगडाले, धर्मराज राणा,नामदेव राऊत,डॉ.नीरज अरोरा, विनय सुराना,संजय मांधाता,डालीराम भगत, विजय तेलाशकर, आशीष राठौर, प्रदीप शरणागत, सुनील जैन ,समीर बिसेन, मिथुन बुरडे, कमल मांधाता सहित नगर के सभी स्वयं सेवक उपस्थित रहे।

# थाने में होली महोत्सव का हुआ आयोजन

## पुलिस अधिकारी कर्मचारियों ने जमकर किया नृत्य

**पद्मेश न्यूज।वारासिवनी।** पुलिस थाना वारासिवनी में धुलेडी पर्व होली महोत्सव कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम सभी पुलिस कर्मचारियों की उपस्थिति में प्रारंभ किया गया। जिसमें पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों ने जमकर गुलाल और रंगों के माध्यम से एक दूसरे को रंगते हुए अपना प्रेम जाहिर किया। इसके बाद डीजे पर बज रहे होली के गीतों पर जमकर नृत्य किया गया। इस दौरान कपड़ा फाड़ होली भी देखने को मिला जहां पर पुलिस अधिकारी और कर्मचारियों के द्वारा जमकर आनंद और उत्सव मनाया गया। जिसमें फायर ब्रिगेड से पानी की बरसात भी आकर्षण का केंद्र रही। जहां उपस्थित लोगों ने होली खेल पानी में भीगने का आनंद लिया। यह होली महोत्सव



कार्यक्रम सुबह १० बजे से प्रारंभ हुआ जो दोपहर २ बजे तक चला। थाना क्षेत्र में किसी भी सामाजिक कार्यक्रम को लेकर या पर्व को लेकर पुलिस प्रशासन सदैव मुस्तैदी के साथ रहता है ताकि आपसी प्रेम सद्भाव बना रहे। इसी कड़ी में ३ मार्च को होली का दहन और ४ मार्च को धुलेड़ी पर्व पर पुलिस प्रशासन के द्वारा अपने घरों का पर्व छोडकर आम इंसान की सुरक्षा में अपनी ड्यूटी की गई। इसके बाद इस पांच दिवसीय रंग उत्सव का पर्व जो ३ मार्च से प्रारंभ हुआ था उसके तीसरे दिन ५ मार्च को पुलिस प्रशासन के द्वारा सामूहिक रूप से थाना परिसर में होली पर्व का आयोजन करते हुए यह उत्सव मनाया गया।

# भाईदूज पर बहनों ने की भाईयों के लिये मंगलकामना

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** पांच दिवसीय रंगोत्सव पर्व का आगाज ३ मार्च को होलिका दहन से प्रारंभ हो गया है। इस पर्व के तीसरे दिन यानि ५ मार्च को भाईदूज का पर्व पूरे क्षेत्र में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। यह पर्व रंग पंचमोत्सव के तीसरे दिन यानि ५ मार्च को बहनों के द्वारा भाईयों की लंबी व दीर्घायु जीवन कामना का भाव लेकर आरती सजाई गई। तत्पश्चात परंपरानुसार भाईयों की अक्षत रोली से तिलक कर मिठाई खिलाकर नारियल, फुल तथा वस्त्रों की भेंट दी गई एवं बदले में भाईयों के द्वारा नगदी राशि भेंट व उपहार आदि प्रदान कर उन्हे स्नेहाशिष प्रदान किया गया। यह पर्व प्रत्येक घरों में धुमधाम के साथ भाई बहन के प्रेम के साथ मनाया गया। जहां पर बहनों ने भाईयों के दीर्घायु जीवन की कामना की वहीं भाइयों ने भी बहनों की रक्षा करने का संकल्प लिया।



# एंथ्रोपिक को धमकाना

पिछले कुछ दिनों के दौरान, अमेरिका के रक्षा विभाग ने कोडिंग सहायक क्लॉड के विकासकर्ता एंथ्रोपिक को अचानक बाहर का रास्ता दिखा दिया और फर्म को 卐सप्लाई चेन रिस्क卐 की श्रेणी में डाल दिया ङ्क यह ठप्पा उन फर्मों के लिए है जिन पर शत्रु विदेशी राष्ट्रों से प्रभावित होने का संदेह होता है। कारण बहुत सीधा था: एंथ्रोपिक ने व्यापक घरेलू नजरदारी (सर्विलांस) और पूर्ण स्वायत्त हथियार प्रणाली के लिए अपने टूल्स के इस्तेमाल की इजाजत देने के मामले में झुकने से इनकार कर दिया। इस जोरदार टकराव में अमेरिकी सरकार ने एंथ्रोपिक पर 卐वोक卐 और 卐रैडिकल卐 एजेंडे पर चलने का आरोप लगाया। पूर्व रियायतों, जिनसे अमेरिकी रक्षा प्रतिष्ठान को तेजी से कोड बेस क्रिएट और अपडेट करने वाले क्लॉड के इस्तेमाल की इजाजत मिल गयी होती, के बावजूद टकराव का इतना बढ़ना हैरान करता है। इस टकराव में एक डराने वाला संदेश भी है ङ्क एक बड़ी शक्ति अपनी सामरिक बढ़त बनाये रखने के लिए कुछ भी कर सकती है, चाहे तो सुरक्षा उपायों के साथ या उसके बगैर। यह एक बहुध्रुवीय दुनिया में खतरनाक संदेश भेजने जैसा है जहां सुरक्षा को लेकर साझा मानक हासिल करना लगातार ज्यादा कठिन होता जा रहा है।

यह अब ब्लेचली पार्क एआई सुरक्षा शिखर सम्मेलन की दुनिया नहीं है। यह वो सम्मेलन था जिसने एआई प्रणालियों की तेजी से बढ़ती ताकत और ऐसे जोखिमों, जहां बहुत कुछ दांव पर हो, को कम करने की साझा वैश्विक अनिवार्यता स्वीकार की। इस प्रशंसनीय संदेश के क्या मायने रह जाते हैं जब एआई के विकास में अग्रणी देश युद्ध के लिए सुरक्षा नियंत्रण के किसी भी रूप को सार्वजनिक रूप से खारिज कर दे, वह भी ऐसे वक्त में जब ईरान पर गैर-जिम्मेदाराना हमलाङ्क खबरों के मुताबिक, क्लॉड से कुछ सहायता के साथङ्क जारी है? फर्मों को ऐसी आपत्तिजनक मांगों, जिनके अपने गृह देश और दुनिया भर में डराने वाले नतीजे हो सकते हैं, से निपटते समय कुछ रीढ़ दिखाने की जरूरत है। आखिरकार, अगर अमेरिका घरेलू नजरदारी के लिए नीतिगत स्थान की मांग इतने पुरजोर तरीके से कर रहा है, तो उन देशों का क्या होगा जहां राजनीतिक विपक्ष में, उनके फोनों में जासूसी सॉफ्टवेयर के जरिए, घुसपैठ करना पहले ही आम चलन है। एंथ्रोपिक ने यह रीढ़ दिखायी और उसे अपने हमपेशों (पिअर्स) का साथ मिलना चाहिए था। अफसोस की बात है कि ऐसा नहीं हुआ। एंथ्रोपिक को अवांछित करार दिये जाने के चंद घंटों बाद ही, चैटजीपीटी की निर्माता ओपनएआई अमेरिकी रक्षा विभाग को वो लचीलापन देती नजर आयी जो वह चाह रहा था। ओपनएआई के इस आश्वासन के बावजूद कि उसके समझौते में अहम सुरक्षा उपाय शामिल हैं, एआई सुरक्षा को नुकसान पहुंचा है। दुनिया की दूसरी महाशक्तियां और बहुत सारी मझोली शक्तियां इस पर करीबी नजर बनाये हुए हैं। हो सकता है कि किसी मसले पर अडिग रूख अपनाना फर्मों का आदर्श स्वभाव न हो ङ्क यह ध्यान में रखते हुए कि आखिरकार उनकी प्रेरणा मुनाफा है ङ्क लेकिन जब दुनिया भर में मजबूत संस्थाएं कमजोर पड़ती जा रही हैं, तो कुछ ही जगहें बची हैं जिनकी ओर सुरक्षा के मसले पर नेतृत्व के लिए देखा जा सकता है। जब एक फर्म, जिसके अरबों डॉलर दांव पर लगे हों 'न' कहती है, तब एक दूसरी फर्म का आकर 'हो सकता है, हां' कहना कोई उम्मीद जगाने वाला संकेत तो नहीं है।

# युद्ध नहीं आज शांति जरूरी

जैसे ही आर्टिफिशल इंटेलीजेंट यानि कृत्रिम बुद्धिमता का प्रवेश हुआ वैसे ही युद्ध का दायरा इस कदर बढ़ा की अब परमाणु हमले की नौबत आ गई ईरान को अमेरिका से क्या लेना देना था लेकिन जबरन कूद गया विज्ञान की प्रगति के साथ विश्वभर में चारों ओर विकास ने नई करवट ली है। विकास के नित नये आयामों से सभी देश अपनी समृद्धि को तीव्र वेग से आगे बढ़ाने में जुट गये हैं। जिसके कई सुखद परिणाम भी सामने आये हैं। विज्ञान ने चिकित्सा स्वास्थ्य, कृषि, उद्योग, यातायात, दूरसंचार, युद्ध उपकरणों इत्यादि सभी क्षेत्रों में आशातीत प्रगति की है और इस ओर अभी भी वैज्ञानिकों का प्रयास जारी है। इस कारण आधुनिक भौतिक साधनों ने इन्सानों का जीवन ही बदल दिया है। सभी देश विज्ञान के आधार पर अपने देश को प्रगतिशील,समृद्धशाली, शक्तिशाली बनाने की होड़ में लगे हुए हैं। इस होड़ अर्थात् प्रतिस्पर्धा को लेकर सभी देश अपनी सुरक्षा के लिए अस्त्रा-शस्त्रों का उत्पादन करने में जुट गये हैं।अमेरिका और ईरान के युद्ध में निर्दोष नागरिकों की बहुत अधिक संख्या में जान जा रही है अस्त्र-शस्त्रों की बढ़ती प्रतिस्पर्धा के कारण सम्पूर्ण विश्व चिंतन के सागर में डूबा हुआ है। इससे बचने के लिये सभी देश, जो स्वयं अपनी सुरक्षा के लिये चिंतित होने पर भी अस्त्रा-शस्त्रा के भंडारण में जुटे हुए होने के बाद भी विश्व शान्ति के लिये निःशस्त्रीकरण का राग अलापते थकनहीं रहे हैं।विध्वंशकारी अस्त्र-शस्त्रों से विनाश की स्थिति को जानते हुए भी कई देशों ने एक-दूसरे देश पर आक्रमण कर विनाश लीला का खुला तांडव खेला है। जिसके दुष्परिणामों ने असंख्य इन्सानों की जान ली है। वहाँ अनगिनत देश की




समृद्धि की झलक दिखाने वाले निर्माण कार्यों को विध्वंश कर दिया है। चारों ओर तबाही मचाने में किसी प्रकार की कमी नहीं रखी है। विकास को विनाश में बदल दिया है। इस आक्रमणकारी नीति से बचने के लिये सभी अपने देश में शान्ति, खुशहाली, समृद्धि के पक्ष में निःशस्त्रीकरण की फिराक में रहते हैं और इसके लिए सभी देशों का जन समर्थन जुटाने में कटिबद्ध हैं। क्योंकि सभी को विनाश का खतरा सामने दिखाई देता है। आज दुनिया परमाणु युद्ध की तरफ बढ़ रहा है इसके परिणाम हम सभी जानते हैं 76 साल पहले 6 अगस्त 1945 को अमेरिका ने जापान के हिरोशिमा शहर पर दुनिया का पहला परमाणु बम हमला किया था. इसके तीन दिन बाद जापान के ही नागासाकी शहर पर दूसरा परमाणु बम गिराया गया. दोनों शहर लगभग पूरी तरह तबाह हो गए. डेढ लाख से अधिक लोगों की पल भर में जान चली गई और जो बच गए वो अपंग हो गए और आज भी जो बच्चे जन्म लेते हैं वे अपंगता के शिकार होते हैं क्योंकि रेडिएशन का खतरा 100वर्षों या इससे भी अधिक रहता है व जिसकी मार मासूम लोगों को भुगतना पड़ता है इसके लिये सभी देशों को निर्दोष इन्सानों की रक्षा हेतु परमाणु निःशस्त्रीकरण का संकल्प लेने पर जोर दिया है ताकि कभी भी किसी देश पर आक्रमण करने की स्थिति ही नहीं बने। विश्व में अस्त्र-शस्त्रों की होड़ ही आक्रमणकारी बनाने का माध्यम बनती है। वहाँ इन्सान भी आवेश, आक्रोश,गुस्से, बदले की भावना, किसी को प्रताड़ित करने के उद्देश्य से, किसी का तिरस्कार करने, किसी को दंडित करने के लिये आक्रामक रुख अपनाते हुए आक्रमणकारी होता है तो उसके सामने, सामने वाले के विनाश के अलावा कुछ दिखाई नहीं देता है। आक्रमणकारी की चाह रहती है कि वह जो आक्रमण कर रहा है वह विफल न हो जावे व परमाणु बम के हमला की आशंका बढ़ जाती है । इस कारण इन्सान-इन्सान में घृणा, द्वेषभाव, ईर्ष्या, दुश्मनी आदि उत्पन्न होती है जो इन्सानों की सुख-शांति, अमनचैन छीनती है। ऐसी आक्रमणकारी नीति से बचने के लिये और विश्व में शान्ति स्थापित करने हेतु परमाणु निःशस्त्रीकरण पर अधिक बल देना चाहिए। इसी सुख-शान्ति अमन-चैन के साथ एक-दूसरे के प्रति भाईचारे के भाव बनाने के लिए इन्सान को अन्य किसी इन्सान पर आक्रमणकारी नहीं बल्कि सहयोगी बन कर रहने में ही भलाई है। इससे आक्रमणकारी को भी शांति और संतोष मिलता है। बुरे विचार इसके दिल और दिमाग से हट जाते हैं। ऐसी मानसिक शांति पाने के लिये आक्रमणकारी नहीं बनने की जरूरत है भगवान बुद्ध ने अहिंसा प्रमोधर्म का नारा देकर विश्व को युद्ध मेँ झूलसने से बचाने हेतु एक नई दिशा दी। मानवता के आधार पर इन्सान यह सोचे कि मैं आक्रमणकारी नहीं बनूं और न ही सहयोग दूंगा। इस दृढ़ संकल्प द्वारा वह शांति का शंखनाद करने में कदापि पीछे नहीं रहेगा। वर्तमान में इसकी महत्ती आवश्यकता है। इसी प्रकार एक-दूसरे देश पर आक्रमण करता है तब अन्य देश आपस में लड़ने वाले किसी एक देश की आक्रामक नीति में भागीदार बनता है, उसे मदद देता है, सहयोगी के रूप से दुश्मन समझने वाले देश से युद्ध करता है तब वहाँ सर्वत्र विनाश ही विनाश होने की संभावना बढ़ती है। ऐसी विषम स्थिति में विश्व शांति को कभी भी खतरा उत्पन्न हो सकता है।इस कारण इन्सान-इन्सान में घृणा, द्वेषभाव, ईर्ष्या, दुश्मनी आदि उत्पन्न होती है जो इन्सानों की सुख-शांति, अमनचैन छीनती है। ऐसी आक्रमणकारी नीति से बचने के लिये और विश्व में शान्ति स्थापित करने हेतु परमाणु निःशस्त्रीकरण पर अधिक बल देना चाहिए। इसी सुख-शान्ति अमन-चैन के साथ एक-दूसरे के प्रति भाईचारे के भाव बनाने के लिए इन्सान को अन्य किसी इन्सान पर आक्रमणकारी नहीं बल्कि सहयोगी बन कर रहने में ही भलाई है। इससे आक्रमणकारी को भी शांति और संतोष मिलता है। बुरे विचार इसके दिल और दिमाग से हट जाते हैं। ऐसी मानसिक शांति पाने के लिये आक्रमणकारी नहीं बनने की सीख आचार्य तुलसी ने देश की आजादी के बाद मानवता आंदोलन चलाकर विश्व को एक नई दिशा दी। मानवता के आधार पर इन्सान यह सोचे कि मैं आक्रमणकारी नहीं बनूं और न ही सहयोग दूंगा। इस दृढ़ संकल्प द्वारा वह शांति का शंखनाद करने में कदापि पीछे नहीं रहेगा। वर्तमान में इसकी महत्ती आवश्यकता है। इसी प्रकार एक-दूसरे देश पर आक्रमण करता है तब अन्य देश आपस में लड़ने वाले किसी एक देश की आक्रामक नीति में भागीदार बनता है, उसे ममदद देता है, सहयोगी के रूप से दुश्मन समझने वाले देश से युद्ध करता है तब वहाँ सर्वत्रा विनाश ही विनाश होने की संभावना बढ़ती है। ऐसी विषम स्थिति में विश्व शांति को कभी भी खतरा उत्पन्न होता है पूर्ण विश्व ही इस युद्ध की मार झेलता है कहीं क़ोई खाड़ी देश में भारतीय भी मारा गया है और अब महंगा होगा जरुरत की हर चीज व हजारों यात्रियों में अफरा तफरी का माहौल है जबकी दूसरे अन्य देशों से इसका क़ोई लेना देना नहीं है अतः इसे जल्द से जल्द ख़त्म करना चाहिए।

**- संजय गोस्वामी**

# झूठ पर गढ़े गए युद्ध के निराधार और भ्रामक दावे




बातचीत के दौरान एक झूठ का सहारा लेकर इजराइल और अमेरिका ने जिस तरह से ईरान पर हमला किया, उसी वक्त तनाव के बीच का संघर्ष मानों बेलगाम युद्ध में तब्दील हो गया। अब पश्चिम एशिया में चल रहा युद्ध केवल मिसाइलों और बमों तक सीमित नहीं रह गया है, इसके समानांतर एक और खतरनाक युद्ध लड़ा जा रहा है, वह है सूचना और दुष्प्रचार की जंग। जब युद्ध के मैदान में धुआँ उठता है, तब अक्सर सच्चाई धुंध में छिप जाती है और अफवाहें, आधे-अधूरे तथ्य तथा झूठी खबरें जंगल में लगी आग की तरह तेजी से फैलने लगती हैं। भीड़ या समूह को भड़काने में इसका बेजा इस्तेमाल किया जाता है। दरअसल हाल ही में एक अमेरिकी समाचार चैनल द्वारा यह दावा किया गया कि ईरान पर हमले के लिए अमेरिकी नौसेना भारतीय बंदरगाहों का उपयोग कर रही है। भारत के विदेश मंत्रालय ने तुरंत इस खबर का खंडन करते हुए इसे पूरी तरह झूठा और निराधार बताया। यह घटना बताती है कि युद्ध के समय भ्रामक सूचनाएँ किस प्रकार देशों के बीच अनावश्यक तनाव पैदा कर सकती हैं। दरअसल, अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता संघर्ष पहले ही बेहद संवेदनशील मोड़ पर पहुंच चुका है। हजारों लोगों की जान जा चुकी है और युद्धविराम की संभावना फिलहाल दूर-दूर तक नजर नहीं आ रही है। ऐसे माहौल में अगर किसी तीसरे देश को बिना किसी प्रमाण के युद्ध से जोड़ दिया जाए, तो उसके गंभीर कूटनीतिक और रणनीतिक परिणाम हो सकते हैं। भारत के संदर्भ में यह और भी महत्वपूर्ण है, क्योंकि भारत लंबे समय से पश्चिम एशिया में संतुलित और स्वतंत्र विदेश नीति अपनाता रहा है। भारत के ईरान, इजरायल और अमेरिका तीनों ही देशों से महत्वपूर्ण संबंध हैं। ऐसे में इस प्रकार के निराधार दावे भारत की तटस्थ और संतुलित नीति को नुकसान पहुंचाने का प्रयास भी हो सकते हैं। खासतौर पर तब जबकि ईरान पर हमले से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजराइल दौरे को लेकर तरह-तरह के भ्रामक दावे किए गए, बाद में इस पर भी स्पष्टीकरण आया और सभी दावे अफवाहें साबित हो गए। बहरहाल युद्ध के दौरान दुष्प्रचार का इस्तेमाल करना कोई नई बात नहीं है। इतिहास गवाह है कि युद्ध के समय प्रचार और मनोवैज्ञानिक रणनीतियाँ सैन्य हथियारों जितनी ही महत्वपूर्ण मानी जाती रही हैं। आज डिजिटल युग में यह प्रवृत्ति और अधिक खतरनाक हो गई है, क्योंकि सोशल मीडिया और 24 घंटे चलने वाले कुछ समाचार चैनलों के कारण गलत जानकारी पलक झपकते ही दुनिया भर में फैल जाती है। कई बार तो ये खबरें बिना तथ्य के जांचे-परखे प्रसारित कर दी जाती हैं, जिससे भ्रम और अविश्वास का माहौल बन जाता है।

वर्तमान संघर्ष के संदर्भ में भी यही स्थिति दिखाई दे रही है। अमेरिकी नेतृत्व ने दावा किया है कि उसके सैन्य अभियान ने ईरान की सैन्य क्षमता को गंभीर रूप से कमजोर कर दिया है और ईरान द्वारा किए जा रहे मिसाइल और ड्रोन हमलों में भारी कमी आई है। वहीं दूसरी ओर ईरान भी लगातार जवाबी कार्रवाई कर रहा है और क्षेत्र में तनाव बढ़ता जा रहा है। इस पूरे परिदृश्य में सच्चाई का सही आकलन करना कठिन हो गया है, क्योंकि हर पक्ष अपनी-अपनी रणनीतिक कथा प्रस्तुत कर रहा है। इस युद्ध के व्यापक भू-राजनीतिक प्रभाव भी सामने आने लगे हैं। पश्चिम एशिया की अस्थिरता का असर वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर पड़ना स्वाभाविक है। ऊर्जा आपूर्ति, तेल और गैस के व्यापार तथा समुद्री मार्गों की सुरक्षा को लेकर दुनिया भर में चिंता बढ़ रही है। चीन और रूस जैसे देश भी इस स्थिति को लेकर सतर्क दिखाई दे रहे हैं। चीन द्वारा रक्षा बजट में वृद्धि का निर्णय इसी व्यापक रणनीतिक अस्थिरता की ओर संकेत करता है। इसका अर्थ तो यही हुआ कि यह संघर्ष केवल क्षेत्रीय नहीं रहा, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन को भी प्रभावित करने की क्षमता रखता है। अमेरिका के भीतर भी इस युद्ध को लेकर बहस तेज हो गई है। एक तरफ कुछ आलोचकों का मानना है कि बिना कांग्रेस की अनुमति के सैन्य कार्रवाई करना संवैधानिक सीमाओं को चुनौती देने जैसा है, वहीं दूसरी तरफ कुछ ने इसे सही कदम बताया है। यह विवाद दर्शाता है कि आधुनिक लोकतांत्रिक व्यवस्थाओं में युद्ध केवल सैन्य या कूटनीतिक मुद्दा नहीं होता, बल्कि राजनीतिक और कानूनी विमर्श का भी विषय बन जाता है।

इन सबके बीच सबसे बड़ी चुनौती यह है कि सूचना की विश्वसनीयता कैसे सुनिश्चित की जाए। जब समाचार और दुष्प्रचार के बीच की रेखा धुंधली हो जाती है, तब जनता के लिए सही और गलत में फर्क करना कठिन हो जाता है। इसलिए सरकारों, मीडिया संस्थानों और नागरिकों, तीनों की जिम्मेदारी है कि वे तथ्यों की पुष्टि के बिना किसी भी सूचना को स्वीकार न करें। भारत के विदेश मंत्रालय द्वारा झूठे दावों का तुरंत खंडन करना इस दिशा में एक सकारात्मक कदम है। यह दर्शाता है कि आज के दौर में केवल सैन्य या कूटनीतिक तैयारी ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि सूचना युद्ध से निपटने के लिए भी सतर्क और सक्रिय रहना आवश्यक है। अंततः यह समझना होगा कि युद्ध का सबसे बड़ा शिकार केवल सैनिक या नागरिक नहीं होते, बल्कि सच भी होता है। जब झूठ और दुष्प्रचार को हथियार बना लिया जाता है, तब वैश्विक शांति और स्थिरता पर गंभीर खतरा मंडराने लगता है। इसलिए आवश्यक है कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय न केवल युद्ध को रोकने के प्रयास करे, बल्कि सूचना के क्षेत्र में भी जिम्मेदारी और पारदर्शिता को बढ़ावा दे। तभी दुनिया को झूठ पर गढ़े गए युद्धों और उनके खतरनाक परिणामों से बचाया जा सकेगा।

**- डॉ हिदायत अहमद खान**

# सिम बाइंडिंग : भारत के नए दूरसंचार आदेश का वास्तव में क्या अर्थ है?

पिछले कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर डराने वाली सुर्खियां तैर रही हैं: 卐1 मार्च से व्हाट्सएप काम करना बंद कर देगा,卐 卐उपयोगकर्ताओं को हर छह घंटे में लॉग आउट किया जाएगा,卐 卐सरकार चैट को सिम से जोड़ रही है।

इनमें से अधिकांश दावे अतिरंजित हैं। लेकिन इस शोर के नीचे एक महत्वपूर्ण नीतिगत बदलाव छिपा है। दूरसंचार विभाग (DoT) ने वह पेश किया है जिसे 卐सिम बाइंडिंग卐 के रूप में वर्णित किया जा रहा है—एक हार्डवेयर-टू-सॉफ्टवेयर सत्यापन ढांचा जो भारत के डिजिटल शासन मॉडल को नया आकार दे सकता है।

यह केवल एक तकनीकी समायोजन नहीं है। यह इस बात पर गहन पुनर्विचार को दर्शाता है कि भारत के डिजिटल पारिस्थितिकी तंत्र में पहचान, संचार और जवाबदेही कैसे एक-दूसरे से जुड़ते हैं।

सिम बाइंडिंग क्या है?

सिम बाइंडिंग का मतलब यह नहीं है कि सरकार निजी चैट पढ़ेगी या एंड-टू-एंड एन्क्रिप्शन को तोड़ेगी। सामग्री एन्क्रिप्टेड ही रहेगी। तकनीकी रूप से, सिम बाइंडिंग एक सत्यापन तंत्र है जो यह सुनिश्चित करता है कि एक मैसेजिंग अकाउंट केवल तभी सक्रिय रहे जब वह उसी पंजीकृत सिम कार्ड से जुड़ा हो जो भौतिक रूप से डिवाइस में मौजूद है।

यदि सिम निकाल दी जाती है या सत्यापन विफल हो जाता है, तो पुनः प्रमाणीकरण होने तक पहुंच अस्थायी रूप से प्रतिबंधित की जा सकती है। सरल शब्दों में, यह पहचान की निरंतरता सुनिश्चित करता है—सामग्री की निगरानी नहीं।

विवादास्पद 卐छह घंटे का लॉगआउट नियम卐 जिसने घबराहट पैदा की है, वह मुख्य रूप से वेब और डेस्कटॉप सत्रों पर और केवल उच्च-जोखिम वाले खातों के लिए लागू होता प्रतीत होता है। विचार यह है कि समय-समय पर यह सत्यापित किया जाए कि उपयोगकर्ता के पास अभी भी खाते से जुड़ा सिम मौजूद है।

सामान्य मोबाइल उपयोगकर्ताओं के लिए, किसी व्यवधान की संभावना नहीं है। इसका कार्यान्वयन अचानक होने के बजाय चरणबद्ध होने की उम्मीद है—एक झटके में बंद करने के बजाय धीरे-धीरे बदलने जैसा।

**सरकार ऐसा क्यों कर रही है?**

इस कदम के पीछे तीन प्रमुख शासन तर्क हैं:-

1. पहचान-बद्ध संचार (Identity-bound communication) भारत पहले से ही केवाईसी (चङ्घष्ट) के माध्यम से




सिम स्वामित्व का सत्यापन करता है। हालांकि, एक बार ओटीपी का उपयोग करके मैसेजिंग ऐप सक्रिय हो जाने के बाद, निरंतर उपयोग के लिए हमेशा सिम सत्यापन की आवश्यकता नहीं होती है। यह एक 'पहचान अंतराल' (identity gap) पैदा करता है। सिम बाइंडिंग यह सुनिश्चित करके इस अंतर को पाटने का प्रयास करती है कि संचार खाते एक सत्यापित पहचान से जुड़े रहें।

2. साइबर धोखाधड़ी से निपटना भारत में डिजिटल धोखाधड़ी का एक बड़ा हिस्सा 'पहचान बदलने' (identity hopping) पर निर्भर करता है। अपराधी अक्सर डिस्पोजेबल सिम कार्ड, विदेशी सक्रियण और अस्थायी नंबरों का उपयोग करते हैं। सरकार का तर्क है कि खातों को सत्यापित सिम कार्डों से कसकर बांधने से, फर्जी पहचानों को हथियार बनाना कठिन हो जाएगा।

3. डिजिटल अनुशासन का निर्माण भारत का शासन ढांचा तेजी से पहचान-लिंक्ड होता जा रहा है: बैंकिंग, यूपीआई, आधार, दूरसंचार, टैक्स फाइलिंग। व्यापक दिशा उच्च-प्रभाव वाली डिजिटल गतिविधियों में केवाईसी-सत्यापित भागीदारी की ओर है। सिम बाइंडिंग इसी विकसित होते अनुपालन पारिस्थितिकी तंत्र में फिट बैठती है।

संवैधानिक प्रश्न

हालाँकि, शासन का तर्क बहस को समाप्त नहीं करता है। सुप्रीम कोर्ट के ऐतिहासिक के.एस. पुट्टास्वामी फैसले (2017) ने निजता को एक मौलिक अधिकार के रूप में मान्यता दी और आनुपातिकता (proportionality) का सिद्धांत स्थापित किया। निजता पर किसी भी प्रतिबंध को चार परीक्षणों को संतुष्ट करना होगा: वैधता, वैध उद्देश्य, आवश्यकता और आनुपातिकता।

यहां उद्देश्य—साइबर अपराध को रोकना—वैध है। मुख्य प्रश्न आनुपातिकता का है। क्या करोड़ों उपयोगकर्ताओं की मैसेजिंग पहचान को बांधना धोखाधड़ी से निपटने का सबसे कम हस्तक्षेप वाला तरीका है? क्या लक्षित प्रवर्तन, बेहतर केवाईसी ऑडिट या बेहतर सीमा-पार सहयोग से कम निजता समझौतों के साथ समान परिणाम प्राप्त किए जा सकते हैं?

यह एक खुला संवैधानिक विचार बना हुआ है।

क्षेत्राधिकार संबंधी तनाव

एक नियामक संघर्ष भी जन्म ले रहा है। मैसेजिंग प्लेटफॉर्म खुद को भारत के सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम के तहत 'मध्यस्थ' (intermediaries) के रूप में वर्गीकृत करते हैं, न कि दूरसंचार सेवा प्रदाता के रूप में। उनका तर्क है कि दूरसंचार-स्तर के अनुपालन दायित्व वैधानिक अधिकार से बाहर हो सकते हैं।

यह मुद्दा मामूली नहीं है। यह एक मौलिक शासन प्रश्न को छूता है: भारत में संचालित डिजिटल संचार प्लेटफार्मों के लिए नियम कौन तय करता है—घरेलू दूरसंचार नियामक या वैश्विक प्रौद्योगिकी कंपनियां?

भारत का रुख तेजी से एक संप्रभु नियामक स्थिति को दर्शाता है: यदि प्लेटफॉर्म भारतीय क्षेत्र में काम करते हैं और भारतीय नागरिकों को प्रभावित करते हैं, तो उन्हें भारतीय कानून का पालन करना होगा।

**इंटरनेट दर्शन में बदलाव**

वैश्विक स्तर पर, इंटरनेट गवर्नेंस के दो व्यापक मॉडल उभर रहे हैं:-

? पहला ओपन इंटरनेट मॉडल है, जो न्यूनतम राज्य हस्तक्षेप और व्यापक गुमनामी को प्राथमिकता देता है।

? दूसरा संप्रभु इंटरनेट मॉडल (sovereign internet model) है, जो सुरक्षा, गलत सूचना और साइबर अपराध की चिंताओं का हवाला देते हुए डिजिटल भागीदारी को सत्यापन योग्य पहचान से जोड़ता है।

भारत दूसरे मॉडल के करीब जाता दिख रहा है—गुमनामी को पूरी तरह से खत्म नहीं कर रहा है, बल्कि इसे डिफॉल्ट के बजाय सशर्त बना रहा है। यह एक दार्शनिक बदलाव को दर्शाता है। वर्षों से, भारत में डिजिटल पहचान प्रवेश के समय ओटीपी सत्यापन पर निर्भर रही है। अब जो विकसित हो रहा है वह निरंतर पहचान सत्यापन का एक ढांचा है—जिसे कुछ पर्यवेक्षक केवाईसी क्रेडेंशियल्स से जुड़े डिजिटल डीएनए के निर्माण के रूप में वर्णित करते हैं।

यह क्या नहीं करता है? तथ्य को अटकलों से अलग करना महत्वपूर्ण है। सिम बाइंडिंग:

? एन्क्रिप्टेड सामग्री तक नियमित पहुंच की अनुमति नहीं देता है।

? सभी उपयोगकर्ताओं को हर छह घंटे में स्वचालित रूप से लॉग आउट नहीं करता है।

? रातों-रात मैसेजिंग प्लेटफॉर्म को बंद नहीं करता है।

? प्लेटफार्मों को डिफ़ॉल्ट रूप से राज्य निगरानी उपकरणों में नहीं बदलता है।

इसका उद्देश्य संरचनात्मक पहचान सत्यापन है, संदेशों को बीच में रोकना (interception) नहीं।

आगे की राह

1 मार्च एक समय सीमा कम और एक संकेत अधिक है। भारत अपने डिजिटल सामाजिक अनुबंध पर फिर से बातचीत कर रहा है। प्रस्तावित समझौता सीधा है: बढ़ी हुई साइबर सुरक्षा के बदले अधिक जवाबदेही और पता लगाने की क्षमता (traceability)।

मुख्य नीतिगत प्रश्न यह नहीं है कि साइबर सुरक्षा मायने रखती है या नहीं—यह निश्चित रूप से रखती है।

न ही यह कि धोखाधड़ी एक गंभीर खतरा है या नहीं—यह है। गहरा प्रश्न यह है कि क्या बड़े पैमाने पर डिजिटल पहचान का वास्तुशिल्प पुनर्विक्रय आनुपातिक और सीमित बना रहता है।

लोकतंत्रों में, ऐसे बदलावों के लिए सार्वजनिक तर्क, नियामक स्पष्टता और जहां आवश्यक हो, न्यायिक निरीक्षण की आवश्यकता होती है।

भारत का डिजिटल भविष्य संभवतः न तो पूरी तरह से गुमनाम होगा और न ही पूरी तरह से निगरानी वाला। यह सुरक्षा मांगों, संवैधानिक सीमाओं और तकनीकी वास्तविकताओं द्वारा आकार दिया गया एक हाइब्रिड मॉडल होगा। सिम बाइंडिंग उस विकास का नवीनतम अध्याय है।

क्या यह एक आवश्यक सुरक्षा परत बनेगा या अत्यधिक हस्तक्षेप का उदाहरण, यह न केवल नीतिगत मंशा पर निर्भर करेगा बल्कि इस पर भी निर्भर करेगा कि सुरक्षा घेरे (guardrails) कितनी सावधानी से बनाए गए हैं।

इसलिए, बहस घबराहट वाली सुर्खियों से नहीं, बल्कि शांत संवैधानिक विश्लेषण से संचालित होनी चाहिए। भारत केवल दूरसंचार नियमों को अपडेट नहीं कर रहा है। यह डिजिटल युग में पहचान और संचार के बीच संबंधों को फिर से परिभाषित कर रहा है। और यह सावधानीपूर्वक जांच का पात्र है।

**डिस्क्लेमर (अस्वीकरण): यह लेखक के निजी विचार हैं।**

# इंदौर बाजार भाव

इंदौर। लेवाली निकलने से गुरूवार को अनाज मंडी में मसूर बाजार तेजी के रहे। चना 5600-5650 रू. प्रति क्विंटल पर मजबूत रहा। खाद्य तेलों में व्यापार ठंडा-ठंडा ही रहा। तिलहनों में बाजार मजबूती पर रहे। किराना जिंसों में शक्कर सुर्ख रही।

व्यापारिक सूत्रों के अनुसार मसूर में ताजा लेवाली निकली है, जिससे बाजार 100 रू. प्रति क्विंटल से सुधर गये। चना 5600-5650 रू. प्रति क्विंटल पर रहा। खाद्य तेलों में व्यापार सुस्त-सुस्त ही रहा। तिलहनों में सरसो व रायडा मजबूत रहा। उधर, किराना जिंसों में शक्कर बाजार ऊँचाइयों पर रहे। भाव इस प्रकार रहे :-

**किराना** - शक्कर 4120-4160, खोपरा गोला 320-375, खोपरा बूरा 4100-6500 (15 कि.ग्रा.), जीरा राजस्थान 250-260, ऊंझा हल्का 265-275, मीडियम 280-295, बेस्ट 300-310, हल्दी निजामाबाद 275-277, सांगली 283-285, साबूदाना हल्का 4800-4900, मीडियम 5000-5100, बेस्ट 5100-5200, सच्चा मोती 5300, मोरधन 7200-8200, सौंफ मोटी 101-125, बेस्ट 145-225, एस्ट्रा बेस्ट 275-350, सौंफ बारिक 95-125, राई दाल 90-95, सरसो दाल 85-95, कालीमिर्च एटम 760-770, गरबल 725-730, मटरदाना 790-810, खसखस अनक्लीन 1200-1250, क्लीन 1300-1350, दालचीनी 220-240, जायफल 815-870, वाद्यान फूल 375-565, शाहजीरा 425, तेजपान 90-97, पत्थर फूल 235-260, जावत्री 2000-2100, नाग केसर 885-925, सौंठ 275-450, धोली मूसली 2175-2250, लौंग 700-750, बेस्ट 780-800, हींग (वनदेवी 751) 3450, पाउच 10 ग्राम 3550, 121 नं. दाना 2400, पाउच 2250, 111 नं. डिब्बी 2200, पाउच 2250, सिंघाडा 100-135, सिंदूर 6600, देशी कपूर 720-770, पूजा बादाम 115-200, पूजा सुपारी 450-475, अरीठा 130-145, हरी इलायची शंकर बोल्ड 1675-1775, मीडियम 1825-1875, बेस्ट 1925-2050, एक्ट्रा बोल्ड 2250-2350, पानबार 1550-1600, बड़ी इलायची 1575-1850, बेस्ट1900-2100, तरबूज मगज 490-550, काजू (240) 925-960, काजू (320) 850-860, काजू एस. डब्ल्यू 835-840, काजू एस.एस. डब्ल्यू 850-860, काजू जे.एच. 810-820, टुकड़ी 785-795, बादाम मगज 880-920, सिंगापुरी 825-840, अखरोट 500-850, बेस्ट 815-850, अखरोट गिरी 1250-1650, जर्दालु 375-475, बेस्ट 550-650, किशमिश कंधारी 500-550, बेस्ट 625-725, इंडियन 375-391, बेस्ट 401-425, चारौली 1650-1750, बेस्ट 1850-1950, मुनक्का 350-650, बेस्ट 800-925, अंजीर 851-1075, मखाना 850-950, बेस्ट 975-1115, खारक 75-85, मीडियम 95-125, बेस्ट 175-275, पिस्ता पिशोरी 2850-2900, कंधारी 2350, नमकीन पिस्ता 875-1075, गेहूँ आटा 1820, मैदा कट्टा 1850, रवा कट्टा 1880, बेसन 4675 (50 कि.ग्रा.), नारियल (120) 2900-3100, (160) 3300-3500, (200) 3900-4100, (250) 4600-5000

**तेल** - सींगदाना 1670-1690, मुम्बई 1720, राजकोट तेलिया 2720-2730, सोया साल्वेंट 1290-1300, सोया रिफाइंड 1350-1360, कपास्या 1300-1310, धूलिया 1320, कड़ी 1320,

**रात की धारणा** - गुजरात लुज 1600, मुम्बई पाम 1320, मुम्बई सोया 1380-1390,

**खली** - कपस्या खली (60 कि.ग्रा.) इन्दौर 2275, देवास-उज्जैन 2275, खंडवा-बुरहानपुर 2250, अकोला 3525 (प्रति क्विंटल)

**तिलहन** - सरसो 6200-6500, रायडा 5300-5700, सोयाबीन 5100, टोली (महुआ बीज) 4400-4600, करंज 4400-4500, अलसी 6800-7000, अरंडी 4500-4700, तिल्ली पुरानी 6500-7000, तिल्ली नई 7200-7500,

**दलहन** - चना कांटेवाला बेस्ट 5600-5650, एवरेज 5000-5100, डंकी चना 5000 से 5200, विशाल 5600-5625, काबूली डॉलर 8200-8500, मसूर बेस्ट 5700-5750, एवरेज 5400-5500, मूंग देशी 7800-7900, पाला 7900-8000, चमकी 8000-8100, नायलोन 8000-8100, तुअर निमाड़ी बेस्ट 7400-7500, एवरेज 7200-7300, हल्की 7000-7100, तुअर महाराष्ट्र 7800-8000, उड़द बेस्ट 8600-8700, एवरेज 8400-8500, शंकर 8200-8300, हल्की 8000-8100,

**दाल** - चना दाल एवरेज 7000-7200, मीडियम 7300-7400, बोल्ड 7500-7800, तुअर दाल सवा नं. 8400-8800, तुअर दाल फूल 10500-10800, तुअर दाल बोल्ड 11500-11700, मसूर दाल एवरेज 7700-7800, बेस्ट 7900-8100, मूंग दाल 9100-9200, बोल्ड 9500-9700, मूंग मोगर 9300-9400, बोल्ड 9700-9800, उड़द दाल 8500-8600, बोल्ड 8700-8900, मोगर 9800-10000, बोल्ड 10100-10200,

**अनाज** - गेहूं मिल क्वालिटी 2625-2650, लोकवन 2800-2850, (147) 2600-2650, बेस्ट 2650-2800, मालवराज 2650-2675, पूर्णा 2750-2800, चन्द्रोसी 3000-3800, ज्वार देशी 2400-2550, मक्का पीली 2275-2300,

**चावल** - चावल हंसा सफेद 2900-3150, सेला 3500-3800, परमल 3400-3500, दुबराज 4500-5500, राजभोग 7000-7200, काली मुंछ 8500-8800, बासमती दुबार 9500-10000, मीनी दुबार 8000-8500, मोगरा 4500-6000, तिबार 10500-11500, बासमती (921) 12000-13000, बासमती सेला 7500-9500, पोहा 4800-5300,

मावा - इन्दौर 360, उज्जैन 280, रतलाम 320 रू. प्रति किलो।

# इंदौर सर्राफा बाज़ार

इन्दौर । गुरूवार को स्थानीय सराफा बाजार में व्यापार सामान्य रहा। दोनों ही मूल्यवान धातुओं में बाजार नरमी के रहे। भाव इस प्रकार रहे -

चाँदी (9999) 269000, चाँदी (99) 268000, टंच 267500, सिक्का 2800, सोना 10 ग्राम 164000

# रुपया रिकॉर्ड निचले स्तर पर, पहली बार 92.05 पर आया

नई दिल्ली। मिडिल-ईस्ट में बढ़ते तनाव और कच्चे तेल के बढ़ते दाम के कारण भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले गिरकर 92.05 के रिकॉर्ड निचले स्तर पर पहुंच गया। इससे पहले जनवरी में रुपया 91.98 के निचले स्तर पर गया था। एक्सपर्ट्स का कहना है कि जब तक युद्ध शांत नहीं होता, रुपए पर दबाव बना रह सकता है। इस साल रुपए में अब तक 2 प्रतिशत से ज्यादा की गिरावट आ चुकी है। इससे चलते यह 2026 में दुनिया के इमर्जिंग मार्केट्स की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली करेंसी में से एक बन गई है। पिछले महीने अमेरिका और भारत के बीच हुई ट्रेड डील के बाद लगा था कि रुपए की स्थिति सुधरेगी।

# बढ़त के साथ बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 900 अंक चढ़ा, निफ्टी 24700 के पार

नई दिल्ली। घरेलू शेयर बाजार गुरुवार को बढ़त के साथ बंद हुआ। पश्चिम एशिया में चल रहे संघर्ष के कारण हाल ही में हुई भारी गिरावट के बाद वैश्विक शेयर बाजारों में आए उछाल के अनुरूप, बेंचमार्क शेयर सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी गुरुवार को 1 प्रतिशत से अधिक की बढ़त के साथ बंद हुए। रुपया अपने सबसे निचले स्तर से उबरते हुए अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 45 पैसे बढ़कर 91.60 पर बंद हुआ।

चार दिनों की लगातार गिरावट के बाद, 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 899.71 अंक या 1.14 प्रतिशत बढ़कर 80,015.90 पर बंद हुआ। दिन के दौरान, इसमें 1,187.64 अंक या 1.50 प्रतिशत की वृद्धि हुई और यह 80,303.83 पर पहुंच गया। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 285.40 अंक या 1.17 प्रतिशत चढ़कर 24,765.90 पर




बंद हुआ, जिससे लगातार तीन दिनों से जारी गिरावट का सिलसिला समाप्त हो गया।

सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स पैक से, अदानी पोर्ट्स, लार्सन एंड टुब्रो, एनटीपीसी, रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारत इलेक्ट्रॉनिक्स और इंटरग्लोब एविएशन प्रमुख लाभ कमाने वालों में शामिल थे। टेक महिंद्रा, एचसीएल टेक, हिंदुस्तान यूनिलीवर और आईसीआईसीआई बैंक पिछड़ने वालों में शामिल थे।

यूरोपीय बाजारों में दिखी तेजी

एशियाई बाजारों में, दक्षिण कोरिया का कोस्पी सूचकांक 9.63 प्रतिशत की तीव्र उछाल के साथ फिर से ऊपर चढ़ गया। जापान का निक्केई 225, शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक भी उच्च स्तर पर बंद हुए। यूरोप के बाजारों में कीमतों में तेजी देखी गई। अमेरिकी बाजार बुधवार को सकारात्मक स्तर पर बंद हुआ।

# अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच जंग से तूफानी बने डिफेंस स्टॉक्स

नई दिल्ली । भारतीय शेयर बाजार में गुरुवार को डिफेंस स्टॉक्स में मजबूती दिखाई दी है और दोपहर के कारोबार तक यह 8.5 प्रतिशत तक की बढ़त के साथ कारोबार कर रहे थे। डिफेंस शेयरों की तेजी को लीड करने का काम सरकारी शिपब्लिडिंग कंपनी मझगांव डॉक ने किया। दोपहर 2 बजे शेयर 8.43 प्रतिशत की तेजी के साथ 2,348 पर था। इसके बाद डेटा पैटर्न का शेयर 6.29 प्रतिशत, गार्डन रीच शिपबिल्डर्स का शेयर 5.54 प्रतिशत, डीसीएक्स सिस्टम्स 4.34 प्रतिशत, कोचिन शिपयार्ड 4.31 प्रतिशत, बीईएल 4.25 प्रतिशत, एस्ट्रा माइक्रोवेव 3.51 प्रतिशत, भारत डायनेमिक्स का शेयर 1.75 प्रतिशत की तेजी के साथ कारोबार कर रहा था। यूनिमेक एयरोस्पेस, मिश्रधातु, एमटीएआर टेक, पारस डिफेंस, बीईएमएल, सोलार इंडस्ट्रीज, जेन टेक और एचएएल का शेयर भी हरे निशान में था।

वहीं, साइएंट डीएलएम और डायनामेटिक टेक के शेयर में क्रमश: 1.32 और 1.69 प्रतिशत की गिरावट थी। डिफेंस शेयरों में तेजी के कारण सभी सूचकांकों में निफ्टी इंडिया डिफेंस 2.50 प्रतिशत की तेजी के साथ टॉप गेनर था। डिफेंस शेयरों में तेजी की वजह अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच तनाव लगातार बढ़ना है। इसके कारण माना जा रहा है कि डिफेंस से जुड़े उपकरणों की मांग बढ़ सकती है और इसका फायदा भारतीय डिफेंस कंपनियों को मिल सकता है।

# ब्रोकरेज कंपनियों का अनुमान जंग लंबी खिंचाने पर 100 डॉलर से ऊपर जा सकती तेल की कीमत

वाशिंगटन। अमेरिका और ईरान के बीच बढ़ते सैन्य तनाव का असर वैश्विक तेल बाजार पर साफ दिख रहा है। ईरान ने होरमुज जलडमरूमध्य को बंद करने की धमकी दी है, जो दुनिया में कच्चे तेल की आपूर्ति का मुख्य मार्ग है। वैश्विक स्तर पर करीब 20 प्रतिशत कच्चा तेल इसी समुद्री रास्ते से गुजरता है। इसके साथ ही बड़ी मात्रा में तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) की आपूर्ति भी इसी मार्ग से होती है।

इस बढ़ते खतरे को देखकर कई अंतरराष्ट्रीय वित्तीय संस्थानों और ब्रोकरेज कंपनियों ने तेल की कीमतों को लेकर चेतावनी दी है। ब्रोकरेज कंपनियों का अनुमान है कि यदि जलडमरूमध्य पूरी तरह बंद हो जाता है, तब ब्रेंट क्रूड की कीमत 100 से 150 डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच सकती है।

वहीं एक अन्य ब्रोकरेज कंपनियों का कहना है कि अगर आपूर्ति करीब पांच सप्ताह तक प्रभावित रहती है, तब कीमतें 100 डॉलर प्रति बैरल के स्तर को छू सकती हैं। इस बीच ब्रेंट क्रूड पहले ही करीब 13 प्रतिशत की तेजी के साथ 82 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच चुका है, जो जनवरी 2025 के बाद का शीर्ष स्तर है। दुनिया की दूसरी ब्रोकरेज कंपनियों ने चेतावनी दी कि अगर यह संघर्ष लंबा खिंचता है, तब तेल की कीमतें 100 डॉलर से ऊपर जा सकती हैं। इस स्थिति का सबसे ज्यादा असर उन देशों पर पड़ सकता है जो तेल आयात पर अधिक निर्भर हैं। भारत भी उन देशों में शामिल है। भारत अपने करीब 50 प्रतिशत कच्चे तेल का आयात इसी रास्ते से करता है। अनुमान के मुताबिक हर दिन करीब 26 लाख बैरल तेल होरमुज जलडमरूमध्य से होकर भारत पहुंचता है। इसके बाद यदि इस मार्ग पर लंबे समय तक व्यवधान रहता है, तब भारत जैसे उभरते देशों की अर्थव्यवस्था पर दबाव बढ़ सकता है।




**मेष राशि**- आज का दिन आपको यह एहसास कराने आया है कि रिश्ते कभी बेकार नहीं जाते। कोई पुराना मित्र, जिससे लंबे समय से संपर्क नहीं था, अचानक आपके जीवन में सफलता का कारण बन सकता है। कामों में गति आएगी और रुके हुए प्रयास रंग लाने लगेंगे। लेकिन ध्यान रखिए, लेन-देन में भावनाओं से नहीं, समझदारी से काम लें। व्यापार में नई दिशा दिखाई देगी और यदि आप साझेदारी में काम कर रहे हैं तो यह समय आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगा। आप किसी मित्र की मदद के लिए आगे आएंगे, जिससे आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। यदि आपकी कोई प्रिय वस्तु खो गई थी, तो उसके मिलने की संभावना भी बन रही है। दिन के अंत में किसी धार्मिक या आध्यात्मिक आयोजन में शामिल होकर मन को गहरी शांति मिलेगी।

**वृषभ राशि**- आज का दिन सामान्य से बेहतर रहेगा, परंतु आपको सजग रहना होगा। आपके आसपास कुछ ऐसे लोग हो सकते हैं जो सामने से मित्रता दिखाएं, पर भीतर से विरोध रखें। इसलिए हर कदम सोच-समझकर उठाइए। छोटे-छोटे लाभ के अवसर भी आपके लिए बड़ी उपलब्धि का आधार बन सकते हैं, बस उन्हें पहचानने की जरूरत है। किसी पुराने निर्णय को लेकर मन में हल्की खिन्नता आ सकती है, लेकिन यही अनुभव आपको और परिपक्व बनाएगा।

**मिथुन राशि**- आज आपके जीवन में रिश्तों की मिठास घुलने वाली है। यदि वैवाहिक जीवन में किसी बात को लेकर दूरी या कड़वाहट थी, तो वह आज समाप्त हो सकती है। आपसी समझ और प्रेम का भाव मजबूत होगा। प्रेम संबंधों में भी सकारात्मक ऊर्जा बनी रहेगी। जो विद्यार्थी विदेश में शिक्षा का सपना देख रहे हैं, उन्हें कोई अच्छी खबर मिल सकती है। संतान पक्ष से भी गर्व महसूस करने का अवसर मिलेगा।

**कर्क राशि**- आज का दिन आपके लिए नई संभावनाओं का संकेत दे रहा है। जो लोग रोजगार को लेकर चिंतित थे, उन्हें कोई अच्छी नौकरी का अवसर मिल सकता है। आपकी वाणी की मधुरता लोगों को प्रभावित करेगी और समाज या राजनीति में आपकी पहचान मजबूत हो सकती है। हालांकि आप दिल से सबका भला चाहेंगे, लेकिन कुछ लोग आपकी सरलता को कमजोरी समझ सकते हैं।

**सिंह राशि**- आज आप अपने किसी बड़े लक्ष्य की ओर निर्णायक कदम बढ़ाएंगे। आर्थिक लाभ के संकेत हैं और सफलता आपके आत्मविश्वास को और मजबूत करेगी। संतान को नई नौकरी मिलने या किसी उपलब्धि के कारण घर में उत्साह का माहौल रहेगा। जो लोग अविवाहित हैं, उनके जीवन में किसी खास व्यक्ति का प्रवेश हो सकता है।

**कन्या राशि**- आज आप ऊर्जा और सकारात्मकता से भरे रहेंगे। भाग्य का साथ मिलने से कठिन कार्य भी सरल लगने लगेंगे। परिवार के बड़े-बुजुर्गों की सलाह आपके लिए मार्गदर्शक सिद्ध होगी। घर में विवाह से जुड़ी कोई रुकावट दूर हो सकती है, जिससे वातावरण आनंदमय रहेगा।

**तुला राशि**-आज का दिन आपको पुरानी उलझनों से बाहर निकालने वाला है। लंबे समय से चली आ रही समस्याओं में राहत महसूस होगी। कार्यक्षेत्र में लिया गया कोई निर्णय आपको दोबारा सोचने पर मजबूर कर सकता है, पर यही आत्ममंथन आपको आगे की राह स्पष्ट करेगा। यदि आप दूसरों पर अधिक निर्भर रहेंगे, तो परेशानी बढ़ सकती है, इसलिए आत्मनिर्भर बनें। कोई पुराना लेन-देन समय पर निपट सकता है। विद्यार्थियों के लिए भी यह दिन सकारात्मक परिणाम देने वाला रहेगा।

**वृश्चिक राशि**-आज आपके जीवन में स्थिरता और विस्तार के संकेत हैं। नया घर, जमीन या संपत्ति खरीदने की योजना बन सकती है। लंबी दूरी की यात्रा का विचार भी मन में आ सकता है। व्यापार में लाभ और रुकी हुई योजनाओं को दोबारा गति मिलने के योग हैं। आप जिस कार्य को हाथ में लेंगे, उसमें सफलता की संभावना प्रबल है। हालांकि भाई-बहनों के साथ किसी छोटी बात को लेकर मतभेद हो सकता है, लेकिन धैर्य से काम लेने पर स्थिति संभल जाएगी।

**धनु राशि**-आज का दिन आपके लिए जिम्मेदारियों से भरा रहेगा, लेकिन यही जिम्मेदारी आपको आगे बढ़ाएगी। कार्यक्षेत्र में आपको कोई महत्वपूर्ण दायित्व मिल सकता है और आपके वरिष्ठ आपके काम से प्रसन्न रहेंगे। परिवार में किसी महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हो सकती है। पुराने मित्र से मुलाकात मन को ताजगी देगी। जीवनसाथी की ओर से कोई सरप्राइज या खास व्यवहार आपको भावुक और प्रसन्न कर सकता है।

**मकर राशि**-आज आप लंबे समय से रुके हुए कार्यों को पूरा करने की दिशा में आगे बढ़ेंगे। परिवार में किसी नए सदस्य के आगमन की संभावना है, जिससे घर में खुशी का माहौल बनेगा। पदोन्नति या नई जिम्मेदारी को लेकर चर्चा आगे बढ़ सकती है। हालांकि संतान के व्यवहार से थोड़ी चिंता हो सकती है और किसी पुराने निर्णय पर पछतावा भी मन में आ सकता है। फिर भी धैर्य और समझदारी से आप हर स्थिति को संभाल लेंगे।

**कुंभ राशि**-आज आप स्वयं को तरोताजा और ऊर्जावान महसूस करेंगे। पारिवारिक रिश्तों में मजबूती आएगी और आपसी समझ बढ़ेगी। कहीं घूमने या यात्रा की योजना बन सकती है। पुराना लेन-देन समाप्त होने से मानसिक हल्कापन महसूस होगा। व्यापार के सिलसिले में बाहर जाने का अवसर मिल सकता है।

**मीन राशि**-आज का दिन आपके लिए नए विचारों और नई योजनाओं से भरा रहेगा। मन में कुछ अलग करने की चाह रहेगी, लेकिन अजनबियों पर तुरंत भरोसा करना ठीक नहीं होगा। कार्यक्षेत्र में आपको पहचान मिलेगी, हालांकि वह आपकी अपेक्षाओं से थोड़ी कम हो सकती है। दूसरों के मामलों में बिना वजह हस्तक्षेप करने से बचें।

## शब्दजाल - 8189

*शब्दजाल में देश के सर्वाधिक करोड़पति वाले 10 शहरों के नाम ढूंढिए. शब्द उपर से नीचे एवं तिरछे हो सकते हैं.*

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| म | पु | णे | न | सी | ब | आ | ज | ग | ल | ट |
| रा | वि | ली | प्रे | दि | ल्ली | मे | ष | बा | दी | छ |
| मि | आ | ब | वृ | क | इं | मुं | ब | न | को | वा |
| बें | थु | ल | ना | क | डि | आ | ब | ल | ल | चा |
| न | ग | न | भ | ग | या | ल | न | ई | का | क |
| ली | ती | लो | सू | र | पु | सिं | र्निं | ग | ता | न |
| र | स | बा | र | स | क | र | ऊ | ई | है | ब |
| क | फ | चो | त | क | रा | म | तु | ला | द | म |
| स | या | औ | र | आ | क | गॉ | ल | प | रा | जी |
| कुं | भ | म | प | द | अ | ह | म | दा | बा | द |
| र्त | चे | न्न | ई | ग | र | ल | स | प | द | म |

मुंबई, दिल्ली, पुणे, कोलकाता, सूरत, चेन्नई, अहमदाबाद, बेंगलोर, नागपुर, हैदराबाद

## शब्दजाल - 8188 का हल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | सु | ग | ए | ल | न | बो | ई | र | र | जो |
| दा | नी | ल | ग | गो | ई | न | ग्रि | नी | ज | वे |
| गि | ल | शे | स | बा | छ | ची | ता | रा | क | द |
| री | गा | र | दो | चि | ज | न | ह | ग्रे | त | मिं |
| क | व | दो | ग्रा | लू | न | का | म | ग | व | या |
| ज | स्क | ल | ह | य | ख | तें | ना | चै | र | दा |
| मा | र | म | म | या | प | र | दु | प | र | द |
| र्क | ज | ल्जा | गू | धा | ब | क | गो | ल | श | ण |
| टे | बा | म | च | ब्रा | ह | त्या | री | श | क | क |
| ल | दु | आ | प | स्टी | व | वॉ | ग | बें | हा | र |
| र | दु | ल्हे | रा | अ | ज | ह | रु | द्दी | न | थ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**6 मार्च 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**





| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | कुंभ में | मीन | 06.48 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मेष | 08.18 बजे से |
| मंगल | कुंभ में | वृष | 09.58 बजे से |
| बुध | कुंभ में | मिथुन | 11.56 बजे से |
| गुरु | मिथुन में | कर्क | 14.10 बजे से |
| शुक्र | मीन में | सिंह | 16.26 बजे से |
| शनि | मीन में | कन्या | 18.38 बजे से |
| राहु | कुंभ में | तुला | 20.48 बजे से |
| केतु | सिंह में | वृश्चिक | 23.03 ब.से |
| राहुकाल | | धनु | 01.19 बजे से |
| 10.30 से | | मकर | 03.24 बजे से |
| 12.00 बजे तक | | कुंभ | 05.11 बजे से |

**शुक्रवार** 2026 वर्ष का 65 वा दिन
**दिशाशूल** पश्चिम **ऋतु** शिशिर।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1947
**मास** चैत्र (दक्षिण भारत में फाल्गुन) **पक्ष** कृष्ण
**तिथि** तृतीया 17.54 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** हस्त 09.30 बजे को समाप्त।
**योग** गण्ड 07.06 बजे को समाप्त।
**करण** विष्टि 17.54 बजे को समाप्त।
**चन्द्रायु** 16.5 घण्टे
**रवि क्रान्ति** दक्षिण 05° 45'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872640
**जूलियन दिन** 2461105.5
**कलियुग संवत्** 5128
**कल्पारंभ संवत्** 1972949128
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885128
**वीरनिर्वाण संवत्** 2552
**हिजरी सन्** 1447
**महीना** रमजान **तारीख** 16
**विशेष** भालचन्द्र संकष्टी, छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती।

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चर | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | रोग | 05.38 से | 07.1 | बजे तक |
| लाभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | काल | 07.11 से | 08.43 | बजे तक |
| अमृत | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | लाभ | 08.43 से | 10.15 | बजे तक |
| काल | 10.19 से | 11.47 | बजे तक | उद्वेग | 10.15 से | 11.47 | बजे तक |
| शुभ | 11.47 से | 01.15 | बजे तक | शुभ | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| रोग | 01.15 से | 02.43 | बजे तक | अमृत | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| उद्वेग | 02.43 से | 04.10 | बजे तक | चर | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| चर | 04.10 से | 05.38 | बजे तक | रोग | 04.23 से | 05.55 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अत: आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## फिल्म वर्ग पहेली- 7133




**बायें से दायें:-**

१. सैफ, चंद्रचूड़, प्रीति की 'इसे खेल ना समझो' गीत वाली फिल्म-१,३
४. 'एक लड़की जिसके' गीत वाली संजय दत्त, जैकी, रवीना की फिल्म-२
६. गोविंदा, रवीना टंडन की 'सासूजी थारो लल्ला' गीत वाली फिल्म-३
७. 'हम दिल दे चुके सनम' में सलमान की माँ की भूमिका किसने की थी-३
८. ऋषि कपूर, जूही चावला वाली फिल्म 'दरार' में सहनायक कौन था-४
१०. 'रंग दे रंग दे' गीत वाली फिल्म 'तक्षक' के संगीत निर्देशक कौन हैं-४
१४. राजकुमार, जीतेंद्र की फिल्म 'मेरे हुजूर' की नायिका कौन थी-२
१५. 'दिल है तुम्हारा' में अर्जुन रामपाल के किरदार का क्या नाम है-२
१६. राजेंद्रकुमार, बी. सरोजादेवी की 'जाना तुम्हारे प्यार में' गीत वाली फिल्म-४
१९. 'इस टूटे दिल' गीत वाली अनिल, अक्षय, ऐश्वर्या की फिल्म-२
२०. अक्षयकुमार, करिश्मा की 'माथे पे चमके इसके' गीत वाली फिल्म-४
२२. 'सोला किये थे' गीत वाली मिथुन, शिल्पा शिरोडकर की फिल्म-४
२४. आमिर खान, माधुरी की 'मुझे नींद न आये' गीत वाली फिल्म-२
२५. नाना पाटेकर, जैकी श्रॉफ, कुमार गौरव, जावेद, जूही की फिल्म-२
२६. राजकपूर, दिलीपकुमार की 'उठाये जा उनके' गीत वाली फिल्म-३
२७. 'ओ मेरे सनम ओ मेरे सनम' गीत वाली फिल्म-३
२८. राजेंद्रकुमार, माला सिन्हा की 'जिसके सपने हमें रोज' गीत वाली फिल्म-२
२९. 'जाने क्या होगा रामा रे' गीत वाली फिल्म-२

**ऊपर से नीचे:-**

२. आफताब, लिसा रे की 'कितना बेचैन हो के' गीत वाली फिल्म-३
३. 'तेरे बिना मैं कुछ' गीत वाली मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की फिल्म-३
४. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'यारी है ईमान मेरा' गीत वाली फिल्म-३
५. 'बोल गोरी बोल तेरा कौन पिया' गीत वाली सुनीलदत्त, नूतन की फिल्म-३
७. फिल्म 'रजिया सुल्तान' में शीर्षक भूमिका किसने की थी-२
८. अमिताभ, जया भादुड़ी की 'मीत ना मिला रे मन का' गीत वाली फिल्म-४
९. संजय दत्त, इंद्रकुमार, मनीषा की फिल्म-२
११. शॉवर अली, तरूण अरोड़ा, मेघना की 'तेरी चाहत में' गीत वाली फिल्म-३
१२. राजेश खन्ना, शबाना की 'चलो बुलावा आया है' गीत वाली फिल्म-४
१३. सनी, रजनीकांत, श्रीदेवी की फिल्म-४
१७. अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की 'शाबा ये नखरा' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'ये मेरा दिल यार का दीवाना' गीत वाली अमिताभ, जीनत की फिल्म-२
२०. सनी, तब्बू, रीमा सेन की फिल्म-२
२१. 'दिल का तोहफा लाई हूँ' गीत वाली फिल्म-४
२२. आयशा, दिव्या भारती, कमल सदाना की 'तेरी मुहब्बत' गीत वाली फिल्म-२
२३. 'ये काली काली आँखें' गीत वाली फिल्म-४
२४. सनी, बॉबी, उर्मिला की फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 7132**

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | रू | | खा | मो | शी | | आ | स | रा |
| रू | | फ | न | | बा | द | शा | ह | |
| दे | वी | | दा | ग | | स्त | | र | न |
| व | र | दा | न | | म | क | ड़ी | | ती |
| | ता | | | फॉ | सी | | | रा | जा |
| आ | | स | जा | | हा | र | जी | त | |
| शि | का | र | | आ | | क्ष | | औ | |
| क | | ग | ब | न | | क | ह | र | |
| | धू | म | | बा | जी | | | दि | ल |
| पा | प | | जी | न | त | | डॉ | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## प्रसंगत: शांति की खोज

उन दिनों स्वामी रामतीर्थ अमेरिका गए हुए थे। वहां उनके प्रवचन की हर ओर धूम थी। अमेरिकी नागरिक उनसे अपनी परेशानियों के हल पूछने आते और खुशी-खुशी वहां से जाते थे। एक दिन एक अमेरिकी महिला उनके पास पहुंची और बोली, 'स्वामी जी, मेरा सब कुछ लुट गया। मुझे अब इस जीवन में कभी शांति नहीं मिल सकती। कृपया मेरे चित्त को शांत करने का उपाय बताएं।' स्वामी जी ने कहा, 'माता, पहले आप अपने दुख का कारण तो बताएं।' महिला रोती हुई बोली, 'मेरा इकलौता पुत्र काल के गाल में समा गया है। अब मैं क्या करूं?' वह जोर-जोर से विलाप करने लगी। स्वामी जी ने उसे सांत्वना दी और अगले दिन उसके दुख को दूर करने का वादा किया। अगले दिन महिला फिर पहुंची। उसने कहा, 'स्वामी जी, आपने मुझसे वादा किया था कि आज आप मेरी समस्या का समाधान करेंगे।' स्वामी जी बोले, 'बिल्कुल, मैं अवश्य आपकी समस्या दूर करूंगा।' इसके बाद उन्होंने एक छोटे से बालक को आवाज देकर बुलाया और उसका हाथ महिला के हाथ में सौंपते हुए कहा, 'यह लो अपना बेटा। आपको संतान चाहिए और इसे माता-पिता। आप इसके साथ बेटे जैसा व्यवहार करना, फिर देखना आपके सारे दुःख-दर्द कैसे दूर हो जाते हैं।' उस महिला को इसकी आशा न थी। वह बोली, 'स्वामी जी, भला यह कैसे संभव है? मैं इसे अपना पुत्र कैसे मान लूं? पता नहीं यह कौन है? इसमें तो मेरा अंश मात्र भी नहीं है।' उसकी बात सुनकर स्वामी जी गंभीर होकर बोले, 'ऐसे सोचेंगी तो न कभी आपका दुःख-दर्द दूर होगा न ही जीवन में शांति मिल सकेगी। आत्मीयता का विस्तार करना सीखें। औरों में भी अपना रूप देखें। इस बच्चे में अपना बेटा देखें। जीवन जरूर बदलेगा। जीवन में सुख और शांति आएगी।' वह अमेरिकी महिला स्वामी रामतीर्थ की बातें सुनकर दंग रह गई। उसे अपनी गलती का अहसास हो गया। वह अनाथ बच्चे को प्रेम से अपने साथ ले गई ।

## सूडोकु नवताल- 7442

★★★★★ कठिनतम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | | | 6 | | | |
| | 1 | | | | | 2 | | |
| 5 | | | 7 | | | | 3 | |
| | | | 4 | | | | | 6 |
| | | 3 | | | | 9 | | |
| 4 | | | | | 8 | | | |
| | 7 | | | | 9 | | | 8 |
| | | 2 | | | | | 1 | |
| | | | 3 | | | | 4 | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

- *प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.*
- *प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.*
- *पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते .*
- *पहेली का केवल एक ही हल है.*

**सूडोकु नवताल -7441 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | 5 | 8 | 9 | 1 | 4 | 2 | 7 | 3 |
| 1 | 2 | 7 | 3 | 5 | 8 | 6 | 4 | 9 |
| 3 | 4 | 9 | 7 | 2 | 6 | 1 | 5 | 8 |
| 2 | 3 | 6 | 1 | 4 | 5 | 9 | 8 | 7 |
| 8 | 9 | 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 1 | 6 |
| 4 | 7 | 1 | 6 | 8 | 9 | 3 | 2 | 5 |
| 7 | 6 | 4 | 5 | 3 | 1 | 8 | 9 | 2 |
| 9 | 8 | 2 | 4 | 6 | 7 | 5 | 3 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 2 | 7 | 6 | 4 |

## शब्द पहेली - 8657




**बाएँ से दाएँ**

*1.परिचय,जानना-2,4*
*5.वायु रोग-2*
*7.उत्साह,जिज्ञासा*
*9.कांटा,शूल*
*10.पिता,साधू-2*
*11.योद्धा जाति,राजपूत-3*
*14.थकान-4*
*16.मिसाल के तौर पर-4*
*20.ध्वजा,पताका-3*
*22.सीमा,बार्डर-2*
*23.बुरी आदत-2*
*24.समस्या,मुद्दा-3*
*27.जोर,दम,ताकत-2*
*28.दिखावटीपन, आडंबर,-3,3*

**ऊपर से नीचे**

*1.सीतापति,रामचंद्र-5*
*2.लम्हा,क्षण-2*
*3.धोखेबाज,दगाबाज-4*
*4.नलका,टौंटी-2*
*6.पुत्र,लड़का-3*
*8.कमरा,रूम-2*
*12.तीनों काल-3*
*13.पार्थिव शरीर,लाश-2*
*15.कजरा,अंजन-3*
*17.सच्चाई,सच-2*
*18.सेंधमार-5*
*19.पुचकारना,हाथ फेरना-4*
*20.धोखा,दगा-3*
*21.जरा,थोड़ा-2*
*25.सभी,संपूर्ण-2*
*26.राजेश खन्ना व मुमताज की बेहतरीन फिल्म-2*

**शब्द पहेली -8656 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | दा | न | व | | अ | व | रो | ध |
| मा | न | | ल | गा | म | | ज | ड़ |
| न | | रा | य | | र | वा | | क |
| स | ला | ह | का | र | | द | ह | न |
| | य | | र | | प | | ल | |
| म | न | का | | आ | तं | क | वा | द |
| द | | म | य | | ग | म | | स्त |
| हो | श | | शो | र | बा | | ना | क |
| श | ह | जा | दा | | जी | व | न | |

Jagrutidaur.com, Bangalore

# हर्षोल्लास से मनाया गया रंगों का पर्व होली, धुलेंडी पर गुलाल लगाकर एवं गले मिलकर दी बधाई






**पद्मेश न्यूज। लांजी।** फाल्गुन पूर्णिमा के पावन अवसर पर लांजी नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों में होली पर्व बड़े ही हर्षोल्लास और पारपंरिक उत्साह के साथ रंगो में सराबोर होकर मनाया गया। इस बार होली पर्व के समय चन्द्र ग्रहण होने के चलते 2 मार्च 2026 को नगर के चौक चौराहो, सार्वजनिक स्थलों पर होलिका दहन विधि विधान से किया गया तथा 4 मार्च को धुरेंडी होली पर्व का आयोजन किया गया। प्रातः बेला से ही लोगो में होली की मस्ती देखने को मिली लोगो ने एक दुसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाऐं प्रेषित की। रंगो का यह महापर्व उत्सव हमें यही पावन संदेश देता है कि प्रहलाद की तरह हम भी अपने जीवन में आने वाली विघ्न बाधाओं का धैर्यपुर्वक सामना करें एवं किसी भी प्रकार की विकट परिस्थितियां आये तो भी ईश्वर में अपनी श्रद्धा को अडिग बनायें रखें। प्रतीक रूप से यह भी माना जाता है, प्रहलाद का अर्थ आनंद होंता है। बैर और उत्पीडन की प्रतीक होलिका (जलानें की लकडी) जलती है और प्रेम तथा उल्लास का प्रतीक प्रहलाद आनन्द अक्षुण्ण रहता है। लांजी नगर सहित आस पास के ग्रामों में विधि पूर्वक पूजन अर्चन कर होलिका दहन किया गया तथा 4 मार्च को रंगो के सराबोर में नजर आये क्षेत्रवासी।

### रंग गुलालो के गुब्बारो से रंगोत्सव की शुरूवात

लांजी नगर मे 2 मार्च को होलीका के बाद 4 मार्च को रंगो की होली खेलते बच्चों से लेकर बुजूर्ग तक नजर आये प्रत्येक घरों के सामने रंगो की बरसात होती दिखाई पड़ रही थी। रंग के नशे में लोग नाचते गाते एवं एक दुसरे को रंग लगाकर रंगोत्सव की बधाईयॉ देते। होली एक ऐसा पर्व है जिसमे पुरानी गिले शिकवे भूलाकर आपस मे रंग त्यौहार का आंनद लेते है। होली रंगों का त्योहार है हंसी, खुशी का त्यौहार है लेकिन होली के भी अनेक रूप देखने को मिलतें है । प्राकृतिक रंगों के स्थान पर रासायनिक रंगों का प्रचलन, भांग, ठंडाई की जगह नशेबाजी और लोक संगीत की जगह फिल्मी गानों का प्रचलन इसके कुछ आधुनिक रूप है। लेकिन इससे होली पर गाए बजाए जाने वाले ढोल, मंजीरो, फाग, धमार, चैती और ठुमरी की शान में कमी नही आती। अनेक लोग ऐसे है जो पांरपरिक संगीत की समझ रखते है और पर्यावरण के प्रति सचेत है इस प्रकार के लोग और संस्थाए चंदन गुलाब जल, टेसू के फुलों से बना हुआ रंग तथा प्राकृतिक रंगों से होली खेंलने की पंरपरा को बनाए हुयें है साथ ही इसके विकास में महत्पूर्ण योगदान भी दे रहें है। रासयनिक रंगों के कुप्रभावों की जानकारी होने के बाद बहुत से लोग स्वयं ही प्राकृतिक रंगों की ओर लौट रहें है। होली की लोकप्रियता का विकसित होता हुआ अंतर्राष्ट्रीय रूप भी आकार लेने लगा है। लांजी नगर सहित आस पास क्षेत्र में जमकर लोगो ने होली खेली और एक दुसरे को होली पर्व की बधाई देते हुये रंगो के सराबोर में डूबे नजर आये।

### कोटेश्वर बस्ती स्वयं सेवकों ने खेली

नगर जगह जगह अनेको मित्र मण्डल,सामाजिक गणो के द्वारा होली पर्व का आयोजन कर मित्रों के साथ रंग गुलाल लगाकर खूब होली खेली। नगर के सरस्वती शिशु मंदिर में कोटेश्वर बस्ती के स्वयं सेवकों ने प्रातः बेला एकत्रित होकर आपस में सभी को गुलाल लगाकर एवं डीजे की धून पर खूब थिरके। इसके उपरांत सभी स्वयं सेवक विधायक के निवास पर पहुंचकर उन्हें गुलाल लगाया एवं फाग गीतों पर झूमते हुए होली पर्व की बधाई दी। विधायक राजकुमार कर्राहे ने भी सभी को गुलाल लगाकर व मिठाई खिलाकर बधाई दी एवं स्वयं सेवकों के साथ सुभाष चौक व आसपास की दुकानों में पहुंच कर उन्हें गुलाल लगाकर पर्व की बधाई दी। मित्र मण्डल आर्यन ग्रुप लांजी के द्वारा भी नगर में गायत्री मंदिर के सामने रंगोत्सव के महापर्व का आयोजन किया। मित्र मण्डल के सभी सदस्यो के द्वारा रंग गुलाल की व्यवस्था कर बाजे गाजे के साथ रंग पर्व मनाया गया प्रत्येक आने जाने वाले लोगो को आमंत्रित कर रंग गुलाल का टीका लगाकर होली पर्व की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई।

### पुलिस प्रशासन की व्यवस्था रही चाक चौबंद

होली पर्व के दिन नगर मे बहूत सी घटनाओं होने की संभावनाये व्यक्त कि जाती है जिसे लेकर पुलिस प्रशासन होली पर्व के पहले नगर के गणमान्य नागरिको को लेकर शांति समिति की बैठक आयोजित करते है एवं उनसे पर्व को लेकर सुझाव लिये जाते है। एसडीएम कमलचंद सिंहसार, थाना प्रभारी दीपसिंह परमार द्वारा आयोजित बैठक मे होली पर्व के चलते सुझाव लिये गये एवं उसी प्रकार से पुलिस व्यवस्था तैनात कि गई। जिसमे होलिका दहन की रात्रि से प्रारंभ होकर रंग उत्सव के दो दिन तक चाक चौबंद पुलिस व्यवस्था सायरन बजाती पुलिस वाहन, डायल 112 वाहन, नगर के प्रत्येक गली मोहल्लो मे गस्त करते दिखाई पड़ी जिससे आसामाजिक तत्वो के द्वारा कोई शरारत सामने नही आई एवं सम्पूर्ण पर्व सौहाद्र एवं शांति के साथ रंग दिवस के दो दिन सम्पन्न हुये। वहीं कुछ मार्गो पर सड़क दुर्घटनाऐं नजर आई।

### लांजी एवं बहेला पुलिस ने थाना परिसर में खेली होली

साल के 365 दिन ऑन ड्यूटी रहने वाली पुलिस को कभी कभी ही कोई त्यौहार मनाने का मौका मिलता है। यह पर्व होली है जब होली धुरेंडी के दुसरे दिन पुलिस परिवार होली मनाकर एक दुसरे का पर्व की बधाई देता है, लांजी एवं बहेला पुलिस के द्वारा पुलिस थाना परिसर लांजी में 5 मार्च को मंदिर के समीप डीजे गाजा बाजा के धुन मे नाचते गाते हुये लांजी एवं बहेला पुलिस परिवार ने एक दुसरे को रंग लगाकर होली की बधाई प्रेषित की, साथ ही लांजी क्षेत्र की समस्त जनता को होली की बधाई प्रेषित की। दुसरी ओर जिनकी ड्यूटी थी वे पुलिस अधिकारी कर्मचारी कुछ देर होली की बधाईया देकर अपनी अपनी ड्यूटी स्थल पर नजर आये।

### विधायक राजकुमार कर्राहे ने दी क्षेत्र वासियों को होली पर्व की शुभकामनाऐ

लांजी किरनापुर क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा भी समस्त क्षेत्र वासियों को रंगोत्सव के इस महापर्व की शुभकामनाऐं प्रेषित की गई। धुरेण्डी के दिवस विधायक राजकुमार कर्राहे के निवास पर क्षेत्र के अनेको लोग पंहुचे तथा उन्हे रंग गुलाल लगाकर होली की बधाई प्रेषित की वहीं विधायक राजकुमार कर्राहे के द्वारा सभी का स्वागत रंग गुलाल लगाकर किया गया। इस दौरान फगवा गाने बजाने वाले भी विधायक निवास स्थान पर पंहुचे थे। जिन्होने के होली के एक से बढकर एक गीत गाये जिस पर उपस्थित लोगो ने खुब आनंद प्राप्त किया। विधायक कर्राहे के द्वारा सभी आगंतुकों का मिष्ठान खिलाकर स्वागत कर पर्व की शुभकामनाऐं दी।

## परम्परागत रूप से गलदेव पर मेला आयोजित कर की पूजा-अर्चना

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर के पुराने रेंजआफिस के समीप प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 4 मार्च को धुरेड़ी के दिन संध्या में गलदेवता (गल बाबा) की पूजा की गई। होलिका दहन के अगले दिन, यानी धुलेंडी की शाम को चोरवाड़े परिवार व बड़मे परिवार द्वारा गलदेव मेला आयोजित किया जाता है, इस दिन लोग दिन में रंग खेलने के उपरांत गल देव की पूजा करते हैं और भटा काटा जाता है। लकड़ी का बना टावर (लगभग 20 फीट) पर बांस की आड़ी लट बांधी जाती है, जहां मन्नतधारी पूजा के बाद परिवार संग मन्नत उतारी जाती है। मान्यता यह भी है कि गल बाबा की कृपा से बीमारी ठीक हो जाती है, संतान प्राप्ति होती है, या घरेलू समस्याएं हल हो जाती हैं। मन्नत पूरी होने पर यह घूमना अनिवार्य होता है, जो आस्था और भक्ति का प्रतीक माना जाता है। यह परंपरा प्राचीन काल से चली आ रही है। इसी क्रम में मरार समाज के चोरवाड़े परिवार एवं बड़मे परिवार द्वारा क्षेत्र की सुख समृद्धि की कामना को लेकर परागत रूप से गलबाबा की पूजा कर लकड़ी के बने खम्बे पर उपर चढ़कर भटा काटा गया। सर्वप्रथम गणेश चौक सुनील बड़मे के निवास से गल देवता की पूजा कर बाजे गाजे के साथ आरती लेकर त्रिशक्ति दुर्गा मंदिर होते हुए वार्ड क्रमांक 6 पुराना रेंज आफिस पहुंचे, यहां स्थापित गल बाबा की पूजा करने के उपरांत गल के मचान में चढ़कर भटा काटकर दो विपरीत दिशा में फेका गया। इस वर्ष यह पूजा पुरे परिवार की उपस्थिति में योगेश बड़मे द्वारा की गई। इस दौरान रामप्रसाद चोरवाड़े, सुनील बड़मे, युगल किशोर बड़मे, पार्षद तेजेश्वरी गोदुले, दुर्गा प्रसाद चोरवाड़े, अशोक चोरवाड़े, मचलेश चोरवाड़े, अजय चोरवाड़े, सोनू चोरवाड़े, मोन्टी चोरवाड़े, रमेश वाकले, दीपक श्रीवास, वत्सल कुमार बड़मे, सौरभ बड़मे सहित भारी संख्या में सामाजिक महिला पुरुष उपस्थित थे।



## होली पर्व की खुशियां मातम में बदली

# दो मोटर सायकलों की आपस में भिड़न्त एक की मौत एक गंभीर रूप से घायल







**पद्मेश न्यूज। लांजी।** लांजी भिलाई मार्ग पर ग्राम कालीमाटी से सहेकी जाने वाले मार्ग पर एक हृदय विदारक सड़क दुर्घटना सामने आई जहां सहेकी निवासी 30 वर्षीय युवक की मृत्यू होने से होली की खुशी पर ग्रहण लग गया। वहीं बताया जा रहा है कि सड़क दुर्घटना में दुर्घटना कारित करने वाला शराब के नशे में बताया जा रहा है। घटना के संबध में प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रार्थी डाली राम पिता झाडूलाल उइके निवासी सहेकी ने थाना लांजी पंहुचकर बताया कि मेरा बड़ा बेटा खिलेश पिता डाली राम उइके उम्र 30 वर्ष निवासी सहेकी जो कि 4 मार्च को दोपहर सहेकी से लांजी अपनी मोटर सायकल से दोस्त को छोडने लांजी गया था जो कि लांजी से वापस अपने घर ग्राम सहेकी लौट रहा था तभी ग्राम कालीमाटी से सहेकी मार्ग पुलिया के पास मेरे बेटे खिलेश को सामने से आ रहे मोटर सायकल क्रमांक एमपी 50 जेड एच 8483 जिसे लांजी निवासी भूपेश सातपुते चला रहा था। भूपेश के द्वारा लापरवाही पूर्वक खतरनाकर तरीके से मोटर सायकल चलाते हुये दुर्घटना कारित की गई है जिसमे मेरा बेटा मोटर सायकल सहित नीचे गिर गया और गंभीर रूप घायल हो गये, स्थानीय लांजी लोगो के द्वारा निजी वाहन से सिविल अस्पताल लांजी लाया गया जहां डाक्टर के द्वारा जाचं कर खिलेश को मृत घोषित किया गया। वहीं दुर्घटना में घायल भूपेश सातपुते को भी चोटे आई है जिनका प्राथमिक उपचार कर जिला अस्पताल रिफर किया गया। अस्पताल प्रबंधन के द्वारा मर्ग सूचना पुलिस थाना लांजी को दी गई जहां पुलिस के द्वारा मर्ग पंचनामा कायमी कर शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं इस संबध में लांजी पुलिस के द्वारा मर्ग जांच उपरांत घटना कारित करने वाले के विरूद्ध अपराध दर्ज किया जायेगा।

## श्रीमती पून्नी मनोहर पाण्डे पंचतत्व में विलीन

**पद्मेश न्यूज। लांजी।** नगर अन्तर्गत वार्ड क्रमांक 8 के निवासी अमित गोलू पाण्डे की माताजी श्रीमती पुन्नी बाई मनोहर पाण्डे जी का 64 वर्ष की आयु में 3 मार्च को निधन हो गया। आप अपने पीछे अमित गोलू पाण्डे, दो पुत्री सीमा, वर्षा सहित नाती पोतो से भरा पूरा परिवार छोड़ स्वर्ग सीधार गये। आपका अंतिम संस्कार 5 मार्च को सामाजिक रीति रिवाजो के साथ स्थानीय कोटेश्वर मोक्षधाम में दोपहर 12 बजे किया गया। आपके निधन पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, नाते रिश्तेदार, सामजिक बंधुओ सहित ईष्ट मित्रो के इस अंतिम यात्रा में शामिल होकर पंच लकड़ी प्रदान कर मृत आत्मा की शांति के लिये ईश्वर से प्रार्थना करते हुये दो मीनट का मौन धारण किया गया साथ ही इस दुख की घड़ी में परिजनों को संबल प्रदान करने परमेश्वर से प्रार्थना की गई। आपके निधन पर मॉ सिंहवाहिनी दुर्गा उत्सव समिति के सभी पदाधिकारियों एवं सदस्यो के द्वारा भी शोक संवेदना व्यक्त कर श्रृद्धा सुमन अर्पित किये है।



## सड़क हादसे में प्रतीक गिरी गंभीर रूप से हुआ घायल जिला चिकित्सालय रिफर

**पद्मेश न्यूज। वारासिवनी।** वारासिवनी थाना अंतर्गत ग्राम रमरमा के पेंदीटोला में ५ मार्च को हुई सड़क दुर्घटना में प्रतीक गिरी गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसका सिविल अस्पताल में प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रतिक पिता छतर गिरी २५ वर्ष रमरमा वार्ड नं.१२ में अपने पूरे परिवार के साथ निवास करता है। जहां पर वह होली के तीसरे दिन मोटरसाइकिल से कहीं जाने के लिए निकला था। तभी मोटरसाइकिल रास्ते में अनियंत्रित होकर झाड़ियां में घुस गई। जहां इस सड़क हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी उस समय लगी जब राहगीरो के द्वारा देखा गया कि कोई गिरा हुआ है और गांव के लोग जमा हुए। तब परिजनों के द्वारा घायल की पहचान कर उसे तत्काल सिविल अस्पताल में लाया गया। जहां घायल का चेहरा बहुत ज्यादा खराब हो गया था। जिसे गंभीर चोट चेहरे में आई हुई थी तत्काल डॉक्टर के द्वारा प्राथमिक उपचार कर बेहतर इलाज के लिए उसे जिला चिकित्सालय रिफर कर दिया गया।




लांजी में "पद्मेश"
इंटरनेट (ब्राडबेंड)
कनेक्शन के लिये संपर्क करें
Mo. 8319969927

# पांच राज्यों के चुनाव में लगेगी मंत्रियों, विधायकों और नेताओं की ड्यूटी

## मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां अभी नहीं तो अगले साल!

नई दिल्ली/भोपाल। मप्र के विधायक और नेता इन दिनों राजनीतिक नियुक्तियों का इंतजार कर रहे हैं। विधायक आस लगाए हुए हैं कि मंत्रिमंडल विस्तार हो और उन्हें मंत्री बनाया जाए। वहीं नेताओं को इतजार है कि जल्द से जल्द निगम, मंडल, प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियां हो, ताकि सत्ता का सुख उन्हें मिल सके। हालांकि इसके लिए वे करीब डेढ़ साल से इंतजार कर रहे हैं। अब भाजपा सूत्रों को कहना है कि पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव का बिगुल बजने से पहले अगर मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां हो गई तो ठीक है वर्ना अगले साल ही विधायकों और नेताओं की मंशा पूरी होने की संभावना है।

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल के साथ ही असम, तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव होने हैं। भाजपा आलाकमान इन चुनावों में मप्र के मंत्रियों, विधायकों और नेताओं को तैनात करेगा। यानी अगले महीने से भाजपा पूरी तरह चुनाव में लग जाएगी। ऐसे में संभावना जताई जा रही है कि अगर मप्र में मंत्रिमंडल विस्तार और राजनीतिक नियुक्तियां अभी नहीं हुईं तो अगले साल तक इंतजार करना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि 2021 में चुनाव आयोग ने पश्चिम बंगाल में पहले चरण की वोट 27 मार्च को वोटिंग कराई थी। आखिरी चरण की वोटिंग 29 अप्रैल को हुई थी। असम में असम में 27 मार्च, 1 और 6 अप्रैल को वोट डाले गए थे। तमिलनाडु, केरल और पुडुचेरी में तब 6 अप्रैल को वोट डाले गए थे।

### जून में राज्यसभा चुनाव की बाधा

गौरतलब है कि प्रदेश में राजनीतिक नियुक्तियां बार-बार टलती जा रही हैं। पहले मप्र भाजपा अध्यक्ष चुनाव, फिर राष्ट्रीय अध्यक्ष, चुनाव, कभी विधानसभा सत्र आड़े आते रहे। अब पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव के बाद मप्र में राज्यसभा की तीन सीटों पर चुनाव होना है। ऐसे में नियुक्तियों का मामला अटका रहेगा। उसके बाद अगले साल होने वाले नगरीय निकाय की तैयारी में पार्टी व्यस्त हो जाएगी। हालांकि सूत्रों का कहना है कि सत्ता और संगठन ने मिलकर राजनीतिक नियुक्तियों का खाका तैयार कर लिया है। संभावना जताई जा रही है कि होली के बाद निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में अध्यक्ष-उपाध्यक्षों की सूची जारी कर दी जाएगी। सूत्रों के मुताबिक केंद्रीय नेतृत्व से नियुक्तियों को लेकर पहले ही हरी झंडी मिल चुकी है। पिछले कुछ महीनों में प्रदेश सरकार और भाजपा संगठन के बीच इस विषय पर कई दौर की बैठकें हो चुकी हैं। बताया जा रहा है कि संभावित नामों पर दिल्ली स्तर पर भी चर्चा हुई है और संघ के साथ भी कुछ नामों को लेकर विचार-विमर्श किया गया है। इसके बाद अब नियुक्तियों की प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है।

### लंबे समय से नियुक्तियों का इंतजार

मप्र में लंबे समय से खाली पड़े निगम-मंडल, बोर्ड और प्राधिकरणों में राजनीतिक नियुक्तियों की प्रक्रिया अब अंतिम चरण में पहुंच गई है। भाजपा संगठन और सरकार ने मिलकर संभावित नामों की सूची तैयार कर ली है और होली के बाद पहली सूची जारी होने की संभावना जताई जा रही है। इन नियुक्तियों के जरिए पार्टी संगठन को मजबूत करने और वरिष्ठ नेताओं के साथ सक्रिय कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी देने की रणनीति पर काम किया जा रहा है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने पद संभालने के बाद प्रदेश के सभी संभागों का दौरा किया था। इस दौरान उन्होंने पार्टी के वरिष्ठ नेताओं और पदाधिकारियों से मुलाकात कर संगठन को मजबूत बनाने पर जोर दिया था। साथ ही उन्होंने यह भरोसा भी दिलाया था कि पार्टी में सक्रिय रहने वाले किसी भी कार्यकर्ता की उपेक्षा नहीं होने दी जाएगी। आगामी विधानसभा चुनाव को देखते हुए संगठन विस्तार और राजनीतिक संतुलन बनाने की दिशा में यह कदम अहम माना जा रहा है।

## पति-पत्नी ने एक व्यक्ति से की मारपीट दी जान से मारने की धमकी

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। किरनापुर थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम बड़गांव में एक व्यक्ति को इसी ग्राम में रहने वाले पति-पत्नी ने मारपीट कर उसे जान से मार डालने की धमकी दे दी। यह घटना पेड़ काटने की रंजीश को लेकर हुई। किरनापुर पुलिस ने इस मामले में नकुल प्रसाद उपवंशी और उसकी पत्नी इमला बाई उपवंशी के विरुद्ध मारपीट और जान से मारने की धमकी देने के आरोप में अपराध दर्ज किया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रमेश पिपरी 40 वर्ष ठेकेदारी का काम करते हैं। जिनके खेत का पेड़ नकुल उपवंशी ने काटा था । रमेश पिपरी ने नकुल उपवंशी को पेड़ काटने से मना कर दिया था और इसी को लेकर के रमेश पिपरी और नकुल उपवंशी के बीच विवाद हुआ था और इस घटना को लेकर नकुल उपवंशी रंजिश बनाए हुए था। 3 मार्च को 4 बजे करीब रमेश पिपरी होली का सामान खरीदने के लिए बड़गांव आ रहा था। जब वह नकुल उपवंशी के घर के सामने पहुंचा तभी नकुल उपवंशी, रमेश पिपरी को अश्लील गालियां देने लगा। रमेश पिपरी ने नकुल उपवंशी के घर के सामने रुक कर उसे समझने की कोशिश की किन्तु नकुल उपवंशी, रमेश पिपरी का कालर पड़कर उसे मारपीट करने लगा। इतने में उसकी पत्नी इमला बाई उपवंशी भी पहुंची और दोनों पति-पत्नी ने मिलकर रमेश पिपरी को मारपीट करने लगे। रमेश पिपरी के चिल्लाने की आवाज सुनकर मोहल्ले के लोग दौड़े और बीच बचाव किये। जिसके बाद नकुल उपवंशी और उसकी पत्नी इमला बाई उपवंशी ने रमेश पिपरी को दूसरी बार यहां आने पर जान से खत्म करने की धमकी दे दी। इसके बाद रमेश पिपरी रिपोर्ट करने के लिए किरनापुर पुलिस थाना पहुंचा। किरनापुर पुलिस ने इस मामले में नकुल प्रसाद उपवंशी और उसकी पत्नी इमला बाई उपवंशी के विरूद्ध अश्लील गालियां देकर मारपीट और जान से मारने की धमकी देने की आरोप में अपराध दर्ज किया है। जिसकी विवेचना की जा रही है।

## 11 मार्च को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक 11 मार्च दोपहर 12 बजे जिला पंचायत कार्यालय सभा कक्ष में आयोजित की गई है। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार करेंगें। इस बैठक में महिला एवं बाल विकास, पशुपालन, उद्योग, पीआईयू व हाउसिंग बोर्ड के कार्यों की समीक्षा की जायेगी। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ ने संबंधित अधिकारियों को बैठक में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिये हैं। जिला पंचायत के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित होने के लिए सूचना भेज दी गई है।

## बेहरई में उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया होली पर्व

पद्मेश न्यूज। बेहरई/लालबर्रा। जनपद पंचायत लालबर्रा के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बेहरई और मशीनटोला में रंगों का पावन पर्व रंगोत्सव उमंग और उत्साह के साथ मनाया गया। इस होली पर्व के अवसर पर गत २ मार्च को बेहरई व मशीनटोला के होलिका दहन स्थल पर ग्रामीणजन एकत्रित हुए और विधि-विधान से पूजा अर्चना कर शुभ मुहुर्त पर होलिका दहन किया गया तत्पश्चात उपस्थितजनों न े एक-दुसरे को गुलाल लगाकर होली पर्व की शुभकामनाएं दिये। वहीं ३ मार्च को चंद्रग्रहण होने के कारण ४ मार्च को रंगोत्सव का पर्व मनाया गया। इस अवसर पर ग्राम के बच्चें, युवा व बड़े लोगों ने दल बनाकर एक-



दुसरे के घर पहुंचकर रंग, गुलाल लगाकर सभी को होली पर्व की बधाई दी और भाईचारे का संदेश दिया। साथ ही डीजे की धुन पर लोगों ने जमकर नृत्य भी किया। इस तरह से बेहरई, मशीनटोला सहित आसपास के ग्रामों में भी हिंदू धर्मावलंबियों द्वारा यह पर्व पारंपरिक गरिमा और आपसी सौहार्द के साथ मनाया गया।

## नशा मुक्ति अभियान चलाना, महिलाओ को पड़ रहा महंगा, चोरी का लगा आरोप

### महिलाओं ने ज्ञापन सौपकर, पुलिस अधीक्षक से लगाई इंसाफ की गुहार

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जिले के कई गांवों को नशे से मुक्त कराने के लिए महिलाएं, नशा मुक्ति संगठन बनाकर नशामुक्ति की दिशा में प्रयास कर रही है, लेकिन उन्हें शराब बनाने व उसका विक्रय करने वालों के विरोध का लगातार सामना करना पड़ रहा है ।तो वही अब उन महिलाओ के खिलाफ थाने में अपराध भी दर्ज होने लगे है। एक ऐसे ही मामले में शराब पकड़ने के दौरान महिलाओं पर रुपये चोरी करने का आरोप लगा है, ये मामला जिले के लामता थाना क्षेत्र कर अंतर्गत आने वाले ग्राम टाकाबर्रा का है। समिति की महिलाओं ने इस मुसीबत से बचने के लिए गुरुवार को जिला मुख्यालय पहुंचकर पुलिस अधीक्षक से गुहार लगाई हैं।




### 11 डिब्बा पकड़ी शराब तो लग गया 50 हजार की चोरी का आरोप

नशा मुक्ति समिति टाकाबर्रा की महिलाएं कृष्णा लिल्हारे, ओमेश्वरी लिल्हारे, शिवरी बघेल सहित अन्य ने बताया कि वे लोग गांव को नशा मुक्त बनाने और युवाओं को नशे से बचाने के लिए अगस्त माह से नशे के विरुद्ध काम कर रहे है। जिसके चलते ही समिति की महिलाओं ने तीन मार्च को गीता वड़कड़े के मकान की छत से 11 डिब्बा महुआ की शराब और शराब बनाने की सामग्री को पकड़कर इसकी सूचना पुलिस को दी। उन्होंने बताया कि शराब के डिब्बे अभी भी समिति के पास ही है। इसी दौरान शराब बनाने व उसका विक्रय करने वाली महिला ने लामता थाना में शिकायत की है, कि शराब पकड़ने के नाम पर महिलाओं ने उसके घर से 50 हजार रुपये की चोरी कर लिए है, जो कि झूठा आरोप है। महिलाओं ने बताया कि ऐसा झूठा आरोप लगाकर शराब बनाने वाली महिला समिति के कार्य में बांधा डालने का काम कर रही है। जिसके चलते ही पुलिस अधीक्षक को ज्ञापन सौंपकर मामले की उचित जांच कर झूठा आरोप लगाने वाली महिला के विरुद्ध उचित कार्रवाई किए जाने की मांग की गई है, जिससे समिति की महिलाएं सही व समुचित तरीके से अपने अभियान को चला सके। महिलाओं ने बताया कि नशा मुक्ति अभियान चलाने से पहले गांव के हालात बहुत ही खराब हो चुके थे। जगह-जगह खुले आम शराब बनाने व उसका विक्रय करने से घरेलू विवाद, मारपीट, युवतियों को परेशानी सहित अन्य गंभीर हालात उत्पन्न हो गए थे। जिसके चलते ही सर्वसम्मिति से निर्णय लेकर नशा मुक्ति अभियान चलाया जा रहा है।

## बाबा कोटेश्वर की नगरी लांजी में शुद्धिकरण कर खेली गई होली

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। कोटेश्वर महानगरी लांजी स्थित कोटेश्वर मंदिर में 4 मार्च बुधवार की सुबह परंपरागत तरीके से रंगभरी एकादशी का पर्व मनाया गया। श्रद्धालुओं ने मंदिर पहुंचकर



देवाधिदेव महादेव बाबा को अबीर गुलाल अर्पित करके आशीर्वाद लिया। इसके बाद मंदिर परिसर में अबीर-गुलाल उड़ाकर हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया। वही भक्तों के द्वारा भगवान शिव का पंच द्रव्य और सुंगधित पुष्पों से श्रृंगार किया गया।इस दौरान लोगों ने कोटेश्वर बाबा के चरणों में अबीर गुलाल अर्पित करके होली का शुभारंभ किया। शिवालय पर रंग बिरंगे सुगंधित पुष्पों, से आकर्षक सजावट की गई।बाबा कोटेश्वर धाम में रंगभरी एकादशी महोत्सव का आयोजन किया गया। इसके उपरांत निखरे अलौकिक स्वरुप को दर्शन पूजन करने के लिए लोगों की कतार लगी रही। हर-हर महादेव के जयकारा से मंदिर परिसर गूंज उठा।जो भक्ति मय माहौल से होलीमय नजर आया।बताया गया की बाबा कोटेश्वर महादेव की महाआरती पूजारी उदित गिरी गोस्वामी द्वारा की गई।जहा रंगोत्सव का यह नजारा देर शाम तक देखने को मिला।

## युवक ने किया कीटनाशक का सेवन, कारण अज्ञात

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। ग्रामीण थाना नवेगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बगदरा में कीटनाशक के सेवन से एक युवक की तबीयत बिगड़ गई, जिसे उपचार के लिए बुधवार की रात जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया गया है। युवक का नाम ग्राम बगदरा निवासी 20 वर्षीय दीपक पिता गणपत सेन्द्रे बताया गया है। जिसका जिला अस्पताल में उपचार जारी है



प्राप्त जानकारी के अनुसार बगदरा निवासी दीपक ट्रैक्टर चलाने का काम करता है, बताया गया कि वह बुधवार की दोपहर घर आकर सो गया था, जो उल्टी करने लगा, दीपक ने अपने भाई दीपचंद सेन्द्रे को बताया कि उसने कीटनाशक दवा का सेवन कर लिया है।लेकिन उसने कीटनाशक दवा का सेवन क्यों किया इसकी कोई जानकारी नहीं दी, उसे बार-बार उल्टियां होने लगी, वही चक्कर आने लगे।जिसपर उसके परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है।

## 10 मार्च को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। आगामी 10 मार्च को जिला पंचायत की सामान्य प्रशासन समिति की बैठक का आयोजन किया गया है। जिला पंचायत अध्यक्ष सम्राट सिंह सरस्वार की अध्यक्षता में आयोजित यह बैठक जिला पंचायत कार्यालय सभाकक्ष में दोपहर 01 बजे से प्रारंभ होगी। बैठक में विगत सामान्य प्रशासन समिति का पालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही बैठक में स्वास्थ्य विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, कृषि विभाग, पीएम ग्रामीण सड़क योजना व एमपीआरडीसी के अंतर्गत कार्यों की समीक्षा की जायगी। समिति के सभी सदस्यों को बैठक में उपस्थित रहने के लिए सूचना भेज दी गई है। सभी संबंधित अधिकारियों को बैठक में उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

## माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर बालाघाट में प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। जनजातीय कार्य विभाग (मध्यप्रदेश स्पेशल एंड रेसिडेंसियल एकेडमिक सोसायटी) द्वारा संचालित विशिष्ट आवासीय विद्यालय माता शबरी आवासीय कन्या शिक्षा परिसर, बालाघाट में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ कर दी गई है। विद्यालय में ष्टक्चस्श्व पाठ्यक्रम (हिंदी माध्यम) के अंतर्गत कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं की रिक्त सीटों पर प्रवेश के लिए पात्र छात्राओं से आवेदन आमंत्रित किए गए हैं। विद्यालय के प्राचार्य पी के अंगूरे ने बताया कि प्रवेश के लिए अनुसूचित जनजाति वर्ग की छात्राएं, विशिष्ट पिछड़ी जनजाति, विमुक्त जनजाति, घुमक्कड़ एवं अर्धघुमक्कड़ समुदाय की छात्राएं आवेदन कर सकती हैं। इसके अतिरिक्त वे छात्राएं भी आवेदन करने के लिए पात्र हैं, जिन्होंने वामपंथी उग्रवाद या कोविड-19 के कारण अपने माता-पिता को खो दिया है। साथ ही विधवा माता की संतान, दिव्यांग माता-पिता की संतान, अनाथ छात्राएं तथा अनुसूचित जनजातीय क्षेत्रों में शासकीय सेवा में कार्यरत अधिकारी-कर्मचारियों की पुत्रियां भी आवेदन कर सकती हैं। विद्यालय प्रबंधन ने बताया कि आवेदन पत्र एवं आवश्यक निर्देश विद्यालय के सूचना पटल पर उपलब्ध करा दिए गए हैं। प्राप्त आवेदनों के आधार पर संस्था स्तर पर प्रवेश परीक्षा आयोजित की जाएगी, जिसके बाद वरीयता सूची जारी कर रिक्त सीटों पर प्रवेश दिया जाएगा। इच्छुक एवं पात्र छात्राओं से निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार समय पर आवेदन करने की अपील की गई है।

## एक व्यक्ति ने शराब के नशे में चूहा मार का किया सेवन

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। लांजी थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम डाबरी में इसी ग्राम के व्यक्ति चंद्र कुमार पिता चुन्नीलाल भलावी ने चूहा मार दवाई का सेवन कर लिया। जिसे जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार चंद्रकुमार भलावी अपने परिवार के साथ खेती किसानी करते हैं। और वह शराब पीने का आदी है। 3 मार्च को दोपहर चंद्रकुमार शराब पीकर घर आया और वह शराब के नशे में घर में रखी चूहा मार दवाई का सेवन कर रहा था। चंद्र कुमार को चूहा मार दवाई का सेवन करते हुए उसकी बेटी ने देखी और छुड़ाई । जिसने परिवार के अन्य लोगों को बताई। जिसके बाद चंद्र कुमार को प्राइवेट वाहन से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया है।

## मुंबई पर हमला करने वाले आतंकी संगठन से विद्यार्थी का कनेक्शन, एटीएस ने किया गिरफ्तार, जांच शुरू

मुंबई। महाराष्ट्र एटीएस ने 21 साल के इंजीनियरिंग स्टूडेंट अयान शेख को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने गुरुवार को कहा कि उस पर पाकिस्तान के आतंकी संगठन जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) और आतंकी संगठन आयएसआयएस से कनेक्शन होने का आरोप है। ज्ञात हो कि तीन दिन पहले एटीएस ने बैन किए गए आतंकी संगठनों से जुड़ी संदिग्ध ऑनलाइन चरमपंथी जानकारी शेयर करने के लिए इंटेलिजेंस इनपुट के आधार पर मुंबई में कई जगहों पर छापे मारे हैं। छापों के बाद, अयान शेख के खिलाफ यूएपीए के तहत केस दर्ज किया गया। उसके बाद, मुंबई में रहने वाले इंजीनियरिंग स्टूडेंट शेख को हिरासत में ले लिया गया है। दरअसल एटीएस ने सोमवार देर रात कुर्ला, गोवंडी और शिवाजीनगर इलाकों में सर्च ऑपरेशन चलाया। इन सर्च के दौरान, अधिकारियों ने लैपटॉप और मोबाइल फोन समेत कई इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस जब्त किए हैं और उन्हें फोरेंसिक जांच के लिए भेज दिया है। एटीएस ने एक डिजिटल रोडमैप जब्त किया है जो आतंकवादियों के साथ करीबी लिंक का संकेत देता है। एटीएस अधिकारियों के मुताबिक, शेख सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग एप्लीकेशन पर जैश और आयएसआयएस से जुड़ा आतंकवाद का प्रचार फैला रहा था। इसके बाद शेख जांच एजेंसियों के रडार पर आ गया। शुरुआती जांच में जैश प्रमुख मसूद अजहर से जुड़े कई ऑडियो और वीडियो क्लिप भी मिले हैं। हैरानी की बात यह है कि शेख टेलीग्राम समेत एन्क्रिप्टेड मैसेजिंग प्लेटफॉर्म पर आतंकवाद से जुड़ी जानकारी फैला रहा था। उस पर कई चैट रिकॉर्ड में आतंकियों की भर्ती करने और कट्टरतावाद को बढ़ावा देने का आरोप है। शेख के फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन की जांच हो रही है। यह पता लगाने के लिए जांच चल रही है कि क्या वह आतंकी कार्रवाई के लिए फंड देने की कोशिशों में शामिल था। शेख की विदेशी हैंडलर और बैन आतंकी संगठनों से जुड़े लोगों के साथ संदिग्ध बातचीत हुई थी। उनमें से कई संदिग्ध मास्टरमाइंड थे जो स्लीपर सेल और रिक्रूटमेंट नेटवर्क का हिस्सा थे। अधिकारियों के मुताबिक, एन्क्रिप्टेड ग्रुप में शामिल भारत के अलग-अलग राज्यों के कई युवाओं की मौजूदगी मिली है। इन ग्रुप पर एक्सट्रीमिस्ट मटीरियल, रेडिकल लिटरेचर और रिक्रूटमेंट स्ट्रेटेजी पर गाइडेंस देने का आरोप है। अयान शेख को आज शुक्रवार को मुंबई की एक विशेष कोर्ट में पेश किया जाएगा। आगे की पूछताछ और सबूत इकट्ठा करने के लिए उसकी पुलिस हिरासत मांगी जाएगी।

### कल हनुमान चालीसा का पाठ कर वाराणसी से लखनऊ के लिए निकलेंगे शंकराचार्य, बोले

## योगी के पास 6 दिन का समय बचा, गाय को राष्ट्रमाता घोषित करें

वाराणसी। वाराणसी में शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती ने कहा कि सीएम योगी के पास अभी 6 दिन का समय बचा है। वह गौ माता को राष्ट्रमाता घोषित कर दें। अभी तक उनकी तरफ से कोई बयान नहीं आया है। उनके ही पार्टी के अन्य लोग समर्थन कर रहे हैं, लेकिन कोई खुलकर सामने नहीं आ रहा है। 7 मार्च को हनुमान चालीसा का पाठ कर वाराणसी से लखनऊ के लिए निकलेंगे। वहां पर सभी साधु संतों के सामने हम अपने फैसले सुनाएंगे। उन लोगों का चेहरा भी सामने लाएंगे, जो लोग हमारे इस अभियान में साथ हैं।

शंकराचार्य ने गुरुवार को कहा कि रास्ते में हमें जहां रोका जाएगा, हम कानून का पूरा साथ देंगे। उम्मीद है कि ये धर्म की यात्रा है, इसमें कोई बाधा नहीं आएगी। अपने निर्धारित मार्ग और कार्यक्रम के अनुसार ही लखनऊ के लिए बढ़ेंगे। हम अपने मार्ग पर निकलेंगे और जो भी निर्णय लेना होगा, वह अपने धर्म और परंपरा के अनुसार लेंगे। प्रशासन को जो करना है वह करे, लेकिन अपने तय कार्यक्रम से पीछे नहीं हटेंगे।

शंकराचार्य ने बताया कि वह गाय और सनातन की रक्षा के लिए 11 मार्च को लखनऊ में सभा करेंगे। 6 मार्च को बड़े भगवान चिंता गणेश का पूजन पाठ होगा। इसी दिन वीर शिरोमणि छत्रपति शिवाजी महाराज जयंती पर संकल्प लेंगे। फिर 7 मार्च की शाम संकट मोचन मंदिर में हनुमान चालीसा पाठ करेंगे। इसके बाद लखनऊ यात्रा के लिए निकलेंगे। कई जिलों से होते हुए और रात्रि विश्राम करते हुए 10 मार्च को लखनऊ पहुंचेंगे। यहां 11 मार्च को शीतला अष्टमी पर काशीराम मैदान में गौ ध्वज प्रतिष्ठा किया जाएगा। इसके बाद धर्म युद्ध शुरू होगा, जो लोग भी गौ माता की रक्षा के लिए आना चाहते हैं, वह आएं।

## दो मोटरसाइकिल के बीच भिड़ंत में एक व्यक्ति घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। ग्रामीण थाना नवेगांव क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले गोंगलई मंदिर के समीप मोड़ में दो मोटरसाइकिल के बीच भिड़ंत हो गई। इस सड़क दुर्घटना में एक व्यक्ति घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।घायल का नाम नगर के वार्ड नंबर 33 हरिओम नगर निवासी 35 वर्षीय रवेल पिता भागचंद नगपुरे बताया गया है।जहां उसका उपचार जारी है।




### गोंगलई मंडी में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ है रवेल

प्राप्त जानकारी के अनुसार नगर के हरिओम नगर वार्ड नंबर 33 निवासी रवेल नगपुरे कृषि उपज मंडी गोंगलई वेयरहाउस में कंप्यूटर ऑपरेटर के पद पर पदस्थ हैं ,बताया गया कि बुधवार को वह गोंगलई स्थित मंदिर की तरफ गया था, जहां मंदिर के समीप मोड़ में सामने से आ रही एक अज्ञात मोटरसाइकिल चालक ने तेज रफ्तार से लापरवाही पूर्वक मोटरसाइकिल चलाते हुए उसे ठोस मार दी और ठोस मार कर मौके से फरार हो गया।उधर स्थानीय लोगों की मदद से रवेल को घर लाकर छोड़ा गया। जिसके परिजनों ने उसे उपचार के लिए जिला अस्पताल लाकर भर्ती कराया है। जहां उसका उपचार जारी है।



# विराट आरसीबी के सबसे बड़े स्टार बने रहेंगे - बोबाट

बेंगलुरु । रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के क्रिकेट डायरेक्टर मो बोबाट ने कहा है कि अनुभवी बल्लेबाज विराट कोहली की जमकर सराहना करते हुए कहा है कि वह हमेशा ही टीम के लिए सबसे बड़े स्टार रहेंगे क्योंकि उन्होंने अपने करियर का पूरा समय आरसीबी के साथ ही बिताया है। जिस प्रकार से वह पिछले कई साल से समर्पित होकर टीम की ओर से खेले रहे है, ऐसा काफी कम देखा गया है। इसलिए हमें उनके लिए एक जीत दर्ज करने वाली टीम बनानी है। आरसीबी आईपीएल में अभी मौजूदा चैंपियन है और उसका लक्ष्य इस बार भी खिताब जीतना रहेगा। टीम ने पिछले सत्र में 18 साल के बाद अपना पहला आईपीएल खिताब रजत पाटीदार की कप्तानी में जीता था। जिसके बाद विराट काफी भावुक हो गये थे क्योंकि लंबे समय तक वह कप्तानी करने के बाद भी वह टीम को खिताब नहीं जिता पाये थे।

बाट ने कहा, 'विराट हमेशा इस टीम के आईकन रहेंगे। वह लीग की ओर से किसे शानदार प्रदर्शन के लिए इस सम्मान के अधिकारी हैं। उनका रिकॉर्ड काफी अच्छा है।' उन्होंने कहा, 'मुझे याद है कि पिछले सत्र में उनके आंकड़े देख रहा था जब वह करीब 9000 रन तक पहुंच गए थे और वो भी 18 साल तक केवल एक ही टीम की जर्सी पहनकर। इस प्रकार उन्होंने प्रत्येक सत्र में करीब 500 रन बनाये हैं।' बोबाट ने कहा, 'यह हैरानी की बात है। सात साल तक कुछ खिलाड़ी 500 रन एक सत्र में बनाकर भी फूले नहीं समाते हैं जबकि विराट ने प्रत्येक सत्र में 500 रन बनाये हैं। यह अपने आप में हैरान करने वाली बात है।

कोहली ने सत्र 2008 से आरसीबी के लिए खेलते हुए 8 शतक भी लगाये हैं। वह आईपीएल में सबसे ज्यादा 9000 रन बनाने वाले बल्लेबाज हैं। साल 2016 में उन्होंने एक ही सत्र में 973 रन बनाये थे। बोबाट ने कहा, ' वह एंडी फ्लावर के साथ मिलकर उनके लिए एक एक ऐसे टीम बनाना चाहते हैं जो इस बार भी जीते क्योंकि विराट अपने करियर के उस दौर में हैं, जहां वह लगातार जीत चाहते हैं।'उन्होंने कहा कि टीम इस बार भी विराट के लिए खिताब जीतने के इरादे से आक्रामक क्रिकेट खेलेगी। टीम का लक्ष्य लगातार दूसरी बार खिताब जीतकर ये दिखाना होगा कि पिछली बार उसकी जीत कोई तुक्का नहीं थी।



## ऑल इंग्लैंड ओपन में लक्ष्य की जीत से शुरुआत, गत विजेता यूकी को हराया

लंदन। भारत के लक्ष्य सेन ने ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन ओपन 2026 में जीत के साथ शुरुआत की है। लक्ष्य ने पुरुष एकल के अपने पहले ही मुकाबले में गत विजेता चीन के शी यूकी को 23-21, 19-21, 21-17 से पराजित कर दिया। लक्ष्य ने पुरुष सिंगल्स के पहले दौर में यूकी को एक घंटे 18 मिनट तक चले मुकाबले में 23-21, 19-21, 21-17 से हरा दिया।

लक्ष्य ने मुकाबले में शुरु से ही आक्रामक रुख अपनाकर विरोधी खिलाड़ी पर दबाव बनाया। इससे लक्ष्य ने 17-10 की बढ़त ले ली पर इसके बाद शी ने वापसी करते हुए स्कोर 18-17 पर ला दिया। लक्ष्य ने फिर से बेहतर खेल दिखाते हुए हुए तीन गेम अंक हासिल किए पर चीनी खिलाड़ी ने एक और मैच अंक बचाकर अपने को खेल में बनाने का प्रयास किया ।

दूसरे गेम में यूकी ने आक्रामक रुख अपनाया पर लक्ष्य ने 13-19 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी की। उनका प्रयास मैच को निर्णायक मुकाबले तक ले जाने का था पर तीसरे और अंतिम गेम में भारतीय खिलाड़ी ने जबरस्त प्रदर्शन करते हुए 16-11 की बढ़त हासिल की और चार मैच अंक बटोरे। यूकी ने एक अंक बचाया पर वह अपनी हार नहीं टाल पाये।

वहीं एक अन्य मुकाबले में भारत की ही मिश्रित युगल जोड़ी ध्रुव कपिला और तनिशा क्रास्टो भी जीत के साथ ही दूसरे दौर में पहुंच गई है। इस जोड़ी ने मलेशिया की हू पेंग रॉन और चेंग सु यिन की जोड़ी को 21-17, 21-19 से हराया।

## पहली बार रणजी ट्रॉफी जीतने वाली जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम से मिले आईसीसी प्रमुख जय शाह

नई दिल्ली। अंतराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) अध्यक्ष जय शाह ने पहली बार रणजी ट्रॉफी खिताब जीतने पर जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर उन्हें शानदार प्रदर्शन पर बधाई दी है। जम्मू-कश्मीर ने खिताबी मुकाबले में आठ बार की विजेता कर्नाटक को हराकर सभी को हैरान कर दिया है। वहीं इससे पहले भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने भी जम्मू-कश्मीर क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों से मुलाकात कर जीत की तस्वीरें साझा करते हुए लिखा, रणजी ट्रॉफी में जम्मू और कश्मीर की जीत दिखाती है कि राज्य में क्रिकेट आगे बढ़ रहा है जो गर्व की बात है। अपनी यादगार जीत के बाद, खिलाड़ियों ने आईसीसी अध्यक्ष जय शाह से मिलने और उनके साथ यह खास पल साझा करने की इच्छा भी जताई थी। तब खिलाड़ियों ने बीसीसीआई सचिव रहते शाह के जम्मू-कश्मीर क्रिकेट के लिए किए गए कार्यों की भी प्रशंसा की थी। बीसीसीआई ने जम्मू-कश्मीर टीम को उसके इस सफलता पर बधाई दी। साथ ही जीतने वाली टीम से



मिलने के लिए शाह को धन्यवाद दिया।

गौरतलब है कि जम्मू और कश्मीर टीम ने चैंपियन कर्नाटक के खिलाफ पहली पारी में बड़ी बढ़त के आधार पर रणजी ट्रॉफी 2025-26 का खिताब जीतकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। खिताबी मुकाबले की पहली पारी में 584 रन बनाने के बाद, जम्मू और कश्मीर ने कर्नाटक को 293 रन पर आउट करके 291 रनों की बढ़त हासिल की थी।

वहीं जम्मू-कश्मीर ने ओपनर कमरान इकबाल के नाबाद 160 रन और साहिल लोत्रा के की शतकीय साझेदारी की सहायता से अपनी दूसरी पारी 4 विकेट प 342 रन बनाकर घोषित कर दी। ये मैच ड्रॉ रहा और पहली पारी की बढ़त के आधार पर जम्मू-कश्मीर को विजयी घोषित किया गया था। जम्मू-कश्मीर सरकार ने भी इस सफलता पर टीम की प्रशंसा करते हुए उसे इनाम दिया था।

## दिग्गज पूर्व क्रिकेटरों ने फिन एलन की पारी को सराहा

कोलकाता । न्यूजीलैंड ने सलामी बल्लेबाजों फिन एलन और टिम साइफर्ट ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शतकीय पारी खेलकर अपनी टीम को शानदार जीत दिलायी। इन दोनो की आक्रामक बल्लेबाजी के सामने विरोधी टीम के गेंदबाज बेबस नजर आये। इस मैच के दौरान फिन ने टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक भी लगाया जिससे न्यूजीलैंड की टीम टी20 विश्व कप के फाइनल में पहुंच गई। एलन ने अपनी पारी में 10 चौके और आठ छक्के लगाये। इन दोनो के ही इस प्रदर्शन की भारतीय टीम के पूर्व क्रिकेटरों शिखर धवन, वसीम जाफर और ने जमकर प्रशंसा की है।




धवन ने लिखा, एलेन की जबरदस्त बल्लेबाजी। टी20 विश्व कप इतिहास का सबसे तेज शतक। फाइनल में पहुंचने पर न्यूजीलैंड को बहुत-बहुत बधाई। वहीं जाफर ने कहा, विश्व कप के सेमीफाइनल में 33 गेंद में शतक, शानदार फिल एलन, अच्छा नहीं लगा, जब आप रुप स्तर में हावी रहते हैं और फिर बड़े गेम में हार जाते हैं। न्यूजीलैंड को श्रेय जाता है, वह पूरे मैच में हावी रही। इसी को लेकर भारतीय टीम के

महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर ने लिखा, आमतौर पर सेमीफाइनल के मुकाबले आपको अपनी सीट पर बैठे रहने पर मजबूर कर देते हैं, लेकिन आज तो फिन एलन ने हमें बैठने का मौका ही नहीं दिया, पहले ही खेल समाप्त कर दिया! क्या शानदार मैच था! वहीं इंग्लैंड के पूर्व कप्तान माइकल वॉन ने लिखा, ' यह एकतरफा पिटाई है, कीवी बल्लेबाजों ने हालात का सही तरीके से लाभ उठाया। इसी लिए में बार-बार कहता हूं कि न्यूजीलैंड दुनिया की सबसे बेहतरीन टीम हैं। उनके पास जितने सीमित संसाधन और खिलाड़ी चुनने के विकल्प हैं, उसको देखते हुए उनकी बल्लेबाजी अविश्वसनीय है।

## वरुण के बचाव में उतरे मेंटर, उसके प्रदर्शन में कोई कमी नहीं

मुम्बई। भारतीय क्रिकेट टीम के मिस्ट्री स्पिनर के नाम से लोकप्रिय वरुण चक्रवर्ती का प्रदर्शन इस बार टी20 विश्वकप में उम्मीद के अनुरुप नहीं रहा है। वरुण चक्रवर्ती सुपर 8 के मैच में बल्लेबालों पर पूरी तरह से अंकुश नहीं लगा पाये जिससे उनके ओवरों में पहले से अधिक अधिक रन बने हैं। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच में वह प्रभावित नहीं कर पाये हालांकि इसके बाद भी वह भारतीय टीम की ओर से सबसे अधिक विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं। वहीं वरुण के मेंटर प्रतीपन ने उनका बचाव करते हुए कहा है कि इस गेंदबाज के फार्मा को लेकर चिन्ता की कोई जरुरत नहीं है।



प्रतीपन ने कहा, आंकड़ों पर नजर डालें तो वरुण ने अच्छी गेंदबाजी की है। अगर पिच से किसी और को ज्यादा टर्न मिल रही होती और वरुण को नहीं, तो हम कुछ बदलाव की बात करते पर अभी ऐसा कुछ नहीं है। इसलिए वह परेशान नहीं हैं। उन्होंने यह भी कहा कि वरुण को अभी तकनीक में किसी भी प्रकार के बदलाव की जरुरत नहीं है। उनका फिलहाल किसी तकनीकी बदलाव की जरूरत महसूस नहीं की गई है। केवल एक दो मैच के आधार पर बदलाव सही नहीं है। उनके अनुसार अगर विकेट से ज्यादा टर्न नहीं मिल रही, तो गेंदबाज क्रीज और ट्रैजेक्टरी का इस्तेमाल कर कोण बनाकर बदलाव ला सकता सकता है। इसके अलावा ओवर द विकेट और राउंड द विकेट गेंदबाजी कर भी गेंदबाजी और सटीक बनायी जा सकती है। इंग्लैंड के खिलाफ वरुण का रिकॉर्ड काफी अच्छा रहा है। पिछले साल पांच मैचों की टी20 सीरीज में उन्होंने 9.85 की औसत से 14 विकेट लिए थे, जिसमें एक बार पांच विकेट भी थे। तब उन्होंने जोस बटलर और लियाम लिविंगस्टोन जैसे बेहतरीन बल्लेबाजों को आउट किया था। इस बार भी उम्मीद है कि वह सेमीफाइनल और फाइनल में अपने प्रदर्शन से अंतर पैदा करेंगे।

## फिन एलन टी20 विश्वकप के नॉकआउट मुकाबले में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने


कोलकाता। फिन एलन के शानदार शतक से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल मुकाबले में आसानी से हरा दिया दिया। इस मैच में एलन ने 33 गेंदों पर ही शतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। एलन अपनी इस पारी से टी20 विश्व कप नॉकआउट मुकाबले में शतक लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बन गये हैं। उनसे पहले किसी भी बल्लेबाज ने सेमीफाइनल में शतक नहीं लगाया था। एलन से पहले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में सबसे अधिक रनों का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान ने बनाया था। दिलशान ने साल 2009 टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 96 रन बनाए थे। वहीं इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने साल 2016 टी20 विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाये थे।

## अपने ही दामाद पर भड़के शाहिद अफरीदी

लाहौर। पाकिस्तान की टीम का जिस प्रकार से टी20 वर्ल्ड कप 2026 में खराब प्रदर्शन रहा है उससे पूर्व क्रिकेटर भड़के हुए हैं। पूर्व दिग्गजों ने टीम की रणनीति के साथ ही कप्तानी और खिलाड़ियों के कमजोर प्रदर्शन पर सवाल उठाये हैं। टीम के पूर्व कप्तान शाहिद अफरीदी ने तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी को भी खराब प्रदर्शन के लिए आड़े हाथों लिया है। शाहीन जबकि उनके दामाद हैं। पाकिस्तान इस टूर्नामेंट में किसी भी टीम के खिलाफ बड़ी जीत नहीं दर्ज कर पाया। । सुपर-8 के मुकाबले में श्रीलंका के खिलाफ उसे बड़ी जीत चाहिये थी पर टीम मामूली अंतर से जीती और इस कारण सेमीफाइनल की रेस से बाहर हो गयी। इस मैच में अंतिम ओवर में बाएं हाथ के तेज गेंदबाज शाहीन से कसी हुई गेंदबाज की उम्मीद थी पर उन्होंने 22 रन दे दिये।

## फिन एलन टी20 विश्वकप के नॉकआउट मुकाबले में शतक लगाने वाले पहले बल्लेबाज बने

कोलकाता। फिन एलन के शानदार शतक से न्यूजीलैंड ने दक्षिण अफ्रीका को टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल मुकाबले में आसानी से हरा दिया दिया। इस मैच में एलन ने 33 गेंदों पर ही शतक लगाकर अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। एलन अपनी इस पारी से टी20 विश्व कप नॉकआउट मुकाबले में शतक लगाने वाले विश्व के पहले बल्लेबाज बन गये हैं। उनसे पहले किसी भी बल्लेबाज ने सेमीफाइनल में शतक नहीं लगाया था।



एलन से पहले टी20 विश्व कप सेमीफाइनल में सबसे अधिक रनों का रिकॉर्ड श्रीलंका के पूर्व सलामी बल्लेबाज तिलकरत्ने दिलशान ने बनाया था। दिलशान ने साल 2009 टी20 विश्वकप सेमीफाइनल में वेस्टइंडीज के खिलाफ नाबाद 96 रन बनाए थे। वहीं इससे पहले भारतीय टीम के पूर्व कप्तान विराट कोहली ने साल 2016 टी20 विश्व कप के दौरान वेस्टइंडीज के खिलाफ सेमीफाइनल में 89 रन बनाये थे। एलन के इस शतक से न्यूजीलैंड ने विश्व कप में दक्षिण अफ्रीका को नौ विकेट से हराकर फाइनल में जगह बनायी। एलेन ने अपनी पारी में 10 चौके और आठ छक्के लगाकर कीवी टीम को केवल 12.5 ओवरों में ही 170 रनों के लक्ष्य तक पहुंचा दिया। वहीं दक्षिण अफ्रीका की ओर से मार्को यानसेन ने 2.5 ओवर में 53 रन बनाये और उन्हें कोई विकेट नहीं मिला। इस मैच में पहले बल्लेबाजी करते हुए दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 169 रन ही बना पायी थी।

## सेंटनर ने बताया जीत का राज

कोलकाता । न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान मिचेल सेंटनर ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टी20 विश्वकप क्रिकेट सेमीफाइनल में मिली शानदार जीत पर खुशी जतायी है। दक्षिण अफ्रीकी टीम ने इस नॉकआउट मैच में पहले बल्लेबाजी करते कीवी टीम को जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य दिया था जिसे उसने फिन ऐलन की आतिशी पारी से एक विकेट खोकर ही हासिल कर लिया। वहीं इससे पहले ग्रुप स्तर के मैचों में उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा था। सेमीफाइनल में एलन ने केवल 33 गेंदों पर ही शतक लगाकर टीम को जीत दिलायी। वहीं सेंटनर ने इस जीत का राज भी बताया। सेंटनर ने मैच के बाद कहा, यह अच्छा प्रयास था। हम जानते थे कि दक्षिण अफ्रीका टीम काफी अच्छी है। उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बताया है कि किस प्रकार से कठिन हालातों में निकलना चाहिये। मुझे लगता है कि हर बार, जब आप अच्छा खेलते हैं



या कोई गेम हारते हैं, तो आप उससे सीखते हैं। इसी को देखते हुए हमने इस बार अपने गेंदबाजों का बेहतर प्रयोग किया।

साथ ही माना कि पिछले मुकाबले में उनकी टीम का प्रदर्शन उम्मीद के अनुसार नहीं रहा था। वहीं इस बार टीम ने विरोध टीम को कम स्कोर पर ही रोक दिया। हमने शुरुआत में ज्यादा स्पिन फेंकी, जो हमने पिछले ग्रुप मैच में अहमदाबाद में नहीं की थी। पहले दो ओवर के लिए हमेशा एक योजना होती थी जो पिछले मैच में हम अमल में नहीं ला पाये। इस बार हम बीच में विकेट लेते रहे पर स्टब्सी और जेनसन ने शानदार, शानदार पारी खेलकर उन्हें 170 के पार पहुंचाया।मुझे लगता है कि हम 170 के लक्ष्य से थे, लेकिन आप कभी नहीं जानते, मुझे लगता है, पावरप्ले में विकेट की तरह, हमेशा एक चुनौती होती है, पर हमारे सलामी बल्लेबाजों ने मैदान में उतरकर अपना स्वाभाविक खेल खेला। पावरप्ले के जरिए जो शुरुआती साझेदारी बनती है वह काफी अच्छी होती है। अगर फाइनल में इसी प्रकार के प्रदर्शन का प्रयास करेंगे।

## गावस्कर का फाउंडेशन कर रहा गोल्फ इवेंट का आयोजन

### पूर्व क्रिकेटरों के साथ ही पेस, पादुकोण जैसे दिग्गज भी होंगे शामिल

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर का चैंप्स फाउंडेशन 6 मार्च को डीपी वर्ल्ड सेलिब्रिटी गोल्फ इवेंट आयोजित करने जा रहा है। इसमें कई पूर्व क्रिकेटरों के अलावा अन्य खेलों के दिग्गज भी भाग लेंगे। ये इवेंट मुंबई के चेंबूर स्थित बॉम्बे प्रेसीडेंसी गोल्फ क्लब में होगा। इसमें दुनिया भर के नामी गोल्फर भाग लेंगे। ये फाउंडेशन परेशानियों से संघर्ष कर रहे पूर्व भारतीय अंतराष्ट्रीय खिलाड़ियों की सहायता करता है। इस टूर्नामेंट में 100 से ज्यादा प्रतियोगियों के शामिल होने की संभावना है। इसमें पूर्व क्रिकेटर युवराज सिंह, जी.आर. विश्वनाथ, वेंकटेश प्रसाद, हरभजन सिंह, अजय जडेजा, पार्थिव पटेल, मुरली कार्तिक, एस. बद्रीनाथ, मुरली विजय और निखिल चोपड़ा भी शामिल होंगे। वहीं विदेशी क्रिकेटरों में इयोन मॉर्गन, माइकल वॉन और डेविड लॉयड रहेंगे। क्रिकेट के अलावा टेनिस स्टार लिएंडर पेस, बैडमिंटन दिग्गज प्रकाश पादुकोण और प्रोफेशनल गोल्फर नेहा त्रिपाठी, रिधिमा दिलावरी व गौरव घई भी इस इवेंट में भाग लेंगे। सुनील गावस्कर ने कहा कि चैंप्स फाउंडेशन इस सोच के साथ बनाया गया कि जिन्होंने खेल के जरिए देश का नाम रोशन किया, उन्हें जरूरत के समय अकेला न छोड़ा जाए। उन्होंने कहा कि यह आयोजन सिर्फ गोल्फ नहीं, बल्कि खेल समुदाय को लौटाने का प्रयास है।वहीं पेस ने कहा कि खेल हमें अनुशासन, मजबूती और एकजुटता सिखाता है।

## मिलर 12 वीं बार भी दक्षिण अफ्रीका को आईसीसी खिताब नहीं जिता पाये

कोलकाता । टी20 विश्वकप क्रिकेट टूर्नामेंट में दक्षिण अफ्रीका और उसके स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर को एक बार फिर निराशा का सामना करना पड़ा है। दक्षिण अफ्रीका की टीम सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड के खिलाफ हार के साथ ही बाहर हो गयी है। इससे उसके स्टार बल्लेबाज डेविड मिलर का विश्वकप जीतने का सपना फिर टूट गया। ये चौथी बार है जब दक्षिण अफ्रीकी टीम विश्वकप में न्यूजीलैंड के खिलाफ हारकर बाहर हुई है। इससे पहले वह ग्रुप स्तर और और सुपर-8 में सभी मैच जीत थी पर वह सेमीफाइनल में हार के सिलसिल को नहीं तोड़ पायी। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने इस मैच में कीवी टीम के सामने जीत के लिए 170 रनों का लक्ष्य रखा था जो कीवी टीम ने 12.5 ओवर में ही 9 विकेट पर हासिल कर लिया था। इससे पहले उसे न्यूजीलैंड के हाथों 2025 चैंपियंस ट्रॉफी के सेमीफाइनल, 2015 विश्व कप सेमीफाइनल और 2011 विश्व कप क्वार्टर फाइनल में हराया था। मिलर ने साल 2013 चैंपियंस ट्रॉफी के रूप में अपना पहला आईसीसी इवेंट खेला था। दक्षिण अफ्रीका की टीम ने साल 2013 से 2026 के बीत चैंपियंस ट्रॉफी, टी20 विश्व कप और एकदिवसीय विश्व कप सहित 12 आईसीसी इवेंट में भाग लेते हुए 6 बार टीम सेमीफाइनल या फाइनल में पहुंचने में कामयाब रही है पर यहां आकर उसे हार का सामना करना पड़ा था। इसी कारण वह कोई खिताब नहीं जीत पायी। उसे केवल एक आईसीसी खिताब विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप में मिला था।

## सचिन के बेटे अर्जुन की शादी में पारंपरिक परिधाओं में नजर आये धोनी और साक्षी

मुम्बई । भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेन्द्र सिंह धोनी और उनकी पत्नी साक्षी धोनी गुरुवार को यहां महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर के बेटे अर्जुन तेंदुलकर और सानिया चंडोक की शादी में शामिल हुए। धोनी और साक्षी इस समारोह में स्टाइलिश अंदाज में नजर आये। शादी में धोनी के अलावा कई और दिग्गज खिलाड़ी भी शादी में शामिल हुए।

धोनी ने शादी समारोह में पारंपरिक परिधानों में सबका ध्यान खींचा। वह हल्के बेज-ब्लश सिल्क कुर्ते में अपने ही अंदाज में दिखे। जिसमें बीच और कफ पर बारीक रेशम और ज़रदोज़ी की कढ़ाई की गई थी। हल्के हरे, लाल और सुनहरे रंग के हल्के फूलों से उनका ये कुर्ता और भी क्लासिक भारतीय अंदाज दिखा रहा था। उन्होंने क्रिस्प सफेद चूड़ीदार ट्राउज़र के



साथ लुक को साफ और सिंपल रखा, जिससे कुर्ते की कारीगरी उभर कर सामने आई।

वहीं साक्षी ने आइवरी अनारकली-स्टाइल सूट पहना था, जिसके बॉर्डर पर कलमकारी से प्रेरित फूलों की बेलें और मोर के डिज़ाइन थे, जो शाही चार्म दिखा रहा था। उनके हल्के सोने के बॉर्डर वाले शीयर दुपट्टे, लेयर्ड गोल्ड ज्वेलरी और भारी सजावट वाले गोल्ड पोटली बैग ने स्टाइल के साथ ही पारंपरिक अंदाज दिखाया। पूर्व क्रिकेटर इरफान पठान और उनकी पत्नी सफा बेग भी पारंपरिक कपड़ों में दिखे। इरफान हल्के क्रीम रंग के थ्री-पीस सूट में बहुत खूबसूरत लग रहे थे, जिसमें फिटेड ब्लेज़र, मैचिंग वेस्टकोट और स्लिम ट्राउज़र हैं। इसे बिना बटन वाली सफेद शर्ट और पॉलिश किए हुए भूरे जूतों के साथ कैजुअली स्टाइल किया गया है, जो एक मॉडर्न और आरामदायक लुक

# जंग के बीच कोलकाता-दुबई फ्लाइट शुरू: श्रीनगर में लगातार पांचवें दिन बंद

## -स्पाइसजेट ने की दुबई-फुजैराह से दिल्ली-मुंबई के लिए एक्सट्रा फ्लाइट शुरु



नई दिल्ली। अमेरिका-इजराइल और ईरान जंग जारी है। जंग के कारण मिडिल ईस्ट के देशों में भारत के लिए उड़ान सेवा प्रभावित हुई है। हालांकि बीते 2 दिन में हालात आंशिक रूप से सुधरे हैं। एयरलाइन स्पाइसजेट ने गुरुवार को कहा कि यूएई से भारत आने वाली स्पेशल फ्लाइट्स शुरू की गई हैं। दुबई-फुजैराह से दिल्ली-मुंबई के लिए ज्यादा फ्लाइट्स शेयड्यूल की गई हैं।

मीडिया रिपोर्ट में एयरलाइन के हवाले से बताया गया है गुरुवार को दुबई से मुंबई के लिए एसजी9014 और फुजैरा से मुंबई के लिए एसजी9036 उड़ान चलेंगी। फुजैरा से दिल्ली के लिए एसजी9006, एसजी9082 और एसजी9085 और फुजैरा से मुंबई के लिए एसजी9087 और एसजी9089 उड़ानें भी ऑपरेट की जा रही हैं। इधर, ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत पर जम्मू-कश्मीर के श्रीनगर में विरोध प्रदर्शन हुए। 1 मार्च से लगातार पांचवे दिन श्रीनगर में लाल चौक पर बैरिकेडिंग है, सुरक्षाबल तैनात हैं। गलियों के बाहर तार फैंसिंग की गई है।

स्पाइसजेट ने 6 मार्च को भी फुजैराह से मुंबई और दिल्ली के लिए कई अतिरिक्त उड़ानें तय की हैं। 7 मार्च को फुजैराह से मुंबई के लिए एक स्पेशनल फ्लाइट ऑपरेट की जाएगी। एयरलाइन कंपनी एयर इंडिया ने कहा कि 28 फरवरी या उससे पहले बुक टिकट वाले यात्री अपनी उड़ान मुफ्त में रीशेड्यूल करा सकते हैं या टिकट कैंसिल करके पूरा रिफंड ले सकते हैं। कंपनी ने कहा कि हमारी मिडिल ईस्ट के हालातों पर नजर बनी हुई है। दुबई और जेद्दा से फ्लाइट ऑपरेट की जा रही हैं। वहां फंसे भारतीय लाने की कोशिशें जारी है। इस बीच 4 दिन से सबंद पड़ी कोलकाता-दुबई की उड़ानें गुरुवार से दोबारा शुरू की गई हैं। अधिकारियों ने कहा कि फ्लाईदुबई की फ्लाइट गुरुवार सुबह एयरपोर्ट पर लैंड हुई। इसमें 130 यात्री थे। बोइंग 737 मैक्स वाला यह प्लेन यहां से 55 यात्रियों को लेकर दुबई रवाना हुआ।

## पीएम मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसमर्पण कर दिया- खड़गे

### -ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, अमेरिका ने हमला कर उसे डुबो दिया

नई दिल्ली,। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने ईरान युद्ध से जुड़े घटनाक्रमों का हवाला देते हुए गुरुवार को आरोप लगाया कि पीएम मोदी ने राजनीतिक और नैतिक रूप से आत्मसर्मण कर दिया है। खड़गे ने एक्स पर पोस्ट में लिखा- मोदी सरकार का भारत के सामरिक और राष्ट्रीय हितों के प्रति लापरवाही भरा परित्याग सबके सामने है। एक ईरानी जहाज भारत का मेहमान था, हमारे द्वारा आयोजित इंटरनेशनल फ्लीट रिव्यू 2026 से निहत्थे लौट रहा था, लेकिन हिंद महासागर क्षेत्र में उस पर हमला कर उसे डुबो दिया गया। चिंता या शोक का कोई बयान नहीं आया। पीएम मोदी मौन साधे हुए हैं।

उन्होंने कहा कि होर्मुज की खाड़ी में 1100 नाविकों के साथ 38 भारतीय ध्वज वाले वाणिज्यिक जहाज फंस गए हैं। कैप्टन समेत दो भारतीय नाविकों की मौत हो गई है। कोई समुद्री बचाव या राहत अभियान क्यों नहीं चलाया जा रहा है? खड़गे ने कहा कि खाड़ी क्षेत्र के देशों में एक करोड़ भारतीय रहते हैं। मेडिकल छात्र मदद मांगने के लिए हताशा भरा वीडियो संदेश जारी कर रहे हैं। उन्होंने सवाल किया कि भारत सरकार उनकी भलाई कैसे सुरक्षित कर रही है? क्या प्रभावित क्षेत्रों से निकासी की कोई योजना है? खड़गे ने दावा किया कि पीएम मोदी का आत्मसमर्पण राजनीतिक और नैतिक दोनों है। उन्होंने कहा कि यह भारत के मूल राष्ट्रीय हितों को कमतर दिखाता है और सालों से लगातार पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा सावधानीपूर्वक और कड़ी मेहनत से बनाई और अपनाई गई हमारी विदेश नीति को नष्ट करने वाला है।

## इंदौर के अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर के पास सूखी झाड़ियों में आग

इंदौर। मध्यप्रदेश के इंदौर के देवी अहिल्या बाई होलकर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा परिसर के पास सूखी झाड़ियों में अचानक आग लग गई। आग इतनी तेजी से फैली कि कुछ ही देर में दूर-दूर तक धुआं और लपटें दिख रही थीं। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची। साथ ही एयरपोर्ट थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच कर हालात पर नियंत्रण की कार्रवाई शुरू की। दमकलों ने आग पर काबू पा लिया।

लोगों के मुताबिक, एयरपोर्ट परिसर और आसपास के इलाके में बड़ी मात्रा में सूखी झाड़ियां फैली हुई हैं। गर्मी और सूखे मौसम के चलते यहां आग लगने की घटनाएं आम हैं। कुछ दिन पहले भी इसी तरह झाड़ियों में आग भड़कने का मामला सामने आया था। आग लगने का कारण स्पष्ट नही हो सका है।

## महायुद्ध अब हिंद महासागर तक पहुंचा, राहुल गांधी ने सरकार को घेरा

नई दिल्ली। ईरान पर इजराइल और अमेरिका के हमले जारी हैं। वहीं ईरान भी इजराइल और अमेरिका के सैन्य ठिकानों पर लगातार हमले कर रहा है। यह महायुद्ध अब हिंद महासागर तक पहुंच गया है। हिंद महासागर में अमेरिका ने ईरान के युद्धपोत को निशाना बनाया है, जिसमें 80 से ज्यादा लोगों की मौत हो गई है। मिडिल ईस्ट इस वक्त युद्ध की पीड़ा झेल रहा है, जिसकी आहट भारत में भी महसूस होने लगी है। भारत का सियासी पारा चढ़ गया है। कांग्रेस ने इस मामले में पीएम मोदी को घेरा।

मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक राहुल गांधी ने कहा है कि भारत की तेल सप्लाई खतरे में है, हमारा 40फीसदी से ज्यादा इम्पोर्ट स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से होकर गुजरता है। एलपीजी और एलएनजी के लिए हालत और भी खराब हैं। ऐसे समय में हमें एक मजबूत हाथ की जरूरत है, लेकिन भारत के पास एक समझौता करने वाला पीएम है जिसने हमारी स्ट्रेटेजिक आजादी को छोड़ दिया है। राहुल गांधी ने एक्स पर पोस्ट किया कि विश्व एक अस्थिर दौर में प्रवेश कर चुका है। समुद्री क्षेत्र में बड़ी चुनौतियां सामने खड़ी हैं। भारत की तेल आपूर्ति खतरे में है।

उन्होंने कहा कि हिंद महासागर में एक ईरानी युद्धपोत के डूबने से संघर्ष भारत की दहलीज तक पहुंच गया, लेकिन पीएम मोदी ने कोई टिप्पणी नहीं की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि ऐसे चुनौतीपूर्ण समय में कमान एक स्थिर हाथ में रहने की जरुरत होती है। राहुल ने आरोप लगाया कि इसके बजाय, भारत के पास एक समझौतावादी पीएम हैं जिन्होंने हमारी सामरिक स्वायत्तता का समर्पण कर दिया है।

## सुप्रिया सुले ने अजित पवार के प्लेन क्रैश की पारदर्शी जांच की मांग की

नई दिल्ली । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरद पवार) की कार्यकारी अध्यक्ष और सांसद सुप्रिया सुले ने गुरुवार को 28 जनवरी को बारामती में महाराष्ट्र के पूर्व उपमुख्यमंत्री अजित पवार के प्लेन क्रैश की पारदर्शी जांच की मांग की।



एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में सुले ने कहा कि जो लोग अजित पवार का बहुत सम्मान करते हैं, वे इस हादसे के बाद बहुत परेशान हैं। जनता का भरोसा बनाए रखने के लिए एक साफ और ईमानदार जांच जरूरी है। सुले ने कहा, अजित दादा को प्यार करने वाले लोग बेचैन हैं। हादसे की पारदर्शी जांच की सबकी मांग है। रोहित पवार और जय पवार दोनों ने इस बारे में लगातार सवाल उठाए हैं, और यह जरूरी है कि निष्पक्ष जांच के जरिए सच सामने आए।

उन्होंने आगे कहा, पूरे महाराष्ट्र में अजित दादा को प्यार करने वाले लोग बेचैन हैं। रोहित और जय इसलिए बोल रहे हैं क्योंकि जनता में बेचैनी है। जो हुआ उसकी पारदर्शी जांच की सबकी मांग है। मैं यह सिर्फ इसलिए नहीं कह रही कि रोहित और जय मेरे परिवार के सदस्य हैं; यह अजित दादा के अनगिनत समर्थकों की मांग है कि सच पारदर्शी तरीके से सामने आना चाहिए।

## भारत सरकार ने ईरान के पूर्व सुप्रीम नेता खामेनेई की मौत पर श्रद्धांजलि अर्पित की

नई दिल्ली। भारत सरकार ने ईरान के दिवंगत शीर्ष नेता आयतुल्लाह अली खामेनेई को श्रद्धांजलि अर्पित की है। भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्त्री ने गुरुवार को नई दिल्ली स्थित ईरानी दूतावास पहुंचकर शोक पुस्तिका पर हस्ताक्षर कर ईरान के पूर्व सर्वोच्च नेता के निधन पर गहरी संवेदना व्यक्त की। बता दें कि 28 फरवरी 2026 को इजरायल और अमेरिका ने संयुक्त रूप से ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए थे, जिसमें ईरान के सुप्रीम नेता खामेनेई की मौत हो गई थी।

इस हमले के बाद ईरान में गहरा शोक और राजनीतिक उथल-पुथल जारी है। दूसरी ओर भारत के विपक्षी दल सरकार पर कई तरह के आरोप लगा रहे हैं, साथ ही कुछ लोगों का कहना था कि भारत की ओर से अब तक कोई आधिकारिक बयान जारी नहीं किया है। देश के अंदर चल रही राजनीतिक बहस के बीच विदेश सचिव मिस्त्री ने ईरानी दूतावास जाकर दुखद घटना पर ईरान सरकार और ईरान जनता के प्रति संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोक पुस्तिका में संदेश दर्ज किया और भारत-ईरान के बीच मजबूत द्विपक्षीय संबंधों को दोहराया।

ईरान में खामेनेई के निधन के बाद 40 दिनों का राष्ट्रीय शोक घोषित किया गया है। अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कई देशों ने उनकी मौत पर श्रद्धांजलि अर्पित की है, जबकि क्षेत्रीय तनाव बढ़ने की आशंका भी जाहिर की गई है। भारत ने इस संवेदनशील स्थिति में संतुलित रुख अपनाते हुए ईरान के साथ अपने ऐतिहासिक संबंधों को मजबूत बनाए रखने का संदेश दिया है। गौरतलब है कि आम आदमी पार्टी ने अमेरिका-ईरान के बीच चल रहे युद्ध को लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की चुप्पी पर सवाल उठाकर कहा कि यह देश के लिए खतरनाक संकेत है।

## तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की अभिनेत्री की आर्थिक मदद के लिए आगे आए अभिनेता अल्लू अर्जुन

हैदराबाद। तेलुगु फिल्म इंडस्ट्री की जानी-मानी अभिनेत्री पावला श्यामला इन दिनों आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिनेत्री ने अपने फिल्मी करियर में 250 से ज्यादा फिल्मों में काम किया है। इसके बावजूद हालात इसतरह के हो गए कि उन्हें अपने कई अवॉर्ड्स तक बेचने पड़े। बताया जा रहा है कि श्यामला लंबे समय से आर्थिक परेशानियों और स्वास्थ्य संबंधी दिक्कतों से जूझ रही हैं। इसके बाद अभिनेत्री के मुश्किल समय में अभिनेता अल्लू अर्जुन मसीहा बनकर सामने आए हैं और तुरंत मदद का हाथ आगे बढ़ाया है। रिपोर्ट्स के अनुसार, अल्लू अर्जुन ने फैसला किया है कि वह डुहर महीने श्यामला को 10 हजार रुपये की आर्थिक सहायता दूंगा, ताकि उनकी रोजमर्रा की जरूरतें और दवाइयों का खर्च पूरा हो सके। अल्लू अर्जुन के इस कदम की सोशल मीडिया पर खूब सराहना हो रही है। फैंस और इंडस्ट्री के लोग उनकी संवेदनशीलता और मददगार स्वभाव की तारीफ कर रहे हैं। अल्लू अर्जुन से पहले साउथ इंडस्ट्री के मेगास्टार चिरंजीवी और अभिनेता-राजनेता पवन कल्याण भी पावला की मदद के लिए आगे आ चुके हैं। इन दोनों सितारों ने भी उनकी स्थिति को देखकर आर्थिक सहायता प्रदान की है। पावला श्यामला ने अपने लंबे करियर में कई फिल्मों में काम किया और अपनी कॉमिक टाइमिंग व अभिनय से दर्शकों को खूब मनोरंजन दिया। हालांकि अब स्वास्थ्य और आर्थिक समस्याओं के कारण उनका जीवन कठिन दौर से गुजर रहा है। बताया जा रहा है कि फिल्मों से कमाई गई उनकी बचत भी इलाज और अन्य जरूरतों में खर्च हो चुकी है। फिलहाल वह अपनी बेटी के साथ एक वृद्धाश्रम में रह रही हैं और जीवनयापन के लिए संघर्ष कर रही हैं।

## रणजीत सिंह एनकाउंटर मामले में हाईकोर्ट सख्त, डीजीपी को किया तलब

चंडीगढ़। रणजीत सिंह एनकाउंटर का मामला गरमाता जा रहा है। अब विवादित मामले में पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने सख्त रूख अपनाकर नोटिस जारी किया है। पंजाब एवं हरियाणा हाईकोर्ट ने पंजाब के डीजीपी गौरव यादव को तलब किया। अब हाईकोर्ट के हस्तक्षेप के बाद मामले में आगे की कार्रवाई पर सभी की नजरें टिकी हुई हैं।

दरअसल,रणजीत के परिवार ने अंतिम संस्कार करने से इंकार किया था और मामले में दोबारा पोस्टमार्टम कराने की मांग को लेकर हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। इसके बाद अदालत ने इस मामले पर संज्ञान लेकर पुलिस से जवाब तलब किया है।

गौरतलब है कि गुरदासपुर 2 पुलिस कर्मियों की हत्या मामले में 25 फरवरी को पंजाब पुलिस ने रणजीत सिंह को एक मुठभेड़ में मार गिराया था।

## संघ प्रमुख मोहन भागवत बोले- धर्म जोड़ने का कार्य करता है, तोड़ने का नहीं

अहमदाबाद । शहर के निकट स्थित जेतलपुर स्वामिनारायण मंदिर में भगवान स्वामिनारायण के आगमन के 200 वर्ष पूर्ण होने के उपलक्ष्य में भव्य द्विशताब्दी महोत्सव का आयोजन किया गया। यह महोत्सव आचार्य प.पू. 108 व्रजेन्द्रप्रसादजी महाराज की अध्यक्षता में आयोजित हुआ, जिसमें देशभर से संत-महंतों और हजारों हरिभक्तों ने भाग लिया। द्विशताब्दी महोत्सव के अवसर पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत विशेष रूप से उपस्थित रहे। उनके साथ नरनारायणदेव गादी के पीठाधीपति प.पू. ध.धू. 1008 आचार्य कोशलेन्द्रप्रसादजी महाराज भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहन भागवत ने कहा, 卐हम जो कार्य पिछले 100 वर्षों से कर रहे हैं, वही कार्य स्वामिनारायण भगवान और उनका संप्रदाय पिछले 200 वर्षों से कर रहा है।卐 उन्होंने स्वयं को यहां 'जूनियर' के रूप में 'सीनियर' से मिलने आया हुआ बताया। उन्होंने कहा कि 卐जो धर्म का पालन करता है, धर्म उसकी रक्षा करता है। जीवन में उपासना और साधना अत्यंत आवश्यक है।卐 केवल सपने देखने से कुछ नहीं होता, बल्कि आचरण से ही परिवर्तन संभव है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि धर्म जोड़ने का कार्य करता है, तोड़ने का नहीं।

भागवत ने सामाजिक समरसता पर बल देते हुए कहा कि सभी मनुष्य ईश्वर की रचना हैं, फिर ऊंच-नीच का भेद कैसा? यदि हम इन मूल्यों को अपनाएं तो सनातन धर्म की रक्षा संभव है। उन्होंने कहा कि विश्व की अनेक समस्याओं का समाधान भारत के पास है और अंततः विश्व को मार्गदर्शन भारत से ही मिलेगा। अपने संबोधन में उन्होंने गुजरात में चल रही व्यसनमुक्ति और सेवा गतिविधियों की भी सराहना की। आध्यात्मिक संदर्भ में उन्होंने कहा, 卐ऐसा कोई अक्षर नहीं जिसका मंत्र में उपयोग न हुआ हो,卐 अर्थात सृष्टि के प्रत्येक अंश में दिव्यता विद्यमान है। उन्होंने निष्कर्ष में कहा कि भले ही धर्म के मार्ग अलग-अलग हों, लेकिन सबका अंतिम लक्ष्य एक ही है—'सनातन'। समाज और राष्ट्रहित में सभी को मिलकर आगे बढ़ना चाहिए।

इतिहास के अनुसार भगवान स्वामिनारायण ने स्वयं अपने हस्तों से कुल नौ मंदिरों की स्थापना की थी। इनमें पांचवें क्रम पर जेतलपुरधाम में उन्होंने रेवतीबलदेवजी और हरिकृष्ण महाराज की प्राणप्रतिष्ठा की थी। इसी ऐतिहासिक घटना के 200 वर्ष पूर्ण होने पर यह विराट आयोजन किया गया। महोत्सव को भव्य स्वरूप देने के लिए जेतलपुर में लगभग 500 विघा क्षेत्र में एक पूरा नगर बसाया गया है। 25 विघा क्षेत्र में विशाल धर्मशाला का निर्माण किया गया है, जबकि 50 विघा क्षेत्र में विभिन्न कार्यक्रमों के लिए 15 विशाल डोम तैयार किए गए हैं।

## नहीं चली आदित्य ठाकरे की शरद पवार ही जाएंगे राज्यसभा

### संजय राउत ने पोस्ट में लिखा- महाविकास अघाड़ी एक है और हम सभी साथ रहेंगे

मुंबई,। महाराष्ट्र में राज्यसभा चुनाव में विपक्ष को सिर्फ एक सीट मिल सकती है। इसके लिए वरिष्ठ नेता शरद पवार का नाम तय हुआ है। 85 साल के शरद पवार के नाम के ऐलान के लिए जो प्रेस कॉन्फ्रेंस हुई थी, उसमें उद्धव सेना का कोई नेता शामिल नहीं हुआ। इसे लेकर कयास लगने लगे तो शरद पवार की बेटी सुप्रिया सुले खुद सामने आईं और कहा कि उद्धव सेना की नाराजगी के सारे दावे गलत हैं। उन्होंने कहा कि इस संबंध में संजय राउत पहले ही आए थे और शरद पवार से मिलकर भरोसा दिया था कि यदि आप उम्मीदवार होते हैं तो हम आपके साथ होंगे।

इसके बाद संजय राउत ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में लिखा- कांग्रेस ने आखिर राज्यसभा में उम्मीदवार फाइनल कर लिया। महाविकास अघाड़ी एक है और हम सभी साथ रहेंगे। यह बात सही है कि संजय राउत लगातार कहते रहे हैं कि शरद पवार को राज्यसभा जाना चाहिए। हालांकि उनके सुर आदित्य ठाकरे से अलग रहे हैं, जो चाहते थे कि प्रियंका चतुर्वेदी को एक मौका और मिलना चाहिए। प्रियंका चतुर्वेदी का कार्यकाल समाप्त हो गया है और उन्हें फिर से मौका नहीं मिला है। वह राज्यसभा में अपने कार्यकाल के आखिरी दिन भावुक भी नजर आई थीं।

इस तरह पूरे प्रकरण को आदित्य ठाकरे और संजय राउत के बीच खींचतान के तौर पर देखा जा रहा है और इसके आधार पर लोग कह रहे हैं कि प्रियंका के नाम पर संजय राउत ने वीटो लगा दिया और इस तरह शरद पवार का रास्ता साफ हो गया। मामले की जानकारी रखने वालों का कहना है कि संजय राउत एक तरह से विजेता बनकर उभरे और उन्होंने उद्धव सेना का एजेंडा तय कर दिया। अब कहा जा रहा है कि उद्धव सेना के खाते में विधान परिषद की सीट आ सकती है। लेकिन पार्टी के एक वर्ग का मानना है कि सबसे बड़ा दल विपक्ष में उद्धव सेना ही है। फिर भी राज्यसभा की सीट एनसीपी-एसपी के खाते में जाना दुखद है।

राज्यसभा सीट के लिए तो कांग्रेस ने भी दावा किया था। इस संबंध में राहुल गांधी से भी बात की गई थी, लेकिन अंत में पार्टी शरद पवार के नाम पर ही सहमत हुई। अब देखना होगा कि एमएलसी सीट पर क्या होता है। अगले महीने ही उद्धव ठाकरे का एमएलसी का कार्यकाल खत्म होगा। ऐसे में नजरें इस बात पर टिकी हैं कि वह रिपीट होंगे या फिर किसी और नेता को उनके स्थान पर मौका दिया जा सकता है।

## हमारे साथ रहते नीतिश...तब आज ये दिन नहीं देखना पड़ता ~ तेजस्वी यादव

पटना । बिहार में जारी सियासी घटनाक्रम के बीच राष्ट्रीय जनता दल के प्रमुख और पूर्व डिप्टी सीएम तेजस्वी यादव ने कहा है कि यदि वे नीतिश कुमार के साथ होते, तब उन्हें आज की स्थिति का सामना नहीं करना पड़ता। बात दें कि बिहार की राजनीति में उस समय हलचल बढ़ गई जब नीतीश कुमार ने राज्यसभा जाने का फैसला कर अपना नामांकन भी दाखिल कर दिया।

पटना में तेजस्वी यादव ने कहा कि नीतीश के राज्यसभा जाने के फैसले से उन्हें सहानुभूति है। उन्होंने दावा किया कि इस फैसले के पीछे बीजेपी का दबाव रहा है। तेजस्वी यादव के अनुसार भाजपा लंबे समय से नीतीश कुमार पर दबाव बना रही थी और अंततः यह स्थिति आनी ही थी। तेजस्वी यादव ने कहा कि अगर वे नीतीश के साथ सरकार में होते, तब शायद उन्हें यह दिन नहीं देखना पड़ता और बिहार की राजनीति से इस तरह बाहर होने की नौबत नहीं आती। उन्होंने कहा कि चाचा नीतीश ने करीब 20 वर्षों तक बिहार की सेवा की है और इसके लिए वे उनके प्रति आभार व्यक्त करते हैं। राजद नेता तेजस्वी ने कहा कि उन्होंने पहले ही आशंका जाहिर की थी कि चुनाव के बाद भाजपा नीतीश कुमार को मुख्यमंत्री पद पर नहीं रहने देगी। तेजस्वी यादव के मुताबिक अब वही स्थिति सामने आती दिख रही है।

उन्होंने 2024 में हुए गठबंधन टूटने का भी जिक्र किया। तेजस्वी यादव ने कहा कि जब राजद और जेडीयू की सरकार थी, तब दोनों दलों ने मिलकर काम किया। उस दौरान वे दूसरी बार बिहार के उपमुख्यमंत्री बने थे। लेकिन 28 जनवरी 2024 को नीतीश कुमार ने गठबंधन छोड़ दिया। तेजस्वी का कहना है कि उस समय भी उन्होंने कहा था कि भाजपा जदयू को कमजोर करना चाहती है। इसके अलावा तेजस्वी यादव ने यह भी कहा कि भाजपा नहीं चाहती कि ओबीसी, दलित या आदिवासी समाज से आने वाला कोई नेता न्याय की बात करे। उनके अनुसार भाजपा ऐसे नेताओं को टिकने नहीं देना चाहती। वहीं, नीतीश कुमार के बेटे निशांत कुमार के राजनीति में आने की संभावना पर तेजस्वी ने कहा कि युवाओं को राजनीति में आना चाहिए और वे पहले से ही यह बात कहते रहे हैं। उधर, नीतीश कुमार ने राज्यसभा उम्मीदवार के रूप में अपना नामांकन दाखिल कर दिया है। इस मौके पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह सहित बिहार सरकार के कई मंत्री भी मौजूद रहे। इससे बिहार की राजनीति में नए समीकरण बनने की चर्चा तेज हो गई है।

## ईंधन की कमी और कीमतों में भारी वृद्धि के दावे झूठे...बीजेपी आईटी सेल के प्रमुख ने की अपील

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने आरोप लगाया है कि विपक्ष के कुछ धड़े पश्चिम एशिया में 'युद्ध जैसे हालात' के बीच ईंधन की कमी और कीमतों में भारी वृद्धि के दावों के जरिए दहशत फैलाने के अभियान में जुटे हैं। भाजपा ने लोगों से इस प्रकार के 'दुष्प्रचार' के प्रभाव में नहीं आने की अपील की है। बीजेपी ने दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार ने 'वैश्विक अस्थिरता' के बावजूद यह सुनिश्चित किया है कि भारत के लोगों को आपूर्ति में अचानक कमी और ईंधन की कीमत में बेतहाशा बढ़ोतरी का सामना नहीं करना पड़े। बीजेपी के सूचना प्रौद्योगिकी विभाग के प्रमुख अमित मालवीय ने पोस्ट में कहा, ''पश्चिम एशिया में युद्ध जैसी स्थिति के बीच विपक्ष के कुछ धड़े ईंधन की कमी और कीमतों में भारी वृद्धि को लेकर दहशत फैलाने के लिए गलत सूचना फैलाने का अभियान चला रहे हैं। इससे प्रभावित होने की कोई जरूरत नहीं है।' मालवीय ने कहा कि भारत ने पिछले एक दशक में एक 'लचीला, विविध और भविष्योन्मुखी' ऊर्जा सुरक्षा ढांचा तैयार किया है। उन्होंने कहा कि कच्चे तेल की जरूरत का 88 फीसदी हिस्सा आयात करने वाले भारत की अर्थव्यवस्था के लिए ऊर्जा सुरक्षा सबसे अहम है।

## सलीम अटैक मामला : जीशान और गुलफाम के एनकाउंटर पर छलका पिता का दर्द, बोले...फैसला कोर्ट करती तो अच्छा रहता

गाजियाबाद। गाजियाबाद के लोनी क्षेत्र में यूट्यूबर और टीवी पैनलिस्ट सलीम वास्तिक पर हुए जानलेवा हमले के मामले में पुलिस ने कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को अलग-अलग मुठभेड़ों में मार गिराया है। जानकारी अनुसार 1 मार्च को लोनी थाना क्षेत्र में हुई पुलिस मुठभेड़ में हमले के आरोपी छोटे भाई जीशान की मौत हो गई थी। इसके बाद 3 मार्च की रात हुई एक अन्य मुठभेड़ में बड़े भाई गुलफाम को भी पुलिस ने मार गिराया। पुलिस के मुताबिक दोनों भाई सलीम वास्तिक पर हुए हमले में शामिल थे और घटना के बाद से फरार चल रहे थे। गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने घेराबंदी की, जिसके दौरान दोनों अलग-अलग घटनाओं में मुठभेड़ के दौरान मारे गए। बुधवार को गुलफाम के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। सूचना मिलने पर मृतकों के पिता बुनियाद अली पोस्टमार्टम हाउस पहुंचे और शव सुपुर्दगी की प्रक्रिया पूरी की।

पद्मेश न्यूज़
शहर | समाज | गांव
12
बालाघाट एक्सप्रेस
/padmeshmedia /padmeshmedia
epaper.balaghatexpress.in
E-mail: balaghatexpress@gmail.com

# कलेक्टर से मिले आश्वासन के बाद अधिकारी, कर्मचारियों ने समाप्त की हड़ताल

## जिला पंचायत के सीईओं की कार्यप्रणाली के विरोध में अधिकारी, कर्मचारी गए थे अनिश्चितकालीन हड़ताल पर





**पद्मेश न्यूज। बालाघाट। पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारियों की हड़ताल समाप्त हो गई है। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ की कार्यप्रणाली से नाराज होकर कर्मचारियों ने 2 मार्च से जनपद पंचायत कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू की थी। 5 मार्च को कलेक्टर, संगठन के प्रतिनिधियों और सीईओ के बीच बैठक हुई, बैठक में संगठन के पदाधिकारियों ने कर्मचारियों की समस्याओं और सीईओ की कार्यप्रणाली से जुड़ी शिकायतों को विस्तार से रखा। जिस पर प्रशासन की ओर से सकारात्मक आश्वासन दिया गया और समस्याओं के समाधान की दिशा में कार्रवाई करने की बात कही गई। प्रशासन से मिले आश्वासन के बाद संगठन ने अपनी हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। इसके साथ ही पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी-कर्मचारी अब पुन: अपने कार्य पर लौट आए हैं।**

जिलेभर के पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अधिकारी और कर्मचारी जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक सराफ की कार्यप्रणाली से नाराज होकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए थे। कर्मचारियों का आरोप था कि उन्हें कार्यालयीन समय के बाद भी अनावश्यक रूप से कार्य कराया जाता है तथा विभिन्न योजनाओं की समीक्षा और सीएम हेल्पलाइन से जुड़ी शिकायतों को निराकृत कराने के लिए लगातार दबाव बनाया जाता है। सचिव संघ के पदाधिकारी जितेंद्र ने बताया कि कई बार वर्चुअल मीटिंग और समीक्षा बैठकें देर रात्रि तक आयोजित की जाती थीं, जिससे महिला अधिकारी-कर्मचारियों सहित जिलेभर के अधीनस्थ कर्मचारी परेशान थे। इसी मुद्दे को लेकर संगठन द्वारा पहले भी प्रशासन का ध्यान आकर्षित किया गया था। उन्होंने बताया कि संगठन की ओर से 27 फरवरी को अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया था, लेकिन जब उस पर कोई समाधान नहीं हुआ तो 2 मार्च से जिले के सभी जनपद पंचायतों के मुख्य कार्यपालन अधिकारियों, अधिकारी-कर्मचारियों, पंचायत सचिव तथा रोजगार सहायकों ने जिला मुख्यालय के जनपद पंचायत कार्यालयों के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल शुरू कर दी थी। कर्मचारियों की प्रमुख मांग जिला पंचायत सीईओ को हटाए जाने को लेकर थी। इस बीच 5 मार्च को कलेक्टर मृणाल मीना की पहल पर संगठन के प्रतिनिधिमंडल, जिला पंचायत सीईओ अभिषेक सराफ और प्रशासनिक अधिकारियों के बीच बैठक आयोजित की गई। बैठक में कर्मचारियों की प्रमुख मांगों, वीसी के समय, कार्यों की प्रगति तथा सीएम हेल्पलाइन से जुड़े दबाव जैसे मुद्दों पर विस्तार से चर्चा की गई। चर्चा के दौरान यह सहमति बनी कि वर्चुअल मीटिंग केवल अत्यंत आवश्यक होने पर ही आयोजित की जाएगी तथा विभागीय कार्यों और समस्याओं को आपसी समन्वय के साथ हल किया जाएगा। संगठन की 10 सूत्रीय मांगों पर सकारात्मक चर्चा और समाधान के आश्वासन के बाद कर्मचारियों ने अपनी अनिश्चितकालीन हड़ताल समाप्त करने का निर्णय लिया। कलेक्टर मृणाल मीना ने धरना प्रदर्शन कर रहे कर्मचारियों के प्रतिनिधियों से चर्चा कर उनकी समस्याएं सुनीं। चर्चा के बाद कर्मचारियों ने धरना समाप्त कर पुन: अपने-अपने कार्यस्थलों पर उपस्थित होने का निर्णय लिया। संगठन के पदाधिकारी जितेंद्र ने बताया कि बैठक में यह भी स्पष्ट किया गया कि हड़ताल को लेकर किसी भी अधिकारी , कर्मचारी के मन में किसी के प्रति व्यक्तिगत दुर्भावना नहीं रखी जाएगी और सभी मिलकर समानता व समन्वय के साथ कार्य करेंगे। अधिकारियों और कर्मचारियों ने भी आश्वासन दिया कि आवश्यकता पड़ने पर वे रात्रि में भी अपनी सेवाएं देने को तैयार रहेंगे, लेकिन अनावश्यक रूप से प्रतिदिन देर रात तक बैठकों में शामिल होना संभव नहीं होगा।

## न्यूज गैलरी

### मंझारा टोला में दो युवकों ने की मारपीट-एक युवक घायल

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** भरवेली थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम मंझारा टोला में दो लोगों ने एक युवक को मारपीट कर घायल कर दिए। घायल युवक दुर्गेश पिता गणेश मसराम 25 वर्ष को डायल 112 से जिला अस्पताल लाकर भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार दुर्गेश मसराम भरवेली माइंस में ठेकेदारी में काम करता है। 3 मार्च की रात 12 बजे करीब दुर्गेश मसराम भरवेली माइंस से ड्यूटी करके अपने घर पहुंचा थाऔर रात्रि 2:00 बजे करीब वह सोने की तैयारी कर रहा था। उसी समय पड़ोसी अभय राज नगपुरे घर के सामने हल्ला करते हुए गालियां देने लगा। दुर्गेश मरकाम ने उसे हल्ला करने से मना किया। इसी दौरान समीर नगपुरे भी पहुंच चुका था और वह अभय राज के साथ मिलकर दुर्गेश मसराम के साथ विवाद करने लगे। इसी दौरान दुर्गेश मसराम को दोनों ने मारपीट कर दिये और पत्थर से मार कर उसका सर फोड़ दिए ।सूचना मिलती ही डायल 112 मौके पर पहुंची और घायल युवक दुर्गेश मसराम को जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किये है। जिला अस्पताल पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए दुर्गेश मसराम का बयान लिए और अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित पुलिस थाना भरवेली भिजवा दी है।

### चिखला में मारपीट, एक युवक घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। हट्टा थाना क्षेत्र में आने वाले ग्राम चिखला में एक व्यक्ति को मारपीट कर घायल कर दिया गया। यह घटना 3 मार्च होली की रात्रि में हुई। मारपीट में घायल युवक अशोक पिता सोखेलाल मोहारे 35 वर्ष को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार अशोक खेती किसानी करते हैं। 3 मार्च की रात्रि में अशोक अपने गांव के चौक तरफ घूमने गए थे और चौक में गांव के लोगों से बातचीत कर रहा था। तभी लाल सिंह उइके आया और बिना किसी वजह के वह अशोक के साथ बहस करने लगा। इसी को लेकर के दोनों के बीच विवाद हो गया और लाल सिंह ने आवेश में आकर अशोक को अश्लील गालियां देते हुए हाथभूसे और डंडे से मारपीट कर दिया। बीच बचाव के बाद घायल अशोक को डायल 112 से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किया गया।

# सड़क हादसे में सैलून संचालक की मौत, शादी की पहली सालगिरह से पहले उजड़ा सुहाग

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** होली की धुरेड़ी के दिन एक दर्दनाक सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन लीं। शादी की पहली सालगिरह से पहले ही पत्नी ने अपने पति को हमेशा के लिए खो दिया। तेज रफ्तार कार की टक्कर से सैलून संचालक की मौत हो गई। जबकि उसका दोस्त गंभीर रूप से घायल है। मृतक अंकित पिता काशीराम बंदेवार34 वर्ष चमनटोला लामता निवासी है। और इस व्यक्ति के दोस्त तिलेंद्र खैर 36 वर्ष का इलाज अस्पताल में उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार 4 मार्च की देर शाम अंकित बंदेवार अपने दोस्त तिलीन्द्र खरे के साथ रंगोपाट मंदिर गये थे और पूजा करके दोनो मोटरसाइकिल से घर लौट रहे थे। इसी दौरान लामता से परसवाड़ा रोड़ पर स्थित सलंगटोला के पास एक तेज रफ्तार कार ने उनकी मोटरसाइकिल को जोरदार टक्कर मार दी।हादसे में दोनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। खबर मिलते ही परिजन तत्काल मौके पर पहुंचे और उन्हें निजी वाहन से लामता अस्पताल लाकर भर्ती किये। जहां प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को जिला अस्पताल बालाघाट रेफर कर दिया गया था। अंकित की हालत ज्यादा गंभीर होने के कारण परिजन उसे शहर के एक निजी अस्पताल में बेहतर इलाज के लिए लेकर गए।लेकिन उपचार के दौरान उसने दम तोड़ दिया। घायल उसके दोस्त तिलेन्द्र खरे का उपचार अस्पताल में किया जा रहा है जिला अस्पताल पुलिस ने 5 मार्च को अंकित बंदेवार का शव पोस्टमार्टम करवा कर उसके परिजनों को सौंप दिये है। और धारा 194 भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता के तहत मर्ग कायम कर मर्ग डायरी अग्रिम कार्रवाई हेतु घटना स्थल से संबंधित लामता भिजवा दीबताया जा रहा है कि अंकित की शादी को अभी एक साल भी पूरा नहीं हुआ था और उसकी पहली सालगिरह आने वाली थी। लेकिन उससे पहले ही इस दर्दनाक हादसे ने उसकी जिंदगी छीन ली। अंकित लामता के चमनटोला में सैलून की दुकान संचालित करता था और अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। जिसके परिवार में एक बड़ा भाई माता-पिता और दो बहने हैं। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाह ड्राइविंग के खतरों की याद दिलाता है। जिसने एक हंसते-खेलते परिवार की खुशियां पलभर में छीन लीं।



# एक युवक का अपहरण कर की मारपीट

**पद्मेश न्यूज। बालाघाट।** नगर में एक युवक का अपहरण कर उसके साथ मारपीट करने की घटना सामने आई। युवकों के द्वारा की गई मारपीट में घायल युवक आयुष पिता सरससिह ठाकुर 17 वर्ष वार्ड नंबर 13 गंगानगर बूढी बालाघाट निवासी है ।जिसका इलाज जिला अस्पताल बालाघाट में किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार आयुष ठाकुर ने कक्षा नवी तक की पढ़ाई की है। वह केन की गाड़ी चलाता है। 4 मार्च को 1 बजे आयुष सिंधी मोहल्ला से पैदल बस स्टैंड पहुंचा। बस स्टैंड में उसे तीन चार लड़के मिले, इन लड़कों ने आयुष को रोके और गालियां देने के साथ ही उसे मारपीट करने लगे। आयुष वहा से भाग कर मस्जिद के पास पहुंचा। तभी इन लड़कों ने उसे पकड़े और ऑटो में लिटाकर उसे डेंजर रोड ले गए और डेंजर रोड में उसके साथ मारपीट किया और सुला कर फरार हो गए थे। इसके बाद दो लड़कों ने आयुष को उठाकर जय स्तंभ चौक लेकर आए और उसके मोबाइल से फोन कर उसकी मम्मी को बुलाए। आयुष की मम्मी पहुंची और उसे जिला अस्पताल लाकर भर्ती की। जिला अस्पताल पुलिस ने आयुष ठाकुर का बयान लेकर अस्पताल तहरीर अग्रिम कार्रवाई हेतु कोतवाली बालाघाट भिजवा दी है।

पैसा ठीक होने के बाद देना
शादी से पहले एवं शादी के बाद
उम्र की अधिकता से कमजोर सेक्स, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, लिंग का छोटापन, टेडापन, नि:संतान, शुक्राणुओं की कमी, शुगर से आयी कमजोरी आदि सभी सेक्स समस्याओं का शर्तिया ईलाज किया जाता है।
पता-जगजीवन आयुर्वेदिक दवाखाना
गुरूनानक पेट्रोल पंप के सामने समाजवाड़ी रोड, बालाघाट, मो. 9243880464

### गोंदिया रोड पर सड़क दुर्घटना में एक महिला घायल

पद्मेश न्यूज। बालाघाट। गोंदिया रोड ग्राम खुरसोडी के पास सड़क दुर्घटना में एक महिला घायल हो गई। अज्ञात वाहन की ठोकर घायल महिला धनवंता बाई पति अर्जुन मांदरे60 वर्ष ग्राम सिहोरा थाना ग्रामीण नवेगांव निवासी को जिला अस्पताल में भर्ती किया गया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार धनवंता बाई के परिवार के लोग खेती किसानी करते हैं। धनवंता बाई का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था। 3 मार्च की शाम धनवंता बाई घर से निकली थी। किंतु वह वापस नहीं आई। रात्रि में धनवंता बाई गोंदिया रोड ग्राम खुरसोडी तरफ पहुंची। तभी कोई अज्ञात वाहन उसे ठोस मारकर फरार हो गया। धनवंता बाई घायल हालत में रोड पर पड़ी हुई थी। जिसे 108 एंबुलेंस से जिला अस्पताल बालाघाट लाकर भर्ती किए। खबर मिलते ही उसको उसके दोनों बेटे राजू मांदरे और अभिमन्यु मांदरे जिला अस्पताल पहुंचे। जिला अस्पताल में उनकी धनवंता बाई घायल हालत में भर्ती थी। जिला अस्पताल पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई करते हुए राजू मांदरे का बयान लेकर अस्पताल तहरीर आगे की कार्रवाई के लिए घटनास्थल से संबंधित पुलिस थाना ग्रामीण भिजवा दी है।










स्वत्वाधिकारी, मुद्रक एवं प्रकाशक उमेश बागरेचा द्वारा पद्मेश पब्लिकेशन, वार्ड नं.9, गुजरी चौक, बालाघाट (म.प्र.) से मुद्रित कराकर दैनिक बालाघाट एक्सप्रेस कार्यालय, काली पुतली चौक, बालाघाट(म.प्र.) से प्रकाशित,
**प्रधान संपादक : उमेश बागरेचा**, मो.नं. :**9425138710**, , ई-मेल- balaghatexpress@gmail.com पंजीयन क्रं. MPHIN/2009/32311, न्यायालयीन क्षेत्राधिकार बालाघाट